आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

डिप्टी सीएम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप: वार्ड के चादर से...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 17 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 154 | www.janexpresslive.com/epaper

धोखे से धर्म परिवर्तन पर सख्ती... 12

# कतर से भारत पहुंचा गैस से भरा जहाज 'शिवालिक'

● मिडिल-ईस्ट में जंग के बीच भारत की बड़ी जीत, कतर से 32 लाख सिलेंडर वाली गैस लेकर मुंद्रा पहुंचा ● शिवालिक शिप पर 32.4 लाख घरेलू सिलेंडर जितनी गैस, आज नंदा देवी और जग लाडकी शिप पहुंचेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक नंदा देवी नाम का जहाज भी करीब 46 हजार टन एलपीजी लेकर भारत आ रहा है और उसके कल पहुंचने की संभावना है। वहीं जग लाडकी जहाज करीब 81 हजार टन मुरबान कच्चा तेल लेकर भारत की ओर आ रहा है और इसके भी आज मुंद्रा बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है।



### ईंधन आपूर्ति की ताजा स्थिति

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है।
- देश की सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर संचालित हो रही हैं।
- पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।
- परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और घरों में उपयोग होने वाली पीएनजी की आपूर्ति उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है।

### 90 भारतीय नागरिक ईरान से जमीन के रास्ते अजरबैजान पहुंचे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमारे करीब 90 नागरिक ईरान से जमीन के रास्ते अजरबैजान पहुंचे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने मदद की। दूतावास ने उन्हें वीजा दिलाने और जरूरी इमिग्रेशन औपचारिकताएं पूरी कराने में सहयोग किया।' उन्होंने कहा, 'जिन 550 लोगों के ईरान से आर्मेनिया पहुंचने की बात मैंने पहले बताई थी, उनमें 284 लोग ऐसे हैं जो ईरान तीर्थ यात्रा पर गए थे। ये लोग फिलहाल इन दोनों देशों में हैं। इनमें से कुछ भारत लौट चुके हैं और बाकी लोग अगले कुछ दिनों में लौट आएंगे।' रणधीर जायसवाल ने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सभी कठिन हालात के बावजूद पूरी तरह काम कर रहा है। पिछले कुछ दिनों में दूतावास ने तेहरान के बाहर मौजूद भारतीय छात्रों को भी ज्यादा सुरक्षित शहरों में पहुंचाने में मदद की है।

### जर्मनी-ग्रीस बोले- होर्मुज ऑपरेशन में सेना नहीं भेजेंगे

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच जर्मनी और ग्रीस ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान में हिस्सा नहीं लेंगे। जर्मन सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान से जुड़ा यह युद्ध नाटो रक्षा गठबंधन का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक यह युद्ध जारी रहेगा, जर्मनी न तो इस संघर्ष में शामिल होगा और न ही सैन्य बल के जरिए होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने के किसी प्रयास में भाग लेगा। वहीं ग्रीस के सरकारी प्रवक्ता पावलोस मारिनाकिस ने भी कहा कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट में किसी सैन्य कार्रवाई में शामिल नहीं होगा।

### इजराइल बोला, पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का प्लेन तबाह किया

इजराइली वायुसेना ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक कर एक विमान को तबाह कर दिया। इस प्लेन का इस्तेमाल ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई, सीनियर अधिकारी और सेना के कुछ सदस्य करते थे। इजराइली एयर फोर्स का कहना है कि इस विमान का उपयोग सैन्य खरीद से जुड़े कामों और सहयोगी देशों के साथ संबंधों के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में किया जाता था। इजराइल के अनुसार इस विमान के नष्ट होने से ईरान के नेतृत्व और उसके सहयोगी देशों के बीच सैन्य तालमेल और रणनीतिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा।

### होर्मुज क्यों बना वैश्विक चिंता का कारण?

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इस्राइल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है।

### ब्रिटेन बोला- मिडिल ईस्ट के युद्ध में शामिल नहीं होंगे

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा है कि उनका देश मिडिल ईस्ट के व्यापक युद्ध में शामिल नहीं होगा। स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन की प्राथमिकता क्षेत्र में मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, साथ ही जरूरत पड़ने पर अपने और अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए कदम उठाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन खुद को किसी बड़े संघर्ष में नहीं घसीटने देगा और क्षेत्र में सुरक्षा व स्थिरता बहाल करने के लिए जल्द समाधान की दिशा में काम करता रहेगा।

### ईरान बोला, दुश्मनों के लिए होर्मुज स्ट्रेट बंद

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान के दुश्मनों के लिए बंद है। अराघची ने कहा कि युद्ध के 15 दिन बाद भी ईरान के विरोधी देश अब अन्य देशों से इस स्ट्रेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मदद मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वे उन देशों से मदद मांग रहे हैं जिन्हें कल तक अपना दुश्मन कहते थे, ताकि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे।' अराघची के मुताबिक ईरान के नजरिए से यह स्ट्रेट खुला है, लेकिन उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है जिन्होंने ईरान के खिलाफ हमला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इजराइल के हमलों ने ऐसी जंग शुरू की, जिसमें दुश्मन ने पहले ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की थी।

### जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा

भारतीय एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है।

## सरकारी शिक्षक-कर्मचारियों को सरकार ने दिया तोहफा, ग्रेच्युटी राशि 20 से बढ़ाकर हुई 25 लाख

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सरकार ने प्रदेश के 4500 से अधिक अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों के सवा लाख से अधिक शिक्षकों व कर्मचारियों को बढ़ा तोहफा दिया है। उनकी ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में यह व्यवस्था पिछले साल से लागू है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार एडेड विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 फीसदी हो जाने पर ग्रेच्युटी की राशि 20 से बढ़ाकर अधिकतम 25 लाख किए जाने का निर्णय लिया गया है। विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इसके लिए वित्त विभाग से सहमति मिल गई है। बता दें कि पिछले साल ही प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों-कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसके बाद से एडेड माध्यमिक विद्यालयों की ओर से इसके लिए मांग की जा रही थी। इस क्रम में यह निर्णय लिया गया है। वहीं सेवा के दौरान विकल्प देने पर व सेवा के दौरान निधन होने वाले शिक्षकों-कर्मचारियों के परिजनों को ग्रेच्युटी नियमानुसार देने की व्यवस्था है।

### एनपीएस की धनराशि न जमा होने पर जताई नाराजगी

प्रदेश के सहायता प्राप्त गैर सरकारी माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के एनपीएस खाते में धनराशि जमा न करने पर नाराजगी जताई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने सोमवार को इस मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के जीपीएफ खाते में ब्याज सहित जमा करने का स्पष्ट आदेश है। इसके बाद भी अभी तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लचर कार्य प्रणाली के चलते जमा नहीं किया गया है।

## बीडीएस डिग्री धारक हारिश अली निकला संदिग्ध आतंकी, एटीएस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- एटीएस के मुताबिक, हारिश अली आईएस के ऑनलाइन हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था और युवाओं की 'ब्रेनवॉशिंग' कर रहा था

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी संगठन आईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सहारनपुर निवासी हारिश अली के रूप में हुई है, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीडीएस की पढ़ाई पूरी की थी। एटीएस की जांच के अनुसार, हारिश अली कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने और नए लोगों को संगठन में भर्ती करने के लिए सक्रिय था। 'अल इत्तिहाद मीडिया फाउंडेशन' नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया था। इस फाउंडेशन के जरिए वह भड़काऊ सामग्री प्रसारित कर युवाओं को गुमराह करने और उन्हें आतंकी गतिविधियों से जोड़ने का काम कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, हारिश अली आईएस के ऑनलाइन हैंडलर्स के सीधे संपर्क में था और युवाओं की 'ब्रेनवॉशिंग' कर रहा था। फिलहाल, जांच एजेंसियां उसके नेटवर्क और भविष्य की संभावित साजिशों का पता लगाने के लिए उससे सघन पूछताछ कर रही हैं।

## दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 23 मार्च से, 24 को सीएम रेखा गुप्ता करेंगी पेश, 25 को होगी चर्चा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 23 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। तीन दिवसीय इस सत्र में सरकार अपनी आर्थिक स्थिति, विकास योजनाओं और आगामी वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं को सदन के सामने रखेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, 23 मार्च को सत्र के पहले दिन सदन के पटल पर दिल्ली का 'आर्थिक सर्वेक्षण' (इकोनॉमिक सर्वे) पेश किया जाएगा। इस रिपोर्ट में पिछले एक वर्ष के दौरान राजधानी की आर्थिक स्थिति, राजस्व प्राप्ति, व्यय, विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और प्रमुख योजनाओं की प्रगति का विस्तृत विवरण दिया जाएगा। आर्थिक सर्वेक्षण को आगामी बजट की रूपरेखा समझने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है। वहीं, 24 मार्च को दिल्ली सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपना वार्षिक बजट पेश करेगी। गत वर्ष की भांति इस बार भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ही बजट प्रस्तुत करेंगी। दरअसल वित्त विभाग उनके पास है। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, स्वच्छता और शहरी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं पर विशेष जोर रहने की संभावना है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से संबंधित नई घोषणाएं भी किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। सत्र के तीसरे दिन 25 मार्च को बजट पर चर्चा कराई जाएगी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक विचार रखेंगे। चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दिया जाएगा और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करके बजट पास किया जाएगा। बजट सत्र को लेकर राजनीतिक हलकों में भी काफी सक्रियता देखी जा रही है।

## चुनाव कार्यक्रम पर प्रियंका गांधी ने उठाए सवाल कहा, क्या बीजेपी की सुविधा देखकर तय हुई मतदान की तारीख?

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों के एलान के बाद सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मतदान की तारीखें और चरणों का ढांचा ऐसा लगता है जैसे सत्तारूढ़ भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया हो। उनके इस बयान के बाद चुनाव कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, तमिलनाडु, पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया था। इसके तहत असम, केरल और पुदुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे। वहां 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा। सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

### भाजपा की सुविधा के अनुसार तय हुआ?

प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव की तारीखों और चरणों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह चुनाव की तारीखें तय की गई हैं और जिस तरीके से चरण बनाए गए हैं, उससे ऐसा लगता है कि यह सब भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में उतरेगी।



### केरल चुनाव को लेकर कांग्रेस क्यों है हैरान?

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी चुनाव कार्यक्रम पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि केरल में चुनाव की तारीख उम्मीद से काफी पहले घोषित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद थी कि अप्रैल के आखिरी दस दिनों में मतदान होगा, लेकिन 9 अप्रैल की तारीख ने सभी को चौंका दिया है। उनके अनुसार अब चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है और यह कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### क्या नए उम्मीदवारों के लिए समय की कमी बड़ी चुनौती है?

शशि थरूर ने कहा कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा यानी एलडीएफ ने कई मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने कई नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। ऐसे में नए उम्मीदवारों को मतदाताओं के बीच अपनी पहचान बनाने के लिए ज्यादा समय चाहिए था। लेकिन कम समय होने के कारण यह कांग्रेस के लिए कठिन चुनौती बन गया है।

### क्या त्योहारों के कारण प्रचार का समय और कम हो जाएगा?

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि चुनाव प्रचार के लिए समय बहुत कम मिला है। उन्होंने कहा कि इस दौरान 'होली वीक' और केरल का प्रमुख त्योहार विशु भी पड़ रहा है। ऐसे में प्रचार के लिए वास्तविक दिनों की संख्या और कम हो जाएगी। हालांकि उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार है और पार्टी मजबूती के साथ मुकाबला करेगी।

### जालोर (राजस्थान) में रत्नेश्वर महादेव मंदिर के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

# बच्चों को रोने और नाराज होने दें, लेकिन स्मार्टफोन कतई न दें: योगी

**जन एक्सप्रेस। जालोर**

- योगी ने युवा पीढ़ी को दी सीख- विफलता मिली है तो कारण ढूंढ़कर उसे सफलता में बदलें, परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिए
- स्मार्टफोन डिप्रेशन की बीमारी पैदा करने वाला है, छोटी-छोटी बातों के कारण बढ़ी आत्महत्याओं की प्रवृत्ति: सीएम योगी
- जब 145 करोड़ जनशक्ति का भारत बोलता है तो 500 वर्ष की विकट समस्या का भी समाधान होता है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि छोटी आयु के बच्चों को रोने-नाराज होने दें, कुछ देर में वे ठीक हो जाएंगे, लेकिन स्मार्टफोन कतई न दें। स्मार्ट फोन का अधिकाधिक प्रयोग समय की हानि के साथ आंखों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह सोचने की सामर्थ्य को कम और बुद्धि को कुंठित कर रहा है। लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। स्मार्टफोन के तमाम गेम नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। बच्चा जितना समय स्मार्टफोन पर खर्च कर रहा है, उतना समय यदि अच्छी पुस्तकों, योग, व्यायाम पर लगाएगा तो जीवन सुंदर-व्यवस्थित होगा। स्मार्टफोन का लगातार प्रयोग नशे जैसा ही खतरनाक है। राजस्थान दौरे के दूसरे दिन सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जालोर के श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा में शामिल हुए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने युवा पीढ़ी को सीख दी कि जितना आवश्यक है, उतना ही स्मार्टफोन प्रयोग कीजिए। परिवार के लिए समय निकालिए, बातचीत कीजिए। भोजन, पूजा के समय फोन न उठाइए, बाद में कॉलबैक कीजिए। स्मार्टफोन एक समय बाद डिप्रेशन की बीमारी पैदा करने वाला है। छोटी-छोटी बातों के कारण आत्महत्याओं की प्रवृत्ति बढ़ी है। कभी विफलता मिली है तो कारण ढूंढ़कर उसे सफलता में बदलना ही जीवन है। विफलता से घबराना नहीं, बल्कि चुनौतियों का मुकाबला करना है। कोई भाग्य नहीं ले सकता, सब कुछ ईश्वरीय कृपा से ही मिलता है। लोभ-लालच से मुक्त रहकर देश, समाज के लिए सोचिए। सीएम योगी ने कहा कि ऋषि-मुनि जहां साधना करते थे, उस पूरे क्षेत्र का प्रभाव इतना आध्यात्मिक होता था कि शेर और गाय एक ही घाट पर पानी पीते थे। सीएम ने शिव परिवार का जिक्र किया। कहा कि मां पार्वती दुर्गा की प्रतीक हैं, उनकी सवारी शेर और भोलेनाथ की सवारी बैल है। गणपति की सवारी चूहा, भोलेनाथ के गले में नाग और कार्तिकेय की सवारी मोर है, फिर भी सब साथ मिलकर जीवन चक्र को संचालित कर रहे हैं। जहां विरोध को भी अपने में समाहित करने का सामर्थ्य हो और समतामूलक समाज को एकता के सूत्र में आगे बढ़ाने की ताकत हो, वही भारत है। भारत ने दुनिया को जीने की कला सिखाई। ऋषि-मुनियों की साधना, वीर-वीरांगनाओं के बलिदान, अन्नदाता किसानों के परिश्रम, कारीगरों की उद्यमिता, हस्तशिल्पियों के कार्य व श्रमिकों के पसीने से भारत का निर्माण हुआ है। समाज का हर तबका जुड़कर योगदान देता है तो देश 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनता है।



### मनुष्य हड़पने की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में 200 से अधिक देश हैं, लेकिन भारत जैसा कोई नहीं। भारत दुनिया में अलग क्यों है, इसके लिए त्योहारों, परंपराओं, ऋषियों-मुनियों, विद्वानों, सैनिकों, किसानों, नौजवानों, बहन-बेटियों तथा माताओं के योगदान की विशिष्टता को समझना होगा। सीएम ने सिरे मंदिर के आसपास बंदरों के चौराहे का जिक्र करते हुए कहा कि कल जब हम लोग यहां रुके तो ढेर बंदर आ गए। हमने एक बंदर को रोटी दी तो वह खाने लगा, लेकिन जब तक उसने पहली रोटी खा नहीं ली, तब तक दूसरी रोटी नहीं ली। मनुष्यों को यह शालीनता सीखनी चाहिए। मनुष्य हड़पने व संचय की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखे। लोभ संवरण साधना है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना परम साधना है।

### नशे के सौदागरों को परिवार, समाज, नगर, कस्बे, गांव में घुसने न देना

सीएम ने कहा कि देश के दुश्मन और नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को नशे के आगोश में ले जाना चाहते हैं। नशे के कारोबारियों को सफल नहीं होने देना है। किसी देश के भविष्य को देखना है तो युवा पीढ़ी को देखें। यह सही दिशा में है तो देश नई ऊंचाई तक पहुंचता है। सीएम ने अपील की कि नशे के सौदागरों को परिवार, समाज, नगर, कस्बे या गांव, कहीं नहीं घुसने देना है।

### धर्म जोड़ता है और जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है

सीएम योगी ने मत्स्यनाथ पीठ, फतेहपुर में बाबा अमृतनाथ पीठ आदि का जिक्र किया और कहा कि मंच पर बैठे सभी योगेश्वर गुरु परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इन पीठों के द्वारा समाज व समिष्टि के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। भक्ति, साधना व सामर्थ्य के माध्यम से लोककल्याण का बड़ा अभियान चल रहा है। हम भी इस परंपरा को बढ़ाने में अपनी ओर से प्रयास प्रारंभ करें। भारत छोड़कर किसी भी देश में ऋषि-मुनियों की परंपरा से जुड़ने का अवसर नहीं मिलेगा। हमारे पास लंबी विरासत-परंपरा है। सनातन धर्मावलंबी आश्रम व संतों-योगेश्वरों के साथ संवाद-संबंध जोड़कर परंपरा से रच-बस जाता है। उसे यहां परिवार, अपनत्व, अभिभावक का भाव दिखता है। ईश्वर के अवतार की भूमि भी सिर्फ भारत ही बनती है।

### वीरों-वीरांगनाओं के बलिदान से बना है यह देश

सीएम ने वीरमदेव, कीर्ति चौहान आदि वीरों को याद करते हुए कहा कि यह देश वीरों व वीरांगनाओं के बलिदान से बना है। चित्तौड़गढ़ में रानी पद्मिनी ने हजारों वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था। जालोर में भी अलाउद्दीन खिलजी और उसके बाद भी यह परंपरा देखने को मिली। सीएम ने सिरे मंदिर की बारीक कारीगरी, दुर्लभ कला, शिलालेखों का जिक्र करते हुए महाराजा मान सिंह के योगदान की भी चर्चा की।

### पहले की सरकारों ने बांटा, मोदी जी ने देश को जोड़ा

सीएम योगी ने कहा कि भारतवासी समृद्ध विरासत के वारिस हैं, इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी होनी चाहिए। दुनिया में सर्वाधिक कामकाजी (56-60 फीसदी) लोग भारत में हैं, जो परिश्रम, पुरुषार्थ करते हैं। इनकी ताकत ही भारत की ताकत है। भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर हुआ है। नेतृत्व पर निर्भर करता है कि ताकत का इस्तेमाल किस रूप में करता है। पहले की सरकारों ने बांटने पर विश्वास किया था तो हम जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटे थे। कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या, भाषाई विवाद, जातीय संघर्ष, अराजकता का तांडव था। शासन की सुविधाओं का लाभ गरीबों, दलितों, वंचितों, अतिपिछड़ों को नहीं मिलता था।

### 'पिछली सरकारें आस्था को अंधविश्वास मानती थीं,

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारें आस्था को अंधविश्वास मानती थीं, लेकिन मोदी जी ने कहा कि सनातन धर्म की आस्था भारत की आस्था है। आस्था के बिना कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता। इसके लिए उन्होंने कार्य भी प्रारंभ किया। राम मंदिर का निर्माण 1947, 1948, 19 49 या 19 50 में भी हो सकता था, लेकिन नहीं हुआ। हम अभिवादन में राम-राम कहते हैं, लेकिन पिछली सरकारें कहती थीं कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। जिसने राम को नकारा, उन्हें प्रभु ने भी ठुकरा दिया। अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया। जब 145 करोड़ जनशक्ति का भारत बोलता है तो 500 वर्ष की विकट समस्या का भी समाधान होता है। जब एकजुट होकर सोचेंगे, बोलेंगे और सामूहिक प्रयास करेंगे तो राम मंदिर जैसी सफलता प्राप्त होगी। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। मथुरा-वृंदावन में भी ऐसी व्यवस्था चल रही है। बस करने की इच्छाशक्ति और मन में भाव होना चाहिए।

# संयुक्त टीम ने होटलों से बरामद किये घरेलु सिलेण्डर, नियमानुसार होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद में आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी,कालाबाजारी तथा कृत्रिम कमी को रोकने एवं उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं/पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज सयुक्त टीम द्वारा शहर स्थित विभिन्न होटल,रेस्टोरेन्ट एव गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण/जाच की गयी।जांच के दौरान निम्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया
साई दरबार रेस्टोरेन्ट मे मौके पर कुल 12 गैस सिलेण्डर पाए गए, जिनमे से 03 सिलेण्डर कामर्शियल तथा 09 सिलेण्डर घरेलू श्रेणी के पाए गए।रेस्टोरेन्ट में घरेलू गैस सिलेण्डरों के उपयोग पाए जाने के कारण रेस्टोरेन्ट संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।सारंग होटल,कृष्णा स्वीट्स,सिग्नेचर व राजदरबार रेस्टोरेन्ट में मौके पर जांच की गयी।जांच के दौरान उपयोग में लाए जा रहे सभी गैस सिलेण्डर कामर्शियल श्रेणी के पाए गए। परिसर में किसी भी प्रकार का घरेलू गैस सिलेण्डर नहीं पाया गया। संकल्प गैस एजेन्सी व आराधना इण्डेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया गया कि गैस वितरण त्वरित व पारदर्शी तरीके से सुनिश्चत कराये।आराधना इण्डेन गैस एजेन्सी में मौके पर उपस्थित जनता के द्वारा समय पर गैर न पाये जानें की शिकायत पायी गयी।यह भी अवगत कराया गया कि टोकन किसी और का जनरेट हुआ है।और उस गैस की डिलीवरी किसी और को की गयी है।जिसकी पृथक से जाँच की जा रही है।ऑनलाइन रिपोर्ट व भौतिक रिपोर्ट में भिन्नता पायी गयी।पायी गयी अनियमितताओं के सम्बन्ध में एजेंसी संचालक के विरूद्र नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा जनपद में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर सत्तत निगरानी रखी जा रही है।वर्तमान में जनपद में आवश्यक वस्तुओं/ पेट्रोलियम उत्पादों/रसोई गैस की किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जनसामान्य से अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।तथा यदि कही जमाखोरी,कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस के अवैध उपयोग की जानकारी प्राप्त हो तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराए, ताकि संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# दुर्घटना बाहुल्य स्थानों में साइनबोर्ड एवं सीसीटीवी कैमरें प्रमुख चौराहों में लगायें: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उन्होंने शासन द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यों हेतु तीन लाख की धनराशि से चिन्हित किये गये दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर साइनबोर्ड एवं सीसीटीवी कैमरे चारों चौराहों पर लगाये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने दुर्घटना बाहुल्य स्थल महोखर,तिन्दवारी, मुंगुस,ग्राम माटा एवं बेंदाघाट पर साइनेज लगाये जाने तथा रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 15 वर्षों से अधिक समय की बसों का संचालन स्कूलों में नही किये जाने तथा स्कूली वाहनों का फिटनेस कराये जाने के निर्देश सम्भागीय परिवहन अधिकारी को दिये। इसी के साथ उन्होंने स्कूली प्राइवेट वाहन तथा ई-रिक्शा के संचालन पर ओवरलोड बच्चों को न ले जाने के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने हिट एण्ड रन के प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही किये जाने तथा मृतक तथा घायल वारिसानों को ओरियेन्टल इंडिया कॉर्पोरेशन से सहायता धनराशि दिलाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने मार्गों एवं सड़कों पर ट्रक न खडे किये जाने तथा ट्रक एवं बडे वाहनों को होल्डिंग एरिया/ढाबों में खडे किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये।परिवहन विभाग द्वारा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के लिए पुलिस विभाग से बिना सीटबेल्ट व हेलमेट की सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये।जिसके अन्तर्गत बताया गया कि 3730बिना हेल्मेट व 382 बिना सीटबेल्ट के चालान गत माह में किये गये हैं।उन्होंने ओवर लोड वाहनों के विरूद्ध कडी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिसमें बताया गया कि 134 ओवरलोड वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 71.21 लाख रूपये प्रसमन शुल्क वसूल किया गया है। विद्यालयों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने तथा जनता इण्टर कॉलेज अतरहट में सडक सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।उन्होंने महाराणा प्रताप चौराहे एवं श्रीनाथ बिहार के पास विद्युत तारों को ऊंचा करने की कार्यवाही दो माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने संकट मोचन रोड पर विद्युत पोल को हटाये जाने तथा कालूकुआं चौराहे पर अतिक्रमण हटाये जाने एवं एआरटीओ कार्यालय के मध्य दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु तिन्दवारी कस्बे में बाईपास रोड पर सब्जी मण्डी सिफ्ट किये जाने के निर्देश दिये।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक,सम्भागीय परिवहन अधिकारी,अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के लिए मुख्य मार्ग को बनाया जाएगा आकर्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में पर्यटन विकास एवं शहर के सौन्दर्यीकरण को बढाने के लिए बांदा चित्रकूट मुख्य मार्ग स्थित बेड़ी पुलिया चैराहे को आकर्षक बनाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा कार्य का निरीक्षण किया गया। यह कार्य पर्यटन विभाग के अंतर्गत राज्य सेक्टर योजना से स्वीकृत है तथा कार्यदायी संस्था यू.पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. बांदा द्वारा कराया जा रहा है।
परियोजना की स्वीकृत लागत 620.95 लाख रुपये है तथा कार्य प्रारम्भ करने के लिए मार्च माह निर्धारित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत चैराहे पर प्रवेश द्वार, सैंड स्टोन पाथवे, म्यूरल वॉल, व्यू कटर जाली, छतरी व पैडेस्टल, लैंडस्केपिंग एवं हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल व लाइटिंग कार्य, डस्टबिन, साइनेज तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित आर्किटेक्ट द्वारा परियोजना के अंतर्गत अब तक किए गए साइट विजिट की तिथियों एवं विवरण की सूचना शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात विभाग से आवश्यक एन.ओ.सी. प्राप्त की गई है अथवा नहीं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।
उन्होंने निर्देशित किया कि चैराहे पर बनने वाले निर्माण में ड्राइंग में संशोधन करते हुए इसकी चैड़ाई लगभग 9 मीटर रखी जाए, जिससे यातायात प्रभावित न हो तथा आवागमन सुचारु रूप से बना रहे। चैराहे पर स्थापित की जाने वाली भगवान रामचंद्र की मूर्ति की ड्राइंग एवं डिजाइन भी समुचित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।
उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्थल पर स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की संभावित लागत का आकलन शीघ्र कराया जाए तथा विद्युत शिफ्टिंग के संबंध में आवश्यक पत्राचार तत्काल किया जाए। इसके अलावा जो सेल्फी प्वाइंट विकसित किया जा रहा है, उसकी थ्री-डी इमेज एवं फोटोग्राफ जिलाधिकारी से अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाएं।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि टॉयलेट के सामने प्रस्तावित वेंडिंग जोन, पुलिस बूथ, हॉर्टिकल्चर क्षेत्र तथा अन्य सुविधाओं की जगह चिन्हित कर उनकी ड्राइंग एवं डिजाइन शीघ्र अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि पाथवे में जो एलाइन्मेंट संबंधी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए तथा सेंटर एलाइनमेंट के डिजाइन को आर्किटेक्ट द्वारा पुनः व्यवस्थित किया जाए।
हॉर्टिकल्चर कार्य के संबंध में निर्देश दिए गए कि प्लांटेशन, पार्किंग और पाथवे के बीच अव्यवस्थित रूप से न देकर मुख्यतः एंट्री और एग्जिट के पास किया जाए।

# कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कलर के माध्यम से कैनवास में गणेश आकृति बनाकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय की कला वीथिका में सोमवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कलर के माध्यम से कैनवास में गणेश आकृति बनाकर किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार गीता दास उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग, कला संकाय द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। 18 मार्च तक आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से आए दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने अपनी कूंची से कैनवास में रंग भरने का काम किया जा रहा है।
समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रो. चैबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति के संवाहक के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि चित्रकला मनुष्य की संवेदनाओं, विचारों और अनुभवों को रंगों के माध्यम से व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालय में आयोजित इस प्रकार की राष्ट्रीय कार्यशालाएं विद्यार्थियों और कलाकारों को अपनी प्रतिभा को निखारने तथा एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने प्रतिभागी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन से कला और संस्कृति के क्षेत्र में नई प्रेरणा मिलेगी। कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कहा कि यह कार्यशाला हमारे कल्पनाशील विचारों को एक नया आकार और दिशा देने का अदभुत मंच है। कलाकार का काम केवल आकृति बनाना नहीं बल्कि उस आकृति के माध्यम से एक अनकही कहानी को बयां करना भी है।
मुख्य अतिथि गीता दास ने कहा कि चित्रकला केवल तकनीक का अभ्यास नहीं बल्कि जीवन की अनुभूतियों को रंगों में ढालने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवा कलाकारों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं, जहां वे वरिष्ठ कलाकारों के मार्गदर्शन में अपनी कला को नई दिशा दे सकते हैं।

# आग से जलकर दुकान हुई खाक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




बैग की दुकान किये महिला की दुकान अज्ञात कारणों से जलकर खाक हो गयी।जब महिला को जानकारी हुई तो उसने घटना की जानकारी फायर बिग्रेड को दी। जब तक फायर बिग्रेड को आग बुझाई जब तक उसका दुकान सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। पीड़िता ने घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच किये जाने की मांग की है।पुलिस को दिये शिकायती पत्र में राधिका सिंह पत्नी विजय कुमार निवासिनी कांशीराम कालोनी हरदौली घाट ने बताया कि लोनिवि खण्ड 1 के बगल में बैग बेंचने और बैगों की चेन लगाने की दुकान किये हुये हैं।13 मार्च की रात्रि को वह दुकान बंद करके चली गयी थी।उसी रात को 12 बजे उसे सूचना दी गयी कि उसकी दुकान में आग लग गयी है।मामले की जानकारी होते ही वह वहां पहुंच गयी।जब तक फायर बिग्रेड भी वहां पर आ गयी। फायर बिग्रेड किसी तरह से आग पर काबू पाया तब तक उसका दो लाख का माल सहित काफी सामान जलकर खाक हो गया।पीड़िता ने मामले की जांच कर हुए रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग की है।

# दीनदयाल शोध संस्थान में किसान सारथी ऐप की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**चित्रकूट।** किसान सारथी ऐप का उपयोग करके सोयाबीन संबंधी सलाह तैयार करने पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सोमवार को दीनदयाल शोध संस्थान के डॉ. राम मनोहर लोहिया सेमिनार हॉल में अटारी जोन-9 जबलपुर एवं कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां, सतना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इसका उद्देश्य सोयाबीन किसानों के लिए प्रभावी परामर्श सेवाएं विकसित करने में कृषि पेशेवरों की क्षमता को बढ़ाना था। कार्यशाला का लक्ष्य प्रतिभागियों को किसान सारथी कोष प्लेटफॉर्म की विशेषताओं और व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था, जिससे वे समय पर सटीक और स्थान-विशिष्ट सोयाबीन परामर्श तैयार कर सकें। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने कृषि विस्तार सेवाओं को मजबूत करने में डिजिटल ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान संजीव कुमार, पीआई किसान सारथी ने प्रतिभागियों को अपने विशेषज्ञ परामर्श दिए और किसान सारथी ऐप से संबंधित उनके सभी प्रश्नों का प्रभावी ढंग से समाधान किया। समापन सत्र में डॉ. एसआरके सिंह, निदेशक आईसीएआर-अटारी जबलपुर ने प्रतिभागियों को अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यशाला के कार्यक्रम में द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन ने किया। कार्यशाला के उद्घाटन में संजीव कुमार पीआई किसान सारथी, डॉ. ए.ए. राउत वैज्ञानिक जबलपुर, मनोज सैनी प्रभारी उद्यमिता डीआरआई, अपराजित शुक्ला सचिव डीआरआई, कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां सतना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा, मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्र के किसान सारथी नोडल अधिकारी व पंकज शर्मा वैज्ञानिक कृषि प्रसार मौजूद रहे?।

# राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ ने मनाया होली मिलन


**जन एक्सप्रेस । बांदा**




राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत जिला इकाई की मार्च माह की बैठक के साथ होली मिलन समारोह भी बड़े हर्षोल्लास के साथ जिला महामंत्री धीरेंद्र दीक्षित के आवास में संपन्न हुआ संगठन की विचारधारा एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर माह की बैठक एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के समस्त डाकघर के महिला पुरुष अभिकर्ताओं ने भारी संख्या में भाग लिया जो कि आज तक की बैठकों में रिकॉर्ड उपस्थिति दर्ज हुई सर्वप्रथम प्रत्येक डाकघर के अभिकर्ताओं से जिला महामंत्री धीरेंद्र दीक्षित एवं संरक्षक रामचंद्र गुप्ता चंडी ने अभिकर्ताओं की समस्या सुन उनके निवारण का शीघ्र आश्वासन दिया इसके पश्चात सभी महिला पुरुष अभिकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।एवं अभिकर्ता हित में रात दिन प्रयासरत संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेशों के पदाधिकारी का भी आभार व्यक्त किया सभी अभिकर्ताओं ने जलपान के साथ ठंडाई का भी आनंद लिया बाद में कार्यक्रम को विशाल रूप देकर सफल बनाने में जिला महामंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर लगभग आधा सैकड़ा महिला पुरुष अभिकर्ता उपस्थित रहे।

# Kids ji प्री स्कूल में संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



इंदिरा नगर में स्थिति किडजी प्री स्कूल में वार्षिक उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह स्कूल शहर में नये कीर्तिमान स्थापित करने में लगातार सफल हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चों के कार्यक्रम ने अभिभावकों,प्रमुख अतिथियों व अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से प्रारम्भ हुआ।कार्यक्रम के रूप में सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, जुबी-जुबी, दिल है छोटा सा, रुकना ना तू बंदिया, स्कूल चले हम, सपने रे सपने, हनुमान चालीसा का कार्यक्रम कराया गया। इसी के साथ विराट कवि सम्मेलन किया जिसमें दीन दयाल सोनी,अनिल द्विवेदी,डा.चंद्रिका प्रसाद दीक्षित,प्रकाश, राजेश,चन्द्र प्रकाश, प्रभा, रीता गुप्ता, मिथलेश, स्वदेश,गोपाल उपस्थिति रहें। स्कूल के प्रबन्धक सौरभ चन्द्र गुप्ता तथा प्रधानाचार्य शालिनी गुप्ता ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।वार्षिक उत्सव में प्रमुख अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा अतिथि के रूप में मालती बासू (नगर पालिका अध्यक्ष) अंकित बासू,रजत सेठ, उमाशंकर पाण्डेय(पद्म से सम्मानित),विजय गुप्ता,विमल सिंह, सभासद रामनरायण तिवारी,अशोक त्रिपाठी जीतू,अमित सेठ भोलू, समाजसेवी सुनील सक्सेना आदि शहर के विशिष्ट लोगों ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।

# जनगणना के प्रथम चरण के लिए दिया गया कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्रशेखर द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण आगामी 18 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।
कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे जनगणना कार्य को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, प्रपत्रों के सही भराव, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा जनगणना के नियमों व प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।
इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 देश के विकास की योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण गंभीरता से लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स नवीन वर्मा व गीत श्रीवास्तव द्वारा अमित कुमार पटेल जिला प्रभारी जनगणना कार्य निदेशालय की देखरेख में संचालित है। इस प्रशिक्षण में मौजूद कुल 34 फील्डट्रेनर्स द्वारा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉक व तहसील स्तर पर सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा इन्हीं सुपरवाइजर द्वारा 22 मई से 30 जून 2026 के मध्य जनपद के समस्त मकानों की गणना का कार्य संपन्न कराया जाना है। इस प्रशिक्षण का जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षण के गुणवत्ता की सराहना की गई। प्रशिक्षण में संलग्न सभी हितधारकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से हो रही है। सभी फील्ड ट्रेनर्स का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण अनिवार्य है। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स का उत्साह बर्धन करते हुए जिलाधिकारी ने घोषणा की कि आपके अच्छे प्रशिक्षण के फलस्वरूप आपको प्रशिक्षण के अंत में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। किंतु प्रशिक्षण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।
इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अमित कुमार पटेल जिला प्रभारी जनगणना कार्य निदेशालय एवं नवीन वर्मा व गीत श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।
यह प्रशिक्षण अपर जिलाधिकारी, जिला जनगणना अधिकारी चन्द्रशेखर तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वी.के. शर्मा के निर्देशन में संपन्न कराया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में भेजी गई धनराशि

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में दिन सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 योजना के अन्तर्गत 90 हजार लाभार्थियों को बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 900 करोड रूपये की अनुदान धनराशि का मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शहरी गरीब लोगों को इस योजना के अन्तर्गत आवास दिलाया जाता है।इस योजना के अन्तर्गत जनपद के 1026 लाभार्थियों को उनके खातों में 10 हजार रूपये की धनराशि हस्तान्तरित करते हुए लाभ प्रदान किया गया।कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला,अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका श्रीशचन्द्र, सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# मां कर्मा की जयंती पर किया गया खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

साहू उत्थान समिति द्वारा रविवार को भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता के साथ धूमधाम से मनाई गई। पापमोचिनी एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित साहू समाज धर्मशाला स्थित मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर समाज के लोगों ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मां कर्मा की भक्ति परम्परा के प्रतीक स्वरूप खिचड़ी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। लोकमान्यता के अनुसार मां कर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण को अपनी मटुकिया से खिचड़ी का भोग लगाया था, जिसे स्वयं जगन्नाथ स्वामी ने स्वीकार किया था। इसी परंपरा को जीवंत रखते हुए खिचड़ी प्रसाद तैयार किया गया और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। जयंती समारोह में सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम भी हुए। जिसके तहत आयोजित मेंहदी, भाषण व क्विज प्रतियोगिता और सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न सरकारी संस्थानों में नियुक्त समाज के लोगों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




जनपद में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला अधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा आमजन को सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में पुलिस विभाग,परिवहन विभाग,लोक निर्माण विभाग,विद्युत विभाग,नगर पालिका,एनएचआई, जनपद सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जिला अधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने सड़कों पर उचित संकेतक और चेतावनी बोर्ड लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने, स्कूल-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने तथा हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया गया। जिला अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके। वहीं एआरटीओ परिवहन श्याम लाल ने अवगत कराया कि जनपद में 45 से अधिक स्कूली वाहन है जिनकी फिटनेस नहीं है।विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को यह जानकारी दी जाती है कि कृपया अभिलंब वाहनों की फिटनेस करा ले।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लागू करने का आश्वासन दिया।



**गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए...**

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच गैस की संभावित कमी और कालाबाजारी को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री बच्चू कडू ने बताया कि गैस सिलिंडर की अवैध बिक्री और जमाखोरी के खिलाफ... पढ़ें पेज 12 पर...

# डिप्टी सीएम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

## वार्ड के चादर से लेकर शौचालय तक को खुद से परखा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार सुबह डिप्टी सीएम मरीज बनकर कतार में लग गए। इस दौरान मरीज व स्टाफ उन्हें पहचान तक नहीं सका। इस दौरान सीएचसी में फैली अव्यवस्था को देखकर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। डिप्टी सीएम ने जिम्मेदारों को नोटिस देने संग सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि जब तक अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं होगी, तब तक संबंधित अधिकारी घर नहीं जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को चिनहट सीएचसी पहुंच गए। मुंह पर मास्क लगाकर सबसे पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों के बीच जाकर कतार में खड़े हो गए। इस दौरान उन्होंने मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी ली। इसके बाद वह पैथोलॉजी विभाग पहुंचे। यहां मरीजों की लंबी कतार लगी थी। उन्होंने टेक्नीशियन से पूछा कि एक मरीज का रक्त नमूना लेने में कितना समय लगता है? जवाब मिलने के बाद उन्होंने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष के आसपास धूल-गर्दा दिखाई दी। इस पर उन्होंने तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम जब जनरल वार्ड नंबर 28 पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर नाराज हो गए। वार्ड में कई बेड पर चादर नहीं बिछी थी। साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं शौचालय भी गंदे मिले।



### मोबाइल दुरुस्त करने के दिए निर्देश

केंद्र के सभागार में उस समय आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। आशाओं ने डिप्टी सीएम को बताया कि उनके मोबाइल फोन खराब हैं। जिससे काम में दिक्कत हो रही है। इस पर डिप्टी सीएम ने तुरंत सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को फोन लगाकर मोबाइल ठीक कराने या बदलने के निर्देश दिए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं का बकाया भुगतान भी तत्काल कराने को कहा। सीएमओ को सीएचसी तलब करके समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

### पीने के पानी पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। पानी की पाइप को जाली से बांधकर रखा गया था। वहां आसपास गंदगी थी। इस पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### अस्पताल में रुक कर व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त होने तक वे अस्पताल परिसर से नहीं जाएं। दवाओं के काउंटर पर कतार लंबी लगी थी। सीएचसी अधीक्षक को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश कहा। उन्होंने कहा कि पांच मिनट के भीतर मरीजों को दवा मिल जानी चाहिए।



## इस्राइल में 23 मार्च तक हवाई यात्रा पर रोक, 100 कामगार फंसे, बोले- हर वक्त मिसाइल गिरने का डर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध जारी है। इस बीच इस्राइल में सभी हवाई सेवाएं 23 मार्च तक बंद कर दी गई हैं। वहां लखनऊ वापसी के इंतजार में बैठे 100 कामगारों की धड़कनें भी बढ़ने लगी हैं। सोशल मीडिया से हुई बातचीत में कामगार महेश कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पहले घर वापसी के लिए अर्जी डाली थी, लेकिन यहां के प्रशासन ने उनकी अर्जी को निरस्त कर दिया। विकास नगर के रहने वाले हंसराज ने बताया कि करीब 20 दिन से यहां की स्थिति दयनीय बनी हुई है। कब, कहां और किधर से मिसाइल गिर जाए, इसके बारे में कोई अंदाज लगाना मुश्किल है। सुरक्षा के लिहाज से बीच-बीच में काम भी बंद कर दिया जाता है। रात-दिन बंकर में ही रहना पड़ रहा है। हमारी तरह बड़ी संख्या में ऐसे कामगार हैं जो अब घर वापस जाना चाहते हैं, लेकिन हवाई यात्रा बंद होने के कारण हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

## टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय और सामाजिक विकास सेवा संस्थान के बीच समझौता, समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने की पहल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ और सामाजिक विकास सेवा संस्थान के बीच समाज में विधिक जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर टी.एस. मिश्रा विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह तथा सामाजिक विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री रवीन्द्र सिंह जादौन उपस्थित रहे।

इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थाएं मिलकर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठी, कार्यशाला, विधिक परामर्श शिविर तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, बाल संरक्षण से संबंधित कानून, श्रम कानूनों तथा अन्य महत्वपूर्ण भारतीय कानूनों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। समझौते के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सामाजिक गतिविधियों और विधिक जागरूकता अभियानों में भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही संस्था से जुड़े अनुभवी अधिवक्ताओं को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया जाएगा, जो विद्यार्थियों को व्यवहारिक विधिक प्रशिक्षण और मामलों के अध्ययन के माध्यम से मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। इस साझेदारी से विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में भागीदारी का अवसर मिलेगा। वहीं सामाजिक विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री रवीन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि यह पहल समाज के कमजोर वर्गों तक कानून की जानकारी और उनके अधिकारों की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त प्रयासों से विधिक साक्षरता और सामाजिक जागरूकता को नई दिशा मिलेगी।

यह समझौता तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। इस दौरान दोनों संस्थाएं समय-समय पर कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए समाज में विधिक साक्षरता और नागरिक चेतना को मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगी।

इस पहल के माध्यम से दोनों संस्थाएं विधिक साक्षरता, सामाजिक न्याय और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पूर्व नौकर ने लगाई भाजपा नेता की एसयूवी में आग, जांच में चालक पर भी उठे सवाल, पूछताछ में बयान बदला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार में भाजपा नेता व स्वच्छ भारत अभियान के पूर्व सलाहकार रज्जन पांडेय की एसयूवी में आग लगाने के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया है, जो पहले भाजपा नेता के यहां घरेलू काम करता था। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने भाजपा नेता के पूर्व कार चालक के इशारे पर एसयूवी में आग लगाने की बात कबूली, लेकिन आमना-सामना कराने पर वह अपने बयान से पलट गया। जानकीपुरम विस्तार स्थित शिवम सिटी निवासी रज्जन पांडेय भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। रज्जन पांडेय स्वच्छ भारत अभियान के पूर्व सलाहकार रह चुके हैं। वह बख्शी का तालाब विधानसभा सीट से टिकट के दावेदार भी हैं। सेक्टर-7 में उनका कार्यालय है। छह मार्च की देर रात कार्यालय के बाहर खड़ी उनकी एसयूवी में अचानक आग लग गई थी, जिससे पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना के बाद रज्जन पांडेय ने अपने दो पूर्व कर्मचारियों व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ साजिशन आग लगाने की तहरीर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध दिखाई दिया, जिसे पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने पहले बताया कि भाजपा नेता के पूर्व कार चालक के कहने पर उसने गाड़ी में आग लगाई थी, लेकिन बाद में चालक से सामना होने पर वह अपने बयान से मुकर गया। रज्जन का आरोप है कि पूर्व चालक आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके डर से आरोपी अपने बयान से पलट गया। उन्होंने बताया कि चालक ने उनसे 65 हजार रुपये ले रखे थे। पैसे मांगने पर वह जान से मारने और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देता था, जिसके चलते उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। भाजपा नेता का कहना है कि आगजनी में पकड़ा गया आरोपी और चालक केवल कठपुतली हैं, जबकि साजिश का मास्टरमाइंड कोई और है, जो उनसे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रखता है। उन्होंने अपनी और परिवार की सुरक्षा को खतरा बताते हुए पुलिस से मामले की गहराई से जांच की मांग की है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## अंधेरे में रहे 5,885 उपभोक्ता, बिजली दफ्तरों पर भारी हंगामा, पुलिस बुलानी पड़ी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में सोमवार को पावर कॉर्पोरेशन की ऑटोमेटिक सिस्टम की खामियों ने हजारों उपभोक्ताओं को मुसीबत में डाल दिया। बकाया होने पर कार्यदायी संस्था ने 5,885 प्रीपेड मीटरों की बिजली ऑटोमेटिक काट दी, लेकिन भुगतान के बावजूद तकनीकी खराबी के कारण घंटों तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। इससे गुस्साए उपभोक्ताओं ने चारों वर्टिकल कार्यालयों पर जमकर हंगामा और इंजीनियरों का घेराव किया। अव्यवस्था का मुख्य कारण पावर कॉर्पोरेशन का वह फैसला रहा, जिसके तहत इंजीनियरों (जेई से लेकर मुख्य अभियंता तक) से कटी बिजली को ऑनलाइन जोड़ने का अधिकार छीन लिया गया है। ऐसे में भुगतान के बाद भी जब सिस्टम ने बिजली चालू नहीं की, तो इंजीनियर भी असहाय नजर आए। वे देर रात तक कार्यदायी संस्था को विवरण भेजकर बिजली चालू कराने की कोशिश करते रहे।

### 8 घंटे चला हंगामा, मारपीट की आई नौबत

हुसैनगंज 1912 कॉल सेंटर, अमौसी, पुरनिया और गोमतीनगर कार्यालयों पर करीब आठ घंटे तक हंगामा होता रहा। पुरनिया और हुसैनगंज में हालात इतने बिगड़ गए कि परेशान उपभोक्ता इंजीनियरों से मारपीट पर आमादा हो गए, जिसके बाद स्थिति संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। हंगामे के चलते कार्यालयों का अन्य सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

### इसलिए नहीं जुड़ रही ऑटोमेटिक बिजली

मुख्य अभियंता रामकुमार, रवि अग्रवाल, वीपी सिंह और सुशील गर्ग ने इस तकनीकी विफलता के पीछे तीन बड़ी वजहें बताईं। पहली, पेमेंट गेटवे से भुगतान का विवरण सिस्टम तक पहुंचने में देरी हो रही है। दूसरी, जनसुविधा केंद्र में जमा बिलों का डेटा अपडेट होने में समय लग रहा। और तीसरा उपभोक्ता माइनस बैलेंस के साथ पुराने बकाये का पूरा भुगतान नहीं कर रहे हैं।

### हार्ट पेशेंट और दिव्यांग घंटों रहे अंधेरे में

विधानसभा उपकेंद्र क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला जिनके हृदय में तीन दिन पहले ही स्टेंट पड़ा था, सोमवार को सात घंटे तक बिना बिजली के रहीं। बकाया होने पर नसरीन सिद्दीकी के घर की बिजली काट दी गई थी। दोपहर 12 बजे 6,348 रुपये का भुगतान करने के बावजूद शाम 7 बजे तक बिजली बहाल नहीं हुई। घर में बुजुर्ग महिला और उनकी बहू अकेली थीं, जबकि बेटा कानपुर में नौकरी करता है। अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया कि बिजली चालू करने के निर्देश एजेंसी को दिए गए हैं। इसी तरह फॉरेस्ट कॉलोनी के सुनील कुमार की 14 मार्च को काटी गई बिजली 16 मार्च की शाम तक चालू नहीं हो सकी। दिव्यांग सुनील कुमार को व्हीलचेयर के सहारे 1912 कॉल सेंटर पहुंचे। अधीक्षण अभियंता के अनुसार, बकाये के कारण बिजली चालू नहीं हो पा रही।

## डेयरी उत्पादों के निर्यात में 10 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि


**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पशुपालन और डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए योगी सरकार के कदमों का असर निर्यात में वृद्धि के रूप में सामने आ रहा है। उत्तर प्रदेश के डेयरी और संबंधित पशु-आधारित उत्पादों के निर्यात में विगत एक से डेढ़ वर्ष में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 'डेयरी उत्पाद, अंडे, प्राकृतिक शहद और खाद्य उत्पाद' श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का निर्यात अप्रैल 2023 से नवंबर 2024 के दौरान 444.10 करोड़ रुपये था, जो अप्रैल 2024 से नवंबर 2025 के बीच बढ़कर 489.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस श्रेणी में 10.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो करीब 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी को दर्शाती है।यह श्रेणी केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें अंडे, प्राकृतिक शहद और अन्य खाद्य पशु-आधारित उत्पाद भी शामिल हैं। इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग ने उत्तर प्रदेश के निर्यात को नई गति दी है। अधिकारियों के मुताबिक दूध, घी, पनीर, मक्खन, मिल्क पाउडर के साथ-साथ शहद और अंडों की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रोसेसिंग सुविधाओं के विस्तार से प्रदेश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत हुई है। बेहतर पैकेजिंग, क्वालिटी कंट्रोल और सप्लाई चेन मैनेजमेंट ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।

## एआई की रेस में यूपी को आगे बढाएंगे आठ डाटा सेंटर पार्क

- नोएडा से वाराणसी तक आठ शहरों में विकसित होंगे डेटा सेंटर पार्क
- 2 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव, बड़ी कंपनियां दिखा रहीं रुचि
- 900 मेगावाट बिजली आपूर्ति और नई नीति से डेटा सेंटर उद्योग को मिलेगा बल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



योगी सरकार प्रदेश को देश का प्रमुख डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई हब बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत प्रदेश में 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाने की योजना तैयार की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रोद्योगिकी विशेषज्ञों का कहना है कि डेटा सेंटर पार्कों के विकास से उत्तर प्रदेश देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही आने वाले समय में एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी कंपनियों के लिए यह एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।सरकार की योजना के अनुसार इन डेटा सेंटर पार्कों को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा जैसे प्रमुख शहरों में विकसित किया जाएगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में जमीन की पहचान और आवंटन की प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है। कुछ कंपनियों को जमीन आवंटित भी की जा चुकी है, जबकि अन्य स्थानों पर भूमि चिन्हांकन और मास्टर प्लान तैयार करने का काम जारी है।डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने रुचि दिखाई है। एचसीएल, अडानी ग्रुप, एनटीटी डेटा, योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टर्लाइट टेक्नोलॉजीज और सिफी टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियां प्रदेश में निवेश की दिशा में आगे आई हैं। इन कंपनियों की ओर से करीब 2 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। कई परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किए जा चुके हैं और कुछ परियोजनाएं निर्माण की दिशा में अग्रसर हो रहीं हैं। डेटा सेंटर के संचालन के लिए बड़े पैमाने पर बिजली की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने लगभग 900 मेगावाट बिजली की मांग को पूरा करने की योजना बनाई है। इसके लिए नए सब स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा और डेटा सेंटर पार्कों को समर्पित बिजली आपूर्ति की जाएगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए डेटा सेंटर नीति के अंतर्गत कई प्रोत्साहन भी तय किए हैं। इसमें पूंजीगत सब्सिडी, बिजली शुल्क में रियायत, स्टांप ड्यूटी में छूट और बुनियादी ढांचे के विकास में सरकारी सहयोग शामिल है। 8 डेटा सेंटर पार्कों के विकसित होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होंगे। लगभग 50 हजार प्रत्यक्ष रोजगार और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

## सब्सिडी से नीरज की बदली तकदीर, जरबेरा की खेती से लाखों की कमाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- राष्ट्रीय बागवानी मिशन की मदद से बाराबंकी के बने आत्मनिर्भर

योगी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा हैजिससे वे अच्छा लाभ कमा रहे हैं। इन योजनाओं के सहयोग से किसान आधुनिक और उच्च लाभ वाली खेती की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। बाराबंकी जिले के युवा किसान नीरज पटेल ने फूलों की खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। उन्हें उत्तर प्रदेश की 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना' के अंतर्गत लाभ मिला। नीरज ने पढ़ाई पूरी करने के बाद खेती को ही अपना भविष्य बनाने का निर्णय लिया। वैसे उनके घर में पारंपरिक खेती ही की जाती है। उन्होंने कुछ अलग करने का सोचा और एक दिन वह उद्यान विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्हें जरबेरा फूलों की खेती के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने आधुनिक तकनीक के साथ जरबेरा की खेती शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना' का लाभ उठाया। उन्हें इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 में 29 लाख 50 हजार का ऋण मिला और कुछ महीने बाद उन्हें 50 फीसदी की सब्सिडी मिली। सरकार की महत्वाकांक्षी 'नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन' और संरक्षित खेती के तहत पॉलीहाउस तकनीक से फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी योजना के अंतर्गत नीरज पटेल ने अपने एक एकड़ खेत में पॉलीहाउस स्थापित किया। पॉलीहाउस लगाने में लगभग 70 से 75 लाख रुपये की लागत आई। सरकार की योजना के अंतर्गत उन्हें ऋण और अनुदान मिला जिससे यह खेती करना उनके लिए काफी आसान हो गया। आज नीरज के पॉलीहाउस में करीब 25 हजार जरबेरा पौधे लगे हुए हैं। यह पौधे रोजाना उत्पादन देते हैं और एक बार लगाए जाने के बाद लगभग छह साल तक लगातार उत्पादन देते हैं। नीरज ने 5 अन्य लोगों को रोजगार दिया है, जिससे आसपास के ग्रामीणों को भी आय का नया स्रोत मिला है। आधुनिक ड्रिप सिंचाई प्रणाली के जरिए पौधों को बूंद-बूंद पानी दिया जाता है। जरबेरा के फूलों की बाजार में काफी मांग है। शादी-समारोह, सजावट और विभिन्न आयोजनों में इन फूलों का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है। नीरज पटेल को अपने फूलों की बिक्री में भी कोई कठिनाई नहीं आती। साल भर में सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें 8 से 10 लाख रुपये की बचत हो जाती है।

## संगीत नाटक अकादमी के पुरस्कारों की घोषणा, सम्मानित होंगे कलाकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य में संगीत, नृत्य, नाटक एवं लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए समर्पित संगीत नाटक अकादमी की ओर से अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि संगीत नाटक अकादमी उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने एवं उसके संवर्धन में योगदान देने वाले कलाकारों को अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित करती है। अकादमी की ओर से 2021 से लेकर 2024 तक के चार वर्षों के अकादमी पुरस्कार के साथ नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों को बीएम शाह पुरस्कार और सफदर हाशमी पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। 2021 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में पं. दीनानाथ मिश्रा, लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य, नक्कारा वादन के लिए कानपुर के प्रभु दयाल और शहनाई वादन के लिए वाराणसी के जवाहर लाल के नामों की घोषणा की गई। इस क्रम में रंगमंच निर्देशन के लिए भूमिकेश्वर सिंह, रंगमंच तकनीकी-प्रकाशन के लिए जगमोहन रावत, नौटंकी निर्देशन के लिए राजकुमार श्रीवास्तव एवं नाट्य लेखन के लिए विजय पंडित को सम्मानित किया जाएगा। कला उन्नयन के लिए मथुरा के मोहन स्वरूप भाटिया वाराणसी की माला होम्बल के नामों का चयन किया गया है। नृत्य विधा में मथुरा,वृदांवन की भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। 2022 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन एवं लोक गायन के लिए मथुरा के आनन्द कुमार मलिक व माधुरी शर्मा, जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ के पं. अनुज मिश्रा, पखावज वादन के लिए शशिकांत पाठक और तबला वादन के लिए प्रयागराज के पंकज कुमार श्रीवास्तव के नामों की घोषणा की गई है।

## युवाओं की रचनात्मकता को नई उड़ान देगा 'वीबी–जीराम जी' अधिनियम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अधिनियम के 'लोगो' डिजाइन, 'क्विज़' और 'रील' प्रतियोगिता का आगाज़
- प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि 20 मार्च

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियो को निर्देश दिये है कि रोचक, ज्ञानवर्धक व ग्रामीण किकास को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने की दिशा मे होने जा रही वीबी-जी राम जी अधिनियम के लोगो डिजाइन, क्विज़ और रील प्रतियोगिता मे अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों को प्रतिभाग कराने के हर सम्भव प्रयास किये जांय। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण विकास और नवाचार को नई दिशा के लिए तीन बड़ी प्रतियोगिताओं की घोषणा की गयी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं की कला, ज्ञान और डिजिटल कौशल के माध्यम से ग्रामीण भारत की एक नई पहचान संवारना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।अभियान अंतर्गत लोगो 'डिजाइन, क्विज़ और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं' का आयोजन किया जा रहा है। ये प्रतियोगिताएं न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करेंगी बल्कि ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता के विजन से भी परिचित कराएंगी। वीबी-जी राम जीअधिनियम के बारे मे आम लोगो को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त होगी और कतिपय भ्रान्तियां दूर होंगी। ग्राफिक डिजाइनरों और चित्रकारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। प्रतिभागियों को ऐसा प्रभावशाली लोगो तैयार करना है,जो योजना के विजन को प्रदर्शित करे। विजेता को 50,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च शाम 5:45 बजे तक है। सोशल मीडिया के प्रभाव को देखते 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए रील मेकिंग प्रतियोगिता शुरू की गई। प्रतिभागी 30-60 सेकंड के वीडियो के माध्यम से गांव की खूबसूरती और विकास की कहानियों को साझा कर सकेंगे। ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विजेताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने का अवसर मिलेगा।इच्छुक प्रतिभागी माई गवर्नमेंट या माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, उद्यमिता और कौशल विकास को नई ऊर्जा देगी। मंत्रालय ने युवाओं से अपील है कि वे अपनी रचनात्मकता और नवाचार के जरिए 'आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत' के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें।

# जापानी प्रोफेसर हिरोको नागासाकी अमेठी पहुंचीं

■ रीतिकालीन कवि सुखदेव मिश्र के काव्य पर कर रहीं शोध

जन एक्सप्रेस । अमेठी



भारतीय साहित्य और हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शोध का विषय बनती जा रही है।इसी कड़ी में जापान की प्रतिष्ठित हिंदी विदुषी प्रोफेसर हिरोको नागासाकी सोमवार को अमेठी पहुंचीं,जहां वे रीतिकालीन महान कवि सुखदेव मिश्र के काव्य पर गहन शोध कर रही हैं।उनके आगमन से साहित्यिक और शैक्षणिक जगत में उत्साह का माहौल देखने को मिला।प्रोफेसर हिरोको नागासाकी लंबे समय से हिंदी भाषा, साहित्य और भारतीय संस्कृति का अध्ययन कर रही हैं।वे जापान के एक प्रमुख विश्वविद्यालय में हिंदी की प्राध्यापिका हैं।और भारतीय काव्य परंपरा में विशेष रुचि रखती हैं।इसी रुचि के चलते उन्होंने रीतिकालीन साहित्य के प्रमुख कवि सुखदेव मिश्र के काव्य को अपने शोध का विषय बनाया है।प्रोफेसर नागासाकी ने स्थानीय साहित्यकारों शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों से मुलाकात की।उन्होंने कवि सुखदेव मिश्र के जीवन, कृतित्व और उनके काव्य में निहित भाव-सौंदर्य,अलंकारिक शैली और सांस्कृतिक संदर्भों को समझने का प्रयास किया।इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुस्तकालयों और ऐतिहासिक स्रोतों का भी अध्ययन किया।

प्रोफेसर नागासाकी ने कहा कि हिंदी साहित्य की गहराई और उसकी भावनात्मक अभिव्यक्ति उन्हें हमेशा आकर्षित करती रही है।रीतिकालीन काव्य में प्रेम,श्रृंगार और अलंकार की जो समृद्ध परंपरा दिखाई देती है,वह विश्व साहित्य में भी अद्वितीय है।सुखदेव मिश्र के काव्य में उस युग की सामाजिक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक दृष्टि स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।उनका यह शोध न केवल हिंदी साहित्य को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगा,बल्कि भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक और साहित्यिक संबंधों को भी और मजबूत करेगा।स्थानीय शिक्षाविदों ने प्रोफेसर नागासाकी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे हिंदी साहित्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

### डीएम ने जनसुनवाई में आये आवेदक को दिलाई ट्राई साइकिल

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में राम भरोसे पुत्र राम विशाल नि0-ग्राम मझिगवां हरदोई वि0ख0 हरचंदपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया कि प्रार्थी 100 प्रतिशत दिव्यांग है प्रार्थी के पास आवास नहीं है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि प्रार्थी का पीएम आवास की पात्रता सूची में नाम है शीघ्र ही आवास का लाभ मिल जायेगा। जिलाधिकारी ने राम भरोसे को दिव्यांगजन विभाग से नई ट्राई साइकिल दिलवाई, इसके साथ ही अवगत कराया गया कि आवेदक को दिव्यांग पेंशन का भी मिल रहा है लाभ, जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ दिलाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

# अखिल भारतीय किसान महासभा का दो दिवसीय धरना शुरू

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



लघु डाल खंड लखनऊ नियंत्रणाधीन* सई रघुनाथपुर पम्प कैनाल को शारदा सहायक पोषक नहर से जोड़ने की मांग को लेकर आज विकास भवन में अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में पूर्व घोषित दो दिवसीय धरना शुरू हुआ । पहले दिन के धरने को संबोधित करते हुए किसान महासभा राही ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि लम्बे समय से सई रघुनाथपुर पम्प नगर को शारदा नहर से जोड़कर सिंचाई हेतु अबाध पानी की उपलब्धता की मांग की जा रही है। किंतु किसानों की इस जायज मांग को लागतार अनसुना किया जाता रहा है । सिरहाने पानी का श्रोत मौजूद है पर सूखी नदी से पानी निचोड़ने की हास्यास्पद कार्यवाही जारी है। हजारों बीघा जमीन असिंचित हो गई है और किसानों के सामने भुखमरी का संकट खड़ा है। लघु डाल खंड लखनऊ के सहायक अभियंता ने 2022 में ही अपनी एक रिपोर्ट में जलापूर्ति कर पाने में असमर्थता जाहिर कर दी थी। खेग्रामस के जिला सहसंयोजक उदय राज यादव ने कहा कि वर्षों से हम अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सिंचाई खंड रायबरेली गोल गोल घुमा रहा है और कुतर्क के आधार पर किसानों की जायज मांग को खारिज कर रहा हैं।

# **वार्षिक परीक्षा शुरू:** शांत माहौल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, 198 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी




प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं का क्रम सोमवार से शुरू हो गया।इसी क्रम में तिलोई क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में भी परीक्षा शांत, अनुशासित और सकारात्मक माहौल में संपन्न हो रही है।विद्यालय परिसर में परीक्षा को लेकर बच्चों में उत्साह और जिम्मेदारी दोनों देखने को मिली।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह जो कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अमेठी जिलाध्यक्ष भी हैं,की देखरेख में परीक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है।उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्तर की कक्षा 1 से 5 तक की मौखिक परीक्षा तथा जूनियर स्तर की कक्षा 6 से 8 तक की लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है।विद्यालय में कुल 198 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, जिनके लिए 8 कक्षा- कक्षों में व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था की गई है।

प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा बच्चों के ज्ञान, समझ और शैक्षिक प्रगति का व्यापक एवं सतत मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।उन्होंने बताया कि परीक्षाएं पूरी तरह पारदर्शी,शांतिपूर्ण और नकल विहीन वातावरण में कराई जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों का आत्म विश्वास भी बढ़ रहा है।परीक्षा संचालन में विद्यालय के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो रही है।उन्होंने जानकारी दी कि परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाएगा तथा 31 मार्च तक विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरित कर दिया जाएगा।साथ ही परिषदीय विद्यालयों में पहलीअप्रैल 2026 से नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो जाएगा,जिसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।विद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए उनकी प्रतिभा को निखारा जाए।

# वनवासी छात्रावास में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन, पूर्व सांसद व विधायक ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के रमना पार्क स्थित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास समिति सम्बद्ध समर्पण सेवा संस्थान की ओर से रमना पार्क परिसर में रविवार की देर शाम होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में वनवासी छात्रावास के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

जानकारी के अनुसार 15 मार्च की देर शाम आयोजित होली मंगल मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्र, विशिष्ट अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल, माता वैष्णो देवी कटरा शनि मंदिर के महंत स्वामी नाथ पाण्डेय, वनवासी छात्रावास समिति के सरंक्षक डॉ कौशल्या गुप्ता व प्रो0 जे पी पाण्डेय, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डी पी सिंह व छात्रावास समिति अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित एवं प्रभु श्रीराम, बिरसा मुंडा व बालासाहेब देशपांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा, प्रेम, सामाजिक सौहार्द और एकता को मजबूत करना है। यह अनौपचारिक मिलन समारोह लोगों को दैनिक व्यस्तताओं से दूर रंगों के त्योहार के माध्यम से खुशियाँ साझा करने, गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का अवसर प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल ने समिति के पदाधिकारियों के कार्य की सराहना करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। समिति के सरंक्षक प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए छात्रावास स्थापना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। महामंत्री इंदुभूषण जायसवाल ने समिति के पदाधिकारियों का परिचय कराया। महिला प्रमुख आद्या सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया जबकि उपाध्यक्ष डॉ एम पी तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने सभी अतिथियों व विशिष्ट जनों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन समिति के पदाधिकारी लेफ्टिनेंट( डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यक्रम की शुरुआत वनवासी छात्रवास व सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम प्रस्तुत कर किया गया। वहीं वनवासी छात्राओं ने थारू जनजाति के संस्कृति की झलक अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के माध्यम से दिखाया, जिसे खूब सराहा गया। इस अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल के वित्त महाप्रबंधक बी एन ठाकुर, बनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सचिन जी, रमेश पहवा, डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, कुंवर जय सिंह, जय प्रकाश सिंह, हरिवंश सिंह, प्रो0 अरुण कुमार सिंह, प्रो0 दिव्य दर्शन तिवारी, प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र, मंगल बाबू, अखिलेश्वर तिवारी, रामकुमार मिश्र, वेद प्रकाश मिश्र, डॉ राजन प्रताप सिंह, बी डी जायसवाल, हरेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य कई पदाधिकारी सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अनाथ बच्चों के आंसू पोंछने पहुंचीं पूनम सिंह, दिखावटी समाजसेवा पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



सदर विधानसभा क्षेत्र के राही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लोधवारी के ग्राम पूरे दुबे में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह एक बार फिर अनाथ बच्चों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और उनका हालचाल पूछा। ज्ञात हो कि गांव निवासी दिवंगत चिंतामणि रैदास का शव शिवरात्रि के समय नदी में मिला था, जिसके बाद उनके चार छोटे बच्चे–मनु, मांडवी, मनीष और संदीप–अनाथ हो गए। उस समय भी पूनम सिंह ने परिवार के घर पहुंचकर बच्चों को आर्थिक सहायता दी थी। सोमवार को एक बार फिर गांव पहुंचकर उन्होंने बच्चों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। पूनम सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे जीवन की इस कठिन परिस्थिति में खुद को अकेला न समझें। उन्होंने कहा कि वह हर कदम पर इन बच्चों के साथ खड़ी हैं। बच्चों के घर के बाहर अंधेरा दूर करने के लिए उनकी ओर से स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी कराई गई है, ताकि बच्चों का आंगन सुरक्षित और रोशन रह सके। इस दौरान पूनम सिंह भावुक भी नजर आईं। उन्होंने कहा कि वह इन बच्चों का दर्द अच्छी तरह समझती हैं, क्योंकि उन्होंने भी कम उम्र में अपने पिता को गोलियों से छलनी हालत में देखा था। इसी वजह से वह ऐसे बच्चों की पीड़ा को करीब से महसूस कर पाती हैं। वहीं, कुछ लोगों द्वारा मदद के नाम पर दिखावा करने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यहां आकर बच्चों के हाथ में थोड़े पैसे देकर फोटो खिंचवाते हैं और खुद को समाजसेवी बताने लगते हैं, जो बेहद शर्मनाक है। ऐसी कई शिकायतें भी सामने आई हैं, जो समाज को सोचने पर मजबूर करती हैं। पूनम सिंह ने कहा कि समाज को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या गरीबों और असहाय बच्चों को सामान्य जीवन जीने के लिए पहले अपने पूरे परिवार को खोना पड़ेगा, तभी जाकर उनके रहने और खाने की व्यवस्था हो पाएगी। उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे बच्चों की मदद निस्वार्थ भाव से की जाए, न कि प्रचार के लिए।

# 01 से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलेगा सघन अभियान

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रायबरेली उमेश चंद्र कटियार ने बताया है कि विगत दिनों में जनपद कासगंज एवं आगरा में स्कूली वाहनों की खराब दशा एवं फर्श कमजोर होने के कारण झटके में फर्श टूट जाने के कारण उस स्थान पर बैठी स्कूली छात्रा के गाड़ी से नीचे चले जाने एवं बस के पहिए के नीचे आजाने के कारण दुःखद मृत्यु हो गई। इन दोनों घटनाओं को शासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है एवं 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय द्वारा ऐसी स्कूली वाहनों की सूची तैयार कराई जा रही है जिन का फिटनेस अथवा परमिट समाप्त हो चुका है अथवा वाहन अपनी आयु 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। जनपद में संचालित सभी विद्यालयों के प्रबंधतंत्र से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने-अपने विद्यालयों की प्रत्येक वाहनों की भौतिक जांच कराते हुए यह सुनिश्चित करा लें कि उनकी सभी वाहनों की भौतिक दशा पूर्ण रूप से ठीक है, वाहन की बॉडी की दशा अच्छी है, फर्श पूर्ण रूप से सही एवं मजबूत है, वाहन स्कूली बस मानकों के अनुरूप है एवं किसी प्रकार की कमी नहीं है। यदि वाहन की तकनीकी एवं भौतिक दशा में कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल सुधार कराने के उपरांत ही वाहन का संचालन किया जाए। जिन वाहनों का फिटनेस/परमिट समाप्त है अथवा स्कूली वाहनों की निर्धारित आयु 15 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका संचालन किसी भी दशा में न किया जाए जब तक इन वाहनों का फिटनेस/परमिट वैध न करा लिया जाए, साथ ही 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी वाहन का पंजीयन चिन्ह निरस्त करा लिया जाये।

# पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस को दी गई तहरीर

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के तिवारीपुर मजरे टेढ़ई में एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।पीड़ित पत्रकार गंगा प्रसाद प्रजापति ने इस संबंध में थाना शिवरतनगंज में लिखित शिकायत दी है।बताया जाता है कि रविवार देर शाम गंगा प्रसाद प्रजापति अपने मित्र अमर पासी से मिलने उनकी दुकान पर जा रहे थे।रास्ते में गांव का ही राम औतार पासी खड़ा था, जिसने गंगा प्रसाद को दुकान की ओर जाते हुए देख लिया।इसके बाद वह वहां से चला गया।गंगा प्रसाद के अनुसार जब वह दुकान पर पहुंचे तो वहां जोगेंद्र गौतम नाम का युवक भी बैठा हुआ था,जिसकी उनसे कोई खास पहचान नहीं थी। आरोप है कि गंगा प्रसाद के वहां से चले जाने के बाद राम औतार पासी शराब के नशे में जोगेंद्र गौतम के घर पहुंच गया और जोगेंद्र के साथ- साथ गंगा प्रसाद को भी भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। साथ ही जान से मारने और देख लेने की धमकी दी,जिसकी रिकॉर्डिंग मोबाइल में मौजूद बताई जा रही है।पीड़ित गंगा प्रसाद ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र को दे दी है।इस संबंध में जब थाना अध्यक्ष शिवरतनगंज दयाशंकर मिश्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है।और आरोपी को जल्द पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया । परीक्षा के लिए पंजीकृत 223 परीक्षार्थियों में सभी 223 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए ।

प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 16 मार्च को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट हिन्दी कोर तथा हिन्दी इलेक्टिव विषय की परीक्षा सम्पन्न कराया गया । विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया । उन्होंने बताया कि अंग्रेजी विषय के लिए पंजीकृत 223 परीक्षार्थियों में से सभी 223 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । हिंदी कोर, एवं हिंदी इलेक्टिव में कुल 223 बच्चे रजिस्टर्ड थे सभी उपस्थित रहे कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं हुआ है । बच्चों ने सवेरे सबसे पहले अपना प्रवेश पत्र चेक कराया उसके बाद ईश्वर की वंदना करने के बाद ही प्रश्नपत्र को हल करना शुरू किया । हिंदी कोर विषय मे पंजीकृत 132 तथा हिन्दी इलेक्टिव विषय में पंजीकृत 91 परीक्षार्थियों में सभी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम तथा विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय की मौजूदगी में किया गया।

जानकारी के अनुसार 15 मार्च को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा कल्पना चावला इकाई के पदाधिकारी डॉ अनामिका सिंह के संयोजकत्व में प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर प्रथम में 09 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के प्रथम सत्र में कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण , दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । सरस्वती वंदना सरिता तथा पिंकी ने प्रस्तुत किया । स्वागतगीत सलोनी, शगुन तथा प्रिया ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत सुधांशु तथा विजय ने प्रस्तुत किया। सात दिवसीय विशेष शिविर का रिपोर्ट काजल यादव ने प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटूराम एवं विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों का स्वागत परंपरागत ढंग से डॉ रमेश कुमार शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने 9 मार्च 2026 से चल रहे विशेष शिविर में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सफाई की रैली निकालना स्वच्छता का हमारे जीवन में महत्व नामक शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता, घर घर जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का सर्वे, स्वास्थ्य टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित विषय पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान व्यावसायिक शिक्षा एवं रोजगार के साथ साथ आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता सहित तमाम विषयों पर दो गई शिक्षा स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को अपने जीवन में क्रियान्वित करने की सलाह दी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमे सुदूर गांव में जाकर सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं जैसे -वृद्धा पेंशन, रोड लाइट, नाली जैसे समस्याओं के अध्ययन करने का अवसर देता है तथा जीवन जीने की कला सिखाता है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वच्छता एवं पर्यावरण, सामाजिक विकास, जागरूकता अभियान तथा कौशल का विकास करना है । कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उन्होंने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं के साथ साथ कार्यक्रमधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ अनिल कुमार चौहान , डॉ मीनाक्षी चौहान तथा डॉ संतोष श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को कहा कि हमे अपने मानसिक, शारीरिक तथा भौतिक विकास के लिए सतत् प्रयास करते रहना चाहिए तथा घरेलू हिंसा के रोकथाम के लिए हमे निरंतर चिंतन करते रहना चाहिए । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए बीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव ने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं से कहा कि हमे प्रत्येक क्षण गंभीर रहना चाहिए तथा अपनी प्रतिभा को निखारते रहना चाहिए । उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्क्क्ड़ इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं अंग्रेजी प्रवक्ता श्री गौरी शंकर पाल ने कहा कि छात्र जीवन में समय प्रबन्धन एवं अनुशासन का विशेष महत्व है । राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम गांव के वास्तविक समस्याओं को समझकर उसका निदान कर सकते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग प्रो एम डी शुक्ला ने कहा कि विद्या से हमको विनय मिलती है तथा कार्य करने की क्षमता का विकास होता है उन्होंने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को जीवन में सफल होने के संक्षेप में टिप्स दिए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समापन सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो जे पी तिवारी ने स्वयंसेवक तथा स्वयं सेवकाओं से कहा कि वे सात दिवसीय शिविर में अनुशासन, समय पालन ,कार्य के प्रति निष्ठा तथा समाज को समय समय पर जागरूक करते रहे जिससे समाज में भाईचारा बना रहे तथा हम सुरक्षित जीवन जी सके।



# हंसिका मोटवानी

## की पर्सनल लाइफ के ड्रामे से एक्स भाभी परेशान, विवादों से झाड़ा पल्ला, बोलीं- 'फेक दुनिया' से मत जोड़ो

साउथ और बॉलीवुड की चर्चित एक्ट्रेस इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. उनकी शादी, रिश्तों और परिवार से जुड़े विवादों की खबरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. इसी बीच अब उनकी एक्स भाभी मुस्कान नैंसी जेम्स ने मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स से एक खास अपील की है, जिसने इस पूरे मामले को फिर से चर्चा में ला दिया है.

हंसिका मोटवानी ने शादी के 3 साल बाद अपने पति सोहेल कथुरिया से अलग होने का फैसला किया है. एक्ट्रेस की पर्सनल लाइफ लोगों के बीच चर्चा बटोर रही है. इसी बीच उनकी एक्स भाभी मुस्कान नैंसी जेम्स ने साफ तौर पर कहा है कि उनका नाम बार-बार हंसिका से जोड़कर खबरों में लाया जा रहा है, जबकि वो इस पूरे विवाद से दूरी बनाए रखना चाहती हैं. उन्होंने मीडिया से रिक्वेस्ट की है कि उन्हें इस मामले में घसीटना बंद किया जाए और उनकी निजी जिंदगी का सम्मान किया जाए.



### शादी के बाद हो गई थीं अलग

मुस्कान नैंसी जेम्स टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं और कई पॉपुलर शो में भी नजर आ चुकी हैं. उनका रिश्ता हंसिका मोटवानी के परिवार से तब जुड़ा जब उन्होंने हंसिका के भाई प्रशांत मोटवानी से शादी की थी. हालांकि, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया और दोनों के बीच मतभेद बढ़ने लगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के कुछ समय बाद ही दोनों अलग रहने लगे और बाद में उनके रिश्ते में गंभीर विवाद सामने आए.

### शिकायत भी दर्ज करवाई थी

इन विवादों के बीच मुस्कान ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके वैवाहिक जीवन में लगातार दखल दिया गया और उन्हें मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा. इस शिकायत में हंसिका और उनकी मां का नाम भी सामने आया था, जिसके बाद यह मामला काफी सुर्खियों में रहा. हालांकि, अब मुस्कान का कहना है कि वह इस पूरे मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं और अपनी जिंदगी पर फोकस करना चाहती हैं.

### पोस्ट शेयर कर की रिक्वेस्ट

उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए ये भी कहा कि मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, उनमें कई बातें बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जा रही हैं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, मैं कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से रिक्वेस्ट करना चाहती हूं कि मुझे किसी और की जिंदगी से जोड़कर खबरें न बनाएं. आप लोगों ने हमेशा मेरा साथ दिया है और समझदारी दिखाई है, इसके लिए मैं दिल से शुक्रिया करती हूं.

# अक्षय कुमार

## के 'भूत बंगला' टीजर ने 'धुरंधर 2' की बखिया उधेड़ दी!



19 मार्च को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' आ रही है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. पर 18 मार्च यानी रिलीज से एक दिन पहले ही फैन्स फिल्म देख सकते हैं. पेड प्रीव्यू के लिए एडवांस बुकिंग जारी है. रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ने आ रही है. जिसके टीजर और ट्रेलर को भी लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. लेकिन 10 अप्रैल का दिन भी सिनेमा प्रेमियों के लिए जबरदस्त साबित होगा. क्योंकि अक्षय कुमार उसी अंदाज में दिखने वाले हैं, जैसे लोग उन्हें देखना चाहते थे. जी हां, प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' से इस साल की शुरुआत करने वाले हैं. फिल्म का हाल ही में टीजर आया, जिसने लोगों को खुश कर दिया. हर किसी का कहना था कि- यह पूरी तरह से 'भूल भुलैया' है. दरअसल दोनों फिल्मों में स्टार्स के अलावा काफी कुछ मिलता-जुलता है. पर ऐसा क्यों कहा जा रहा है कि अक्षय ने 'धुरंधर 2' को पीछे छोड़ दिया है?

हाल ही में जानकारी मिली थी कि 'धुरंधर 2' के प्रोड्यूसर जियो स्टूडियोज वालों ने एग्जीबिटर्स से बड़ी डिमांड की है. वो चाहते हैं कि अगले 6 हफ्ते के लिए सिंगल स्क्रीन पर उन्हें सारे के सारे शोज मिल जाए. साथ ही यह शो नॉन शेयर होंगे. ऐसे में अक्षय कुमार की फिल्म 10 अप्रैल को आ रही है. जिसका नुकसान उन्हें हो सकता है. फिलहाल मामला सुलझाया गया या नहीं, यह अबतक पता नहीं लगा. पर 'धुरंधर 2' ने काम बिगाड़ने की पूरी तैयारी कर रखी है. इसी बीच अक्षय कुमार बड़ी जंग जीते हैं.

### अक्षय ने 'धुरंधर 2' को कैसे दी मात ?




'धुरंधर 2' के टीजर और ट्रेलर के अलावा अबतक एक गाना भी रिलीज कर दिया गया है. जिसमें-, ऋ्ऱ ऋ्ऱ शामिल है. हालांकि, फिल्म का आज से ठीक 1 महीने पहले टीजर आया था. जिसे हिंदी में टोटल 18 मिलियन व्यूज ही मिले थे, जो कि 1.8 करोड़ होता है. साथ ही 21 हजार लोगों ने वीडियो पर कमेंट किए थे. साथ ही टीजर को 4.9 लाख लोगों ने लाइक किया था. उस टीजर में कुछ नया नहीं था, जिसके चलते फैन्स खास खुश नहीं हुए थे. अब हाल ही में 'भूत बंगला' का टीजर आ गया. जो खबर लिखे जाने तक यूट्यूब पर दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है. हालांकि, यह ट्रेंड चार्ट लगातार बदलता रहता है. खास बात यह है कि महज 1 दिन में यह वीडियो 23 मिलियन पार हो चुका है. यानी कि 2.3 करोड़ लोगों ने वीडियो देखा है.

## अमर सिंह चमकीला की सक्सेस के बाद इम्तियाज अली-दिलजीत दोसांझ की वापसी, कैसा है मैं वापस आऊंगा का टीजर?




इम्तियाज अली की फिल्मों का अलग ही आनंद देखने को मिलता है. उनकी फिल्मों का इंतजार दर्शक बेसब्री से करते हैं. अब उनकी फिल्म मैं वापस आऊंगा सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म को लेकर फैंस के बीच उत्सुकता नजर आ रही है. इसके पहले जब दोनों अमर सिंह चमकीला के जरिए साथ आए तो भी फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. अब दोनों की साथ में आ रही नई फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया गया है.

छोटा सा टीजर भले ही फिल्म को लेकर कोई खास जानकारी साझा नहीं कर रहा है लेकिन इस टीजर ने फैंस को इमोशनल जरूर कर दिया है. फिल्म में दिलजीत दोसांझ और शरवरी वाघ की खूबसूरत बॉन्डिंग देखने को मिल रही है. आइए जानते हैं कि फैंस इस टीजर पर क्या रिएक्ट कर रहे हैं.

### खास रोल में हैं नसीरुद्दीन शाह

इम्तियाज अली भारतीय सिनेमा में यूनिक किस्म की लव स्टोरी लेकर आते रहे हैं. अब वे मैं वापास आऊंगा में प्यार, बिछड़ने और यादों की ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो दर्शकों के दिलों को छूने वाली है. इसके टीजर से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है.

फिल्म के टीजर में दिलजीत, शरवरी और नसीरुद्दीन शाह के किरदारों की झल्कियां नजर आई हैं. इसकी खास बात ये है कि इसमें नसीरुद्दीन शाह ने एक सिख शख्स का रोल प्ले किया है. इसके अलावा फिल्म में वैदांग रैना भी नजर आएंगे. साथ ही फिल्म का ये टीजर म्यूजिकल है जिसमें ए आर रहमान और इरशाद कामिल की जुगलबंदी की तारीफ की जा रही है.

### टीजर पर कैसा है लोगों का रिएक्शन ?

टीजर पर रिएक्ट करते हुए एक शख्स ने लिखा- रणबीर के बाद इम्तियाज का नया फेवरेट दिलजीत दोसांझ है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं. रहमान तो रहमान ही हैं. इरशाद तो इरशाद ही हैं.

एक और पोएटिक फिल्म देने के लिए इम्तियाज अली का शुक्रिया. वहीं एक दूसरे शख्स ने लिखा- मुझे ये देखकर अच्छा लग रहा है कि लोग एक बार फिर से इम्तियाज अली का समर्थन कर रहे हैं. फिलहाल अभी इस फिल्म की रिलीज में समय है. इसे थियेटर्स में 12 जून 2026 को रिलीज कर दिया जाएगा.

## 'टिटरी' विवाद में बादशाह को मिला सैंटी शर्मा का साथ, बोले- बिना समझे जज कर रहे लोग




बॉलीवुड और म्यूजिक इंडस्ट्री में इन दिनों मशहूर रैपर बादशाह अपने नए हरियाणवी गाने 'टिटरी' को लेकर जबरदस्त विवादों में घिरे हुए हैं. गाने के बोल और वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार बहस छिड़ी हुई है. कई लोगों ने इस गाने के कुछ शब्दों और विजुअल्स को आपत्तिजनक बताते हुए कड़ी आलोचना की है. हालांकि, इस विवाद के बीच अब रैपर सैंटी शर्मा खुलकर बादशाह के सपोर्ट में सामने आए हैं और उनका कहना है कि लोगों ने पूरे मतलब को समझे बिना ही सिंगर को जज करना शुरू कर दिया है.

1 मार्च को रिलीज हुए 'टिटरी' गाने के बाद से ही सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई. कुछ संगठनों और दर्शकों का आरोप है कि गाने के बोल महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक हैं और इसमें डबल मीनिंग शब्दों का इस्तेमाल किया गया है. इसी वजह से मामला इतना बढ़ गया कि हरियाणा में शिकायतें दर्ज हुई और पुलिस ने भी इस मामले की जांच शुरू कर दी. बढ़ते विवाद को देखते हुए बादशाह को पब्लिकली तौर पर माफी भी मांगनी पड़ी और गाने को कई प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया.

### सैंटी शर्मा ने पोस्ट किया शेयर

इसी बीच रैपर सैंटी शर्मा ने इस पूरे विवाद पर अपना रिएक्शन देते हुए बादशाह का बचाव किया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें कहा है कि भारत में अभी भी हिप-हॉप और रैप म्यूजिक की संस्कृति को ठीक से समझा नहीं गया है. उन्होंने कहा कि रैप में कई बार कलाकार कॉम्पटिशन और क्रिएटिव एक्सप्रेशन के लिए अलग-अलग शब्दों और संदर्भों का इस्तेमाल करते हैं, जिसे लोग अक्सर गलत तरीके से ले लेते हैं. सैंटी ने कहा, किसी भी गाने को लेकर फैसला देने से पहले उसके संदर्भ और म्यूजिक जॉनर को समझना जरूरी है.

### 'बादशाह को गलत आंका जा रहा है'

सिंगर ने ये भी बताया कि कभी-कभी गाने का ऑडियो उसके वीडियो से पहले तैयार हो जाता है और उसी वीडियो टीम बिल्कुल अलग होती है. अगर सौंग कोई लिरिकल गलत है तो उसके लिरिक्स अपडेट या चेंज करवा देना चाहिए पर जिस प्रकार से बिना पूरा मामला समझे बादशाह को जज किया जा रहा है वो गलत है. अगर किसी को मेरी बात बुरी लगी हो तो उसके लिए दिल से सॉरी पर सच यही है. 'टिटरी' गाने के कुछ बोलों को लेकर सोशल मीडिया पर भारी विरोध देखने को मिला और कई यूजर्स ने इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## खाड़ी तनाव की आंच भारत तक ईंधन और गैस आपूर्ति पर चिंता

**सरकार ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण किया है, ताकि आपातकालीन स्थिति में देश के पास कुछ समय तक ईंधन की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा सरकार तेल आयात के स्रोतों को भी विविध बनाने की कोशिश कर रही है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को दीर्घकालिक समाधान के तौर पर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पर तेजी से काम करना होगा। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी।**

*पिछले कुछ समय से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस के बड़े उत्पादक देशों के बीच बढ़ते टकराव और क्षेत्रीय असुरक्षा के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका गहराती जा रही है। इसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों पर पड़ सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। कच्चे तेल के मामले में देश लगभग 85 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक गैस का भी महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशों से आता है। इन आयातों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही प्राप्त होता है। ऐसे में यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या समुद्री मार्गों पर खतरा पैदा होता है, तो भारत की ईंधन आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, ईरान ने भारत के ईंधन लदे जहाजों को अपनी सीमा के होर्मुज से सुरक्षित निकालने पर सहमति दी है, लेकिन जहाजों के भारत पहुंचने तक तो संकट बना रहेगा। बड़ी बात यह है कि देश के कई राज्यों में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर संकट देखा जा रहा है। गैस सिलेण्डरों के लिए एजेन्सियों के बाहर लंबी कतारें होने के समाचार आ रहे हैं। होटल-रेस्टारेंट और गैस आधारित उद्योगों के बुरी तरह प्रभावित होने की सूचनाएं साझा हो रही है। हालांकि, सरकारें और प्रशासन अपने स्तर पर इस संकट से पार पाने और आमजन के दिलों में पैदा हुए डर को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आमजन के मन में बन रही संकट की तस्वीर मिट नहीं पा रही है। हाल के दिनों में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खाड़ी क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ती है, तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। इसके साथ ही गैस आधारित उद्योगों और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। भारत सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण किया है, ताकि आपातकालीन स्थिति में देश के पास कुछ समय तक ईंधन की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा सरकार तेल आयात के स्रोतों को भी विविध बनाने की कोशिश कर रही है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को दीर्घकालिक समाधान के तौर पर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पर तेजी से काम करना होगा। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। हालांकि फिलहाल देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने भविष्य को लेकर चिंता जरूर बढ़ा दी है। ऐसे समय में सरकार, ऊर्जा कंपनियों और नीति निर्माताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार रखें। कुल मिलाकर, खाड़ी देशों के बीच बढ़ता तनाव सिर्फ क्षेत्रीय राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए यह स्थिति एक चुनौती भी है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी।*

### एक्सप्रेस आलेख

समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरुपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है। भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी।



हृदयनारायण दीक्षित

उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, ''सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।'' बताते हैं, ''मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन सम्पदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।'' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं।

## आनंद का आनंद इसी संसार में



वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिन्दू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु, पक्षी, कीट-पतिंग भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है। लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सबके आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यन्त्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें तो इसे आनंदमय बनाया जा सकता है।' हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय

> जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।'' सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है।

राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद- सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है। कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई0पू0) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है। डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि ''भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।'' जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षो तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?'' औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार ''तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सबकुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केन्द्रीभूत प्रश्नों के सम्बन्ध में बहुत कम जानता है।'' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिन्दू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधीजी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केन्द्र हिन्दुत्व है। संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिन्दू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है। विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है। भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, ''सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं। किन्तु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।'' सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 09:21 तक |
| नक्षत्र: | शतभिषा 30:01 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | सिद्ध, 08:06 |
| सूर्योदय: | 06:24 |
| सूर्यास्त: | 18:20 |
| चंद्रमा: | कुम्भ राशि में |
| राहुकाल: | 15:21-16:50 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58-12:46 |

## जन एक्सप्रेस

### कांशीराम हमारे !


*मच गई है होड़ ।*
*कांशीराम हमारे ।।*
*नजर दलित वोट पर ।*
*हैं इसके सहारे ।।*
*सभा और रैली में ।*
*भर रहे हुंकार ।।*
*नईया पार लगाएंगे हम ।*
*हुआ है अत्याचार ।।*
*शुभचिंतकों की आ गई ।*
*है अचानक बाढ़ ।।*
*दशकों से है आपसे ।*
*संबंध ये प्रगाढ़ ।।*
*पोस्टर बैनर पट गये ।*
*टहल रहे सब आज ।।*
*हैं हम ही शुभचिंतक ।*
*हमें पहनना ताज ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## स्पाइन को बीमार कर सकता है ज्यादा स्क्रीन टाइम, दिख सकते हैं ये नुकसान



**आज** की डिजिटल लाइफ में मोबाइल और लैपटॉप हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। काम, पढ़ाई और सोशल मीडिया, हर काम स्क्रीन के सामने बैठकर ही होता है, लेकिन लगातार कई घंटों तक स्क्रीन देखने की आदत हमारी स्पाइन या रीढ़ की हड्डी के लिए नुकसानदायक हो साबित हो सकती है। गलत पॉश्चर में बैठना, गर्दन को आगे झुकाकर मोबाइल देखना, लैपटॉप पर झुककर काम करना और लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहना धीरे-धीरे स्पाइन पर दबाव डालता है। इसे मेडिकल भाषा में टेक्स्ट नेक भी कहते हैं। आइए जानते हैं कि ज्यादा स्क्रीन टाइम स्पाइन को किस तरह प्रभावित करता है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं?

**पॉश्चर खराब हो सकता है:** लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल के ऑर्थो डिपार्टमेंट के आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. इमरान अख्तर ने बताया कि जब हम मोबाइल या लैपटॉप देखते समय गर्दन को आगे झुका लेते हैं, तो स्पाइन पर दबाव बढ़ जाता है। सिर को 45-60 डिग्री तक झुकाने से गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है। लंबे समय तक ऐसा करने से गर्दन में जकड़न, कंधों में दर्द और पीठ में खिंचाव महसूस होने लगता है।

**मांसपेशियों का असंतुलन:** लगातार बैठकर काम करने की वजह से शरीर की कुछ मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, जबकि कुछ पर ज्यादा दबाव पड़ता है। इस असंतुलन से शरीर की प्राकृतिक संरचना बिगड़ने लगती है जिसके कारण पीठ दर्द, कंधों का झुकना और पॉश्चर संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

**डिजनरेटिव बदलाव:** स्पाइन में मौजूद डिस्क कुशन की तरह काम करती हैं, जो हड्डियों के बीच झटकों को सोखती हैं। गलत पोजीशन और लगातार दबाव के कारण इन डिस्क में समय से पहले घिसाव (डिजनरेशन) शुरू हो सकता है। इससे स्लिप डिस्क या कमर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**नसों पर दबाव:** जब स्पाइन की संरचना प्रभावित होती है, तो नसों पर दबाव पड़ सकता है। इससे हाथों में झनझनाहट, सुन्नपन या कमजोरी महसूस हो सकती है। कुछ मामलों में यह दर्द गर्दन से लेकर हाथों या कमर से पैरों तक फैल सकता है, जिसे साइटिका जैसी समस्याओं से जोड़ा जाता है।

**बच्चों और युवाओं पर प्रभाव:** ऑनलाइन क्लास और गेमिंग के कारण बच्चों में भी स्क्रीन टाइम तेजी से बढ़ा है। कम उम्र में ही अगर वे गलत पोजीशन में बैठते हैं, तो भविष्य में स्पाइन से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। बढ़ती उम्र में हड्डियों का विकास प्रभावित हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## डिजिटल अलगाव नहीं अब परिवेश से जुड़ाव की ओर जूमर्स



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

सामाजिक विरुपता को जूमर्स समझने लगे हैं और अब उनका प्रयास सामाजिक परिवेश से जुड़ने का होने लगा है। यह बदलाव का साफ संकेत हैं। टचिंग ग्रास की रिपोर्ट्स से सकारात्मक बदलाव का संकेत सामने आने लगा है।

> सोच में बदलाव यहां तक देखा जा सकता है कि अब अकेला होना आत्मविश्वास का परिचायक माना जाने लगा है। जूमर्स आज कलम ढूंढने लगे हैं तो कम्प्यूटर पर अंगुलियां चलाने के साथ लिखने का भी महत्व समझने लगे हैं। आज भले डिजिटल मीडिया कितनी ही तेजी से बढ़ रहा हो पर प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता बढ़ी है और टीवी चौनलों की चकाचौंध से आज का युवा दूर हो रहा है।

**जूमर्स** का इतनी जल्दी आभासी दुनिया से मोहभंग होगा, यह समझ से परे है पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट से यही सामने आ रहा है। दरअसल, साल 1997 से 2012 तक की अवधि में आई पीढ़ी को जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी के रुप में जाना जाता है। यह पीढ़ी इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ पली-बढ़ी पीढ़ी है। डिजिटल सेवी होने से आभासी दुनिया में इस पीढ़ी का अलग ही अनुभव रहा है। पर बहुत कम समय में आभासी दुनिया से इस पीढ़ी का तेजी से मोहभंग हो रहा है। सोशियो-साइको भाषा में कहा जाए तो जूमर्स एनालॉग पुनर्जागरण के दौर में आ गए हैं। आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं। इस पीढ़ी द्वारा अब आभासी अनुभवों के स्थान पर धरातलीय अनुभवों को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। यही कारण है कि जूमर्स में अब पुरातन को नकार और तथाकथित आधुनिकता को स्वीकार के स्थान पर दोनों में सामंजस्य खोजने की नई सोच विकसित होने लगी है। अब डिजीटल अलगाव के स्थान पर जूमर्स मानवीय संवेदना, जमीनी हालातों के साथ बेबाक होने लगे हैं। यह नई तरह की सामाजिक सामंजस्यता है जिसे सकारात्मक बदलाव के रुप में देखा जाना चाहिए। जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट प्लेटफार्म पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट में जेन जेड की जीवन शैली और सोच में बदलाव के यह संकेत उभर कर आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार जूमर्स की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। अब सप्ताहांत ही नहीं बीच में भी घर से बाहर डिनर लेने, आपसी मेल-मिलाप, दो लोगों के साथ समय बिताने, अपने परिवेश से जुड़ने, डिजिटल दुनिया से बाहर आने की सोच बनती जा रही है। यह डिजिटल दुनिया के दौर में सामाजिकता के लिए सकारात्मक बदलाव माना जा सकता है। यह सब तब है जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अधिक समय देने के बावजूद जिस तरह की रील्स देखने को मिल रही है वह बदलाव का स्पष्ट संकेत है। पिछले दिनों बैंक बड़ौदा में खाता खुलवाया लोकप्रिय हुआ या युवाओं द्वारा समूह में सुंदरकांड-हनुमान चालीसा पाठ या भजन गायकी जेन जेड की बदलती मानसिकता की परिचायक है। पिछले दिनों युवाओं में भजन क्लबिंग का दौर देखा जा रहा है। यह बदलाव इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि इंटरनेट-सोशल मीडिया की दुनिया में जूमर्स अब सामाजिकता खोजने लगे हैं। यह सही है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया के स्थान पर अपनी सामाजिक गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पदर्शित करने लगे हैं। यह भले रील्स के माध्यम से ही क्यों ना हो। इसका ताजातरीन उदाहरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चंग बजाते, फागुनी गीत गाते युवाओं की टीमों को देखा जा सकता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर लोकगीतों और लोक परंपराओं की पालन करती महिलाओं को देखना आम होता जा रहा है। यह सोच के बदलाव का ही परिणाम है। अन्यथा हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि एक कमरे में बैठे परिवार के सभी सदस्य चाहे बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे, सभी स्क्रीन की दुनिया में खोए हुए देखे जाते हैं। बदलाव का यह दौर अब सोशल मीडिया पर तो सक्रिय है पर यह सक्रियता सामाजिकता को दर्शाती मूल्यात्मक सक्रियता है। टचिंग ग्रास रिपोर्ट में खासतौर से 11 रुझान देखे गए हैं। इनमें कोलोजन इकोनोमी, एल्गोडिट्च, या एल्गोरिदम, साइडक्वेस्टकोर, मिथ मेकिंग आदि है। जेन जेड युवा की समझ में अब प्रतिस्पर्धा का कोई महत्व ना होकर कोलोजन इकोनोमी यानी एक ही काम करने वाले प्रतिस्पर्धा के स्थान पर परस्पर सांठगांठ या समन्वय से कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान देने लगे हैं। सटीक परिणाम पर विश्वास रखने लगे हैं तो स्टेप वाइज आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने लगे हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 से 2045 परिवारों को मिली पहली किस्त

# पक्के घर के सपने को मिली नई उड़ान

■ कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश भर के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा बड़ा कदम उठाया गया है। सोमवार को प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 90 हजार परिवारों को करीब 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इसी क्रम में जनपद पीलीभीत के 2045 लाभार्थी परिवारों को भी अपने पक्के मकान के निर्माण के लिए एक-एक लाख रुपये की पहली किस्त उनके खातों में भेजी गई। धनराशि मिलते ही लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखाई दी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज, पूरनपुर विधायक डॉ. बाबूराम पासवान, नगर पालिका परिषद पीलीभीत की अध्यक्षा डॉ.आस्था अग्रवाल, नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गुप्ता तथा जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और लाभार्थियों ने देखा और सुना।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास निर्माण के साथ-साथ लाभार्थियों को शौचालय, पेयजल के लिए नल कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित कराई जाएं। साथ ही भू-माफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए भी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले 18 जनवरी 2026 को भी जनपद के 1161 लाभार्थियों को योजना की किस्त जारी की जा चुकी है। सरकार की मंशा है कि पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे।

कार्यक्रम में प्रसून द्विवेदी (अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व), पवन कुमार सिंह (उप जिलाधिकारी न्यायिक/परियोजना अधिकारी डूडा), वीरेंद्र सिंह (सीएलटीसी), श्रीकांत (शहर मिशन प्रबंधक), राजीव कुमार मिश्रा (सामुदायिक आयोजक) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लाभार्थियों ने सरकार की इस योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनका पक्के घर का सपना साकार होने की दिशा में बड़ा कदम मिला है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लखनऊ से हुआ सीधा संबोधन

### बरखेड़ा विधानसभा के 293 लाभार्थियों को मिला योजना का लाभ: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

कार्यक्रम में उपस्थित बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के 293 लाभार्थियों को भी पहली किस्त का लाभ मिला है। उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश



सरकार गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से हजारों परिवारों को अपने पक्के घर का सपना पूरा करने का अवसर मिल रहा है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# पीलीभीत में 18 मार्च को होगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

**नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई जाएगी शपथ, उत्कृष्ट व्यापारियों को मिलेगा 'व्यापारी केशरी' व 'पीलीभीत गौरव' सम्मान**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




जनपद के व्यापारिक जगत के लिए 18 मार्च का दिन खास रहने वाला है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि0) पीलीभीत इकाई की ओर से एक भव्य शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संगठन के नवगठित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी, वहीं जनपद के प्रतिष्ठित और सक्रिय व्यापारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा।

इस समारोह में प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे, जिनकी मौजूदगी से कार्यक्रम को विशेष गरिमा मिलने की उम्मीद है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इसके साथ ही भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता तथा प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पांडेय भी कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### व्यापारियों के सम्मान और संगठन की मजबूती का संदेश

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने अपने स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं और संगठन अब 53वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा से व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की आवाज बनकर खड़ा रहा है। आगे भी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार सक्रिय रहेगा।

उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान जनपद के कई सम्मानित व्यापारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'व्यापारी केशरी सम्मान' और 'पीलीभीत गौरव सम्मान' प्रदान किया जाएगा। साथ ही संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर संगठन को और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने की दिशा में नई शुरुआत की जाएगी।

### राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य का भी होगा स्वागत

जिला अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में मनोनीत किए गए सुधीर पांडेय का भी कार्यक्रम में आगमन प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर संगठन के पदाधिकारी और व्यापारी वर्ग खासा उत्साहित है और उनके स्वागत की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का आह्वान किया।

### व्यापारियों के हितों के लिए संगठन रहेगा प्रतिबद्ध: स्वतंत्र देवल

जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल हमेशा से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संगठन व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों के लिए पूरी मजबूती के साथ कार्य करता रहेगा।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना, मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष रवि शर्मा, महामंत्री हरिपाल यादव, उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, नौगंवा अध्यक्ष राहुल शर्मा, महामंत्री राकेश गंगवार, उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह चिंटू, युवा जिला अध्यक्ष नितेंद्र नाथ मिश्रा और युवा नगर अध्यक्ष प्रतीक सक्सेना सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं व्यापार मंडल की ओर से सभी व्यापारियों से अपील की गई है कि वे 18 मार्च को आयोजित इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें।

# डिजिटल तकनीक से बदल रही गन्ना खेती की तस्वीर, भसूड़ा के किसान बने प्रेरणा

**ड्रोन, सेंसर और ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों से बढ़ रहा उत्पादन, जिला गन्ना अधिकारी ने किया खेतों का निरीक्षण**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद पीलीभीत में गन्ना खेती अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीक के सहारे नई दिशा में आगे बढ़ रही है। किसान अब डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और उन्नत कृषि तकनीकों की मदद से खेती को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने में जुटे हैं। इसी क्रम में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम भसूड़ा का दौरा कर प्रगतिशील किसान डॉ. हरमीत सिंह के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में अपनाई जा रही आधुनिक खेती पद्धतियों का जायजा लिया और किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसान द्वारा गन्ने की उन्नत प्रजातियों की खेती के साथ-साथ अन्य फसलों को भी शामिल किया गया है। सहफसली खेती से जहां खेत की उत्पादकता बढ़ रही है, वहीं किसानों की आय के नए स्रोत भी तैयार हो रहे हैं। फसल को कीटों से सुरक्षित रखने के लिए खेतों में सोलर आधारित फेरोमोन लाइट ट्रैप लगाए गए हैं, जिनसे भेदक कीटों पर नियंत्रण किया जा रहा है। यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ कम लागत में प्रभावी परिणाम देती है। इसके अलावा खेत की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे फसल की स्थिति, रोग-कीट का प्रकोप और सिंचाई की जरूरत की जानकारी समय रहते मिल जाती है। खेतों में ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पानी दिया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण के साथ उत्पादन में भी बढ़ोतरी हो रही है। प्रगतिशील किसान डॉ. हरमीत सिंह ने बताया कि उन्होंने को.लख. 14201 गन्ना प्रजाति से प्रति एकड़ 400 कुंतल से अधिक उत्पादन प्राप्त किया है। वर्तमान में इसी प्रजाति की चौथी पेड़ी की फसल खेत में खड़ी है। उन्होंने बताया कि किसान अब खेती से जुड़ी नई जानकारी के लिए यूट्यूब, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं, जिससे आधुनिक खेती के तरीकों को अपनाना आसान हो गया है। भ्रमण के दौरान मनोज साहू (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक), राजेश कुमार (सचिव बीसलपुर), अमरनाथ दुबे, गुरदयाल सिंह सहित अन्य किसान भी मौजूद रहे।

### किसानों के खेत तक पहुंचकर दे रहे आधुनिक खेती का मार्गदर्शन: खुशीराम भार्गव

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों को आधुनिक गन्ना खेती की तकनीकों से अवगत करा रहे हैं। उनका मानना है कि यदि किसान नई तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाएं तो गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में डिजिटल माध्यमों और तकनीकी साधनों के उपयोग से खेती अधिक सरल और लाभकारी बन रही है। ड्रोन, सेंसर आधारित उपकरण और ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों से न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है बल्कि लागत भी कम की जा सकती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उन्नत गन्ना प्रजातियों, सहफसली खेती और आधुनिक सिंचाई प्रणाली को अपनाकर खेती को अधिक समृद्ध और टिकाऊ बनाएं।

### आधुनिक तकनीक से खेती में आ रहा बदलाव

आज का किसान पहले की तुलना में कहीं अधिक जागरूक और तकनीक से जुड़ा हुआ है। मोबाइल फोन और इंटरनेट की उपलब्धता ने खेती की दुनिया को भी बदल दिया है। किसान अब खेत में ही बैठकर नई तकनीकों, उन्नत बीजों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। ड्रोन, सेंसर आधारित उपकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे साधन खेती को नई दिशा दे रहे हैं। इससे किसानों को फसल की सही समय पर देखभाल करने में मदद मिल रही है और उत्पादन भी बढ़ रहा है। पीलीभीत जनपद में प्रगतिशील किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक खेती पद्धतियां यह साबित करती हैं कि यदि तकनीक और मेहनत का सही समन्वय हो तो खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सकता है। आने वाले समय में ऐसे प्रयास निश्चित रूप से किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नमकीन बनाते समय छत पर भड़की आग, ऊंची लपटों से मोहल्ले में मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**खौलते तेल से उठी लपटों ने पास रखे तेल के पीपों को भी लिया चपेट में, दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू**

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला खुशीमल में सोमवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक मकान की छत पर नमकीन तैयार करते समय अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें आसमान तक उठने लगीं और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला खुशीमल निवासी जुम्मा अपने घर पर नमकीन और सेव बनाने का कार्य करते हैं। सोमवार सुबह भी घर की छत पर कारीगर भट्ठी जलाकर बड़ी कड़ाही में तेल खौलाकर नमकीन तल रहे थे। इसी दौरान अचानक खौलते तेल से आग की तेज लपटें उठने लगीं और कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।बताया जा रहा है कि छत पर रखे तेल और मोबिल ऑयल के पीपों तक आग पहुंच जाने से लपटें और भी तेज हो गईं। इससे छत का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया और चारों ओर धुआं फैल गया। कारीगरों ने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद घर के अन्य लोग बाहर निकल आए। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और कुछ ही देर में वहां भारी भीड़ जमा हो गई। पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई।

मौके पर पहुंचे सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी और मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह ने हालात का जायजा लिया और दमकल कर्मियों को आग बुझाने के निर्देश दिए। दमकल की टीम ने पाइप लाइन बिछाकर पानी की तेज बौछार शुरू की और धीरे-धीरे आग पर नियंत्रण पाया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। आग की तेज गर्मी के कारण मकान की छत को भी नुकसान पहुंचा और उसमें कई जगह दरारें पड़ गईं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने मकान के बाहरी हिस्से की एक दीवार भी तुड़वाकर स्थिति को सुरक्षित किया।

घटना में छत पर रखा काफी सामान जलकर नष्ट हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी लोग घर से बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग पर काबू पाने के बाद आसपास के लोगों ने भी राहत की सांस ली।

# नफीस अहमद अंसारी ने आयोजित किया भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम, भाईचारे और एकता का दिया संदेश

■ के.जी.एन.-2 समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय में जुटे हजारों लोग, देश-प्रदेश में अमन-चैन की मांगी दुआ

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी द्वारा के.जी.एन.-2 समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय, पीलीभीत में पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में सभी रोज़ेदारों ने एक साथ बैठकर रोज़ा खोला और देश व प्रदेश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली के लिए दुआ की। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर रमज़ान की मुबारकबाद दी। पूरे आयोजन का माहौल भाईचारे, प्रेम और सौहार्द से भरा नजर आया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, संयम, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। यह महीना समाज में प्रेम, एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि रोज़ा इफ्तार जैसे आयोजन विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि नफीस अहमद अंसारी हमेशा सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करते रहते हैं। उनके द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम भी इसी भावना का प्रतीक है। बताया जाता है कि जब भी जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी के द्वारा कोई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो उसमें हजारों की संख्या में लोग स्वतः ही शामिल हो जाते हैं। इस कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। नफीस अहमद अंसारी को क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल के रूप में भी देखा जाता है।उन्होंने हमेशा भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का प्रयास किया है तथा लोगों की हर संभव मदद के लिए आगे रहते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के लोग उन्हें एक सामाजिक और जनसेवी नेता के रूप में पहचानते हैं। बताते चलें कि यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा आयोजन किया हो। पिछले कई वर्षों से वह रोज़ा इफ्तार पार्टी और होली मिलन समारोह का आयोजन करते आ रहे हैं, जिसमें सभी समुदायों के लोग एक साथ शामिल होकर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। इतना ही नहीं, वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान भी नफीस अहमद अंसारी ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आकर सराहनीय कार्य किया था। उस कठिन समय में उन्होंने घर-घर जाकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया और लोगों की हर संभव सहायता की। उनके इस कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हुई थी। राजनीतिक गलियारों में भी अब 127 विधानसभा क्षेत्र में नफीस अहमद अंसारी की गिनती प्रमुख और सक्रिय नेताओं में होने लगी है। क्षेत्रीय राजनीति में उनकी बढ़ती सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें एक मजबूत जनाधार वाले नेता के रूप में देखा जा रहा है। रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा और अंत में सभी ने देश व प्रदेश की तरक्की, शांति और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से दुआ की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नफीस अहमद अंसारी के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं।

# मां के दर्शन के लिए गया जत्था वापस लौटा, मनाई खुशी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कस्बा घुंघचाई से मां के दर्शन के लिए पैदल रवाना हुआ जत्था मां के दरबार से वापस लौटा, गाजे-बाजे के साथ अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशी मनाई गई।

जयकारे से बातावरण भक्तीमय हो गया। घुंघचाई से मां के दरबार में दर्शन करने गया श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को वापस लौट आया। जत्थे के गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ 'जय माता दी' के जयकारे लगाते हुए गांव में प्रवेश किए। इस दौरान भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जत्थे के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहले से ही मौजूद रहे। श्रद्धालुओं के पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। कई स्थानों पर महिलाओं ने आरती उतारकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण किया गया। पूरे माहौल में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि मां के दरबार में दर्शन कर उन्हें अपार शांति और आध्यात्मिक संतोष की अनुभूति हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी से अपने परिवार, क्षेत्र और देश की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हर्षित मिश्रा हत्याकांड पर दिल्ली में गूंजा मामला, सांसद जितिन प्रसाद ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बदायूं जिले के दातागंज क्षेत्र स्थित सैंजनी गांव में एचपीसीएल प्लांट में हुई दोहरे हत्याकांड की घटना अब दिल्ली तक पहुंच गई है। पीलीभीत के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात कर मामले की गंभीरता से जानकारी दी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद जितिन प्रसाद ने बताया कि वह मृतक हर्षित मिश्रा के परिजनों के लगातार संपर्क में हैं और परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि बदायूं के दातागंज क्षेत्र के सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल (हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) प्लांट में चार दिन पहले सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा और एचपीसीएल के अधिकारी सुधीर गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि मृतकों को पहले से ही धमकियां मिल रही थीं, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस और उच्च अधिकारियों से भी की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले का संज्ञान लिया है और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

पूरनपुर नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी सुशील मिश्रा और रानी मिश्रा के बड़े पुत्र हर्षित मिश्रा बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मोहल्ले के आनंद आश्रम स्कूल में हुई, जबकि कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई हबीबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कक्षा छह से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर से प्राप्त की। वर्ष 2007 में हाईस्कूल परीक्षा में उन्होंने अपने विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया था और गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इंटरमीडिएट के बाद उन्होंने लखीमपुर से पॉलिटेक्निक किया और फिर कानपुर के एचबीटीआई (हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय) से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्हें एचपीसीएल में नौकरी मिली और विभिन्न प्रदेशों में उनकी तैनाती रही। हर्षित मिश्रा दो बार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के इंटरव्यू तक भी पहुंच चुके थे। करीब डेढ़ वर्ष पहले उनकी तैनाती बदायूं के सैंजनी स्थित एचपीसीएल के बायोगैस प्लांट में हुई थी। हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा पूरनपुर चीनी मिल में कर्मचारी थे और गत वर्ष 30 नवंबर को ही सेवानिवृत्त हुए थे। हर्षित की असमय हत्या से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन और क्षेत्रीय लोग घटना से स्तब्ध हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इधर सांसद जितिन प्रसाद के हस्तक्षेप के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ेगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकेगा।

# खोए मोबाइल लौटाकर पीलीभीत पुलिस ने दिलाई राहत, 206 फोन मालिकों को किए सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में साइबर क्राइम टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए बड़ी संख्या में खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से 206 लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पीलीभीत पुलिस के प्रयासों की सराहना की और आभार जताया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में चलाया गया। पूरे अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया तथा सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल द्वारा की गई। जनपद की साइबर क्राइम टीम और सभी थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क के संयुक्त प्रयास से यह सफलता हासिल हुई। पुलिस के अनुसार जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से मोबाइल फोन खोने और चोरी होने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम टीम ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोनों की ट्रैकिंग शुरू की। लगातार की गई तकनीकी जांच और लोकेशन ट्रैकिंग के बाद पुलिस टीम ने कुल 206 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता प्राप्त की। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कुल कीमत लगभग 24 लाख 39 हजार 440 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने सभी मोबाइल फोन उनके असली मालिकों की पहचान सत्यापित करने के बाद विधिवत रूप से उन्हें वापस सौंप दिए। मोबाइल मिलने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ फोन दोबारा मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता से उनका मोबाइल वापस मिल गया।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | उरई



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम मोहम्मदपुर निवासी पुष्पा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पिछले दो वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, जिसके इलाज में काफी धन खर्च हो चुका है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान भी जर्जर अवस्था में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आज ही मौके पर पहुंचकर जांच कराई जाए तथा पात्रता पाए जाने पर महिला को तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए। इसीक्रम में ग्राम सैदनगर के प्रधान सीताराम ने प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की कि ग्राम में तैनात लेखपाल काश्तकारों के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा उप जिलाधिकारी उरई को निर्देशित किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित लेखपाल के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई में ग्राम खेरे निवासी प्रीती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति की लगभग दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है और उनकी तीन बेटियां अन्नू (09 वर्ष), निधि (06 वर्ष) तथा नंदनी (02 वर्ष) हैं, जिनके पालन-पोषण में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार ग्राम नौरेजपुर निवासी शिखा ने बताया कि उनके पति की छह माह पूर्व मृत्यु हो गई है। उनकी तीन बेटियां प्रगति सिंह (13 वर्ष), अवनी (09 वर्ष) तथा मानवी (07 वर्ष) हैं, जिनकी शिक्षा एवं पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि इन सभी बेटियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। इस योजना के तहत पात्र बच्चों को प्रति लाभार्थी 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बेटियों की बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका प्रवेश कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करें : डीएम

जन एक्सप्रेस/हरदोई। हरदोई।डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की आहूत समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सिडकों, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिगं का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे किये जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा,एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अशोक मौर्य सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवको की मौत

जन एक्सप्रेस | हरदोई



मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि बाइक पर सवार दूसरा साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगों ने घायल इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया।जहां से उसे गम्भीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर होने पर उसकी रास्ते मे मौत हो गयी।एक ही गांव के बाइक सवार दो युवकों की मौत से कोहराम मच गया।
जानकारी के अनुसार रविवार को माधौगंज थाना क्षेत्र के धमाई गांव निवासी नन्दराम के पुत्र रवि की बारात काली मिट्टी रणधीर खेड़ा लबानी थाना फतेपुर चौरासी उन्नाव को गईं थी।गांव की बारात में शामिल होने नीरज पाल पुत्र ओम प्रकाश अपने साथी अजय पुत्र मथुरा प्रसाद अपनी बाइक से गए हुए थे।सोमवार को बारात से वापस लौट रहे बाइक सवार नीरज व अजय जैसे ही कटरा -बिल्हौर हाइवे पर सुल्तानपुर पुलिया के पास पहुंचे उसी समय मल्लावां की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी।इस हादसे में बाइक सवार नीरज की मौके पर ही मौत हो गईं।जबकि अजय गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल अजय को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी मल्लावां ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था।जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे अजय की भी मौत हो गयी। मृतक नीरज नोएडा में एक स्पोर्ट फैक्ट्री में काम करता था जो होली पर आया था और दोस्त रवि की बरात को लेकर रुका था। दो भाइयों और बहन में सबसे बड़ा था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं डंपर को उन्नाव पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच के जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस | उरई

आटा थाना क्षेत्र के अकबरपुर इटौरा निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी रामबली का छोटा बेटा आनंद 23 वर्ष अपने बड़े भाई पवन के साथ कर्नाटक के मैसूर जिले में रहकर पानीपुरी का ठेला लगाकर रोजी-रोटी कमा रहा था। बताया गया कि रविवार की सुबह पवन रोज की तरह अपने काम पर निकल गया, जबकि आनंद कमरे में ही रुक गया था।काफी देर तक जब आनंद काम पर नहीं पहुंचा तो पवन को चिंता हुई। वह वापस कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। आशंका होने पर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वह दुपट्टे के फंदे से फांसी पर लटका। पुलिस उसे तुरंत फांसी के फंदे से उतारा और नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही अकबरपुर इटौरा गांव पहुंची, वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि आनंद मेहनत-मजदूरी कर परिवार की मदद के लिए भाई के साथ कर्नाटक गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

जन एक्सप्रेस | उरई



मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर जालौन में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनपद के 33 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उन्हें अपने स्वयं के पक्के आवास के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी गरीब परिवार बिना आवास के न रहे। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हजारों परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनपद में पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित कराया जाए, ताकि लाभार्थियों को शीघ्र अपने आवास का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# शराब ठेके से नाराज महिलाओ ने लगाया जाम, सीओ कोतवाल पहुंचे मौके पर

जन एक्सप्रेस | उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा में सुबह से पहले ठेका खुलने और शराबियों के तांडव से परेशान गांव की महिलाओं ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही सीओ व कोतवाल मौके पर पहुंचे। जिन्होंने समझा बूझकर मामला शांत करवाकर जाम खुलवाया।
शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोहदपुरा में देशी व अंग्रेजी शराब ठेका पर सुबह से ही शराब की बिक्री शुरु हो जाती है। शराब पीकर लोग हंगामा करते हैं इस कारण महिलाओं व गांव की बेटियों को रास्तों से निकलने में दिक्कत होती है। सोमवार की सुबह 9 बजे के आसपास गांव की एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं ने पुरुषों के साथ मिलकर जालौन-औरैया रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। महिलाओं सुनीता, प्रीती, करतला वाली, राममूर्ति ने कहा कि गांव से शराब ठेका बंद कराया जाए। जिससे माहौल न बिगड़ सके। जाम लगने की सूचना पर 10 बजे के लगभग सीओ राजीव कुमार शर्मा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चंद मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। सीओ ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोला और 11 बजे तक यातायात सुचारु हो सका।

# विभागीय लक्ष्य के अनुरूप प्रति माह सोलर प्लाट लगवायें : सीडीओ

## सोलर उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण के निर्देश




जन एक्सप्रेस | हरदोई

नेडा विभाग की पी0एम0 सूर्य योजना संबंधी बैठक सीडीओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में सीडीओ ने पीओ नेडा को निर्देश दिये कि सोलर प्लांट लगाने हेतु शिक्षा विभाग, चिकित्सा सहित अन्य सभी विभागों में पत्र भेजें और सोलर के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करायें और विभागीय लक्ष्य के अनुरूप प्रति माह सोलर प्लाट लगवायें। सोलर उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि सोलर उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। सोलर प्लांट के लिए बैंकों में लम्बित ऋण संबंधी आवेदन पत्रों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने एलडीएम को निर्देश दिये कि सभी बैंको में सोलर हेतु लम्बित आवेदन पत्रों का 15 दिन में निस्तारण कराकर सोलर उपभोक्ताओं को ऋण उपलब्ध करायें। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मॉर्निंग न्यूट्रिशन की शक्ति से अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं

कानपुर। मौसम बदलने के समय मौसमी वायरल संक्रमण अक्सर बढ़ जाते हैं, इसलिए अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी, फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियां ऐसे मौसम में तेजी से फैलती हैं। इसलिए दिन की शुरुआत से ही शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना फायदेमंद होता है। एक संतुलित सुबह की दिनचर्या आपकी इम्यूनिटी को सही तरह से काम करने के लिए जरूरी आधार देती है। सुबह के भोजन में बादाम, अंडे, खट्टे फल, फर्मेंटेड फूड्स और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने से शरीर को ऊर्जा और जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलते हैं। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और शरीर में सूजन कम करने में मदद करते हैं। यहां सुबह के भोजन में शामिल करने के लिए चार आसान विकल्प दिए गए हैं। बादाम- बादाम 15 पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें विटामिन श्व, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक शामिल हैं। ये पोषक तत्व शरीर में एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि को बढ़ाते हैं और इम्यून कोशिकाओं को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करते हैं।

# राजस्व वसूली में ढिलाई पर सख्त जिलाधिकारी, कम प्रगति पर अधिकारियों को चेतावनी

जन एक्सप्रेस | उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की। लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि वाणिज्यकर (जीएसटी) विभाग की वसूली गत वर्ष की उपलब्धि की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत कम है। इस पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित अधिकारी को लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जीएसटी,स्टाम्प, परिवहन एवं अन्य राजस्व विभागों को भी वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा जारी आरसी की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर तहसील जालौन, माधौगढ़, कोंच, कालपी के तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा उपजिलाधिकारियों को चेतावनी देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी वसूली कार्रवाई की जाए और लंबित राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। वाणिज्य कर विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जनपद में किसी भी स्तर पर कर अपवंचन (टैक्स चोरी) नहीं होने दिया जाए। उन्होंने प्रवर्तन अभियान चलाकर कार्रवाई तेज करने तथा शिथिलता एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एम-चेक गेट द्वारा काटे गए चालानों की वसूली में लापरवाही पाए जाने पर एआरटीओ प्रशासनिक, एआरटीओ प्रवर्तन, पीटीओ एवं खनन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही धारा-34 एवं धारा-116 के अंतर्गत लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी एवं निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कब्जे की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने तथा शासन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए सभी विभाग पारदर्शिता, तत्परता और उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें तथा अधिकारी फील्ड में रहकर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 97 शिकायतें




जन एक्सप्रेस | हरदोई

हरदोई।कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 97 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

जन एक्सप्रेस | हरपालपुर




हरपालपुर कस्बा स्थित आर.के. पाण्डेय गेस्ट हाउस में सोमवार को एक दिवसीय %ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला% का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने दीप प्रज्वलित कर किया। ?कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक रानू ने उपस्थित ग्राम प्रधानों, अभिभावकों और शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। विधायक ने जोर देकर कहा कि जब शिक्षक,अभिभावक और जन प्रतिनिधि एक साथ मिलकर प्रयास करेंगे,तभी ग्रामीण अंचल के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रधानों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि डॉ.रजनीश कुमार त्रिपाठी,खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयभान सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामप्रताप पांडेय,मुन्नूलाल अग्निहोत्री,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अलोक मिश्र,निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष व अधिवक्ता राकेश मिश्रा,शिक्षक नेता अनुराग पांडेय,वीरपाल कठेरिया, विनोद अग्निहोत्री,विनय शुक्ला,मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | हरदोई




हरदोई।जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आबकारी, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, वन विभाग, सिंचाई एवं नलकूप, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका बिलग्राम तथा आबकारी विभाग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिये। सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम डैश बोर्ड मे रैकिगं मे सुधार लाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डबल मर्डर : माँ बेटे की निर्मम हत्या, घर में मिला दोनों का रक्तरंजित शव

## आईजी ने एसपी के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



> एसपी ने बताया कि मां बेटे का शव उनके घर से बरामद हुआ है। दोनों के सिर पर चोट के निशान हैं। पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन करने के साथ ही अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है।

जिले के अंतू थाना इलाके में माँ और बेटे की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। सोमवार को दोनों का घर में ही दोनों का रक्तरंजित शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आईजी प्रयागराज अजय कुमार मिश्र ने एसपी दीपक भूकर के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र ही दोषियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया है। मिली जानकारी के अनुसार अंतू थाना इलाके के पाराहमीदपुर गांव निवासी दिनेश मौर्य रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेस में रहता है। घर पर उसकी पत्नी व बच्चे रह रहे थे। रविवार रात दिनेश की पत्नी शिवपति मौर्य ( 40 वर्ष ) एवं उसके पुत्र अयान ( 12 वर्ष ) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह जब सटरिंग करने वाला मिस्त्री आया तो उसने आवाज लगाई। जब घर से कोई नहीं निकला तो वह अंदर गया जहां पर मां बेटे का शव देखकर उसके होश उड़ गये और उसने ग्रामीणों को सूचना दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद थाना प्रभारी अंतू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस घटना के सम्बंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही अन्य पहलुओं पर भी गहनता से छानबीन कर रही है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया है। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की बेटी ने रो रोकर पड़ोस के ही रहने वाले एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है जिससे जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पर एसपी दीपक भूकर व सीओ सिटी प्रशांत राज भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सूचना मिलने के बाद सदर विधायक राजेंद्र मौर्य भी मौके पर पहुंचे और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### लोकसभा में उठाया स्मार्ट मीटर की खामियों का मुद्दा

**देवरिया।** सपा सांसद रमाशंकर राजभर ने लोकसभा में स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों और पूर्वांचल की बिजली व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में केंद्रीय उर्जा राज्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य करा रही है। सांसद ने केंद्रीय उर्जा मंत्रालय से सवाल पूछा कि क्या सरकार को यह जानकारी है कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को गलत रीडिंग, अत्यधिक बिल, प्रीपेड शेष राशि में तेजी से कमी और तकनीकी गड़बड़ियों जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने जानना चाहा कि यदि सरकार को इसकी जानकारी है तो इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं? इसके साथ ही उन्होंने पूर्वांचल के देवरिया और बलिया जिले के कई गांवों में आज भी बांस के खंभों के सहारे हो रही असुरक्षित बिजली आपूर्ति, कम वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और जर्जर विद्युत लाइनों की समस्या का मुद्दा भी सदन में उठाया। सांसद के प्रश्न के जवाब में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपाद येशा नाइक ने जवाब देते हुए बताया कि देवरिया और बलिया जिलों में आरडीएसएस के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का विवरण अनुबंध-प्रथम में दिया गया है।

# पुलिस की मौजूदगी में केदार गौंड का हुआ अंतिम संस्कार

## पूरी रात पुलिस निगरानी में रहा शव, एक गिरफ्तार, बाकी की तलाश में तीन टीमें गठित

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महाराजगंज

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोहरौली निवासी केदार गौंड का रविवार सुबह भारी पुलिस बल की मौजूदगी में चंदन नदी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुबह करीब छह बजे मृतक के बेटे अखिलेश गौंड ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान परिजनों के रुदन से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

शनिवार की रात शव पुलिस की निगरानी में रखा गया था। इससे पहले शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा था। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने ठूठीबारी-निचलौल एनएच-730एस मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया। परिजनों का आरोप था कि हादसे के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित परिजन सड़क पर लेट गए और स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ठूठीबारी थानाध्यक्ष नवनीत नागर, निचलौल थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा और चौक थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामला बढ़ता देख एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता और सीओ वसंत सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर समझाने का प्रयास किया। एसडीएम ने लिखित रूप से कार्रवाई का भरोसा भी दिया, लेकिन परिजन देर रात तक जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। रात करीब 10=30 बजे एएसपी सिद्धार्थ मौके पर पहुंचे और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर परिजनों का गुस्सा शांत कराया। इसके बाद करीब साढ़े चार घंटे से लगा जाम हट सका। जाम के कारण हाईवे पर लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। गोरखपुर और महराजगंज से ठूठीबारी जाने वाले वाहनों को गड़ौरा पुलिस पिकेट से कड़जा, मुहम्मदपुर होते हुए चटिया मार्ग और लक्ष्मीपुर खुर्द एसएसबी रोड से डायवर्ट किया गया। वहीं ठूठीबारी से गोरखपुर और महराजगंज जाने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से भेजा गया। यात्रियों का कहना था कियदि एसएसबी का बाईपास मार्ग नहीं होता तो जाम की स्थिति और भी विकट हो सकती थी।

गौरतलब है कि 13 मार्च को लोहरौली निवासी केदार गौंड साइकिल से गड़ौरा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान गांव के पूर्व मा. विद्यालय के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष नवनीत नागर ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का दावा है कि बाकी आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ईद एवं नवरात्रि पर्व के मद्देनजर एसडीएम व सीओ ने की पीस कमेटी की बैठक



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को रानीगंज थाने पर आगामी ईद के त्यौहार एवं चैत्र नवरात्रि को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी रानीगंज एवं सीओ विनय प्रभाकर साहनी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। साथ ही सभी को प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जुलूस व इबादत स्थलों की व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु व पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गोरखपुर के आकाश ने सोहगौरा के भोला को दी पटकनी

**देवरिया।** क्षेत्र के हड़हा गांव में रविवार को हुई राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने जोर आजमाइश की। इस दौरान हुए रोमाचंक मुकाबले में गोरखपुर के आकाश ने सोहगौरा के भोला यादव को पटकनी देकर लोगों में उत्साह भर दिया। प्रतियोगिता की शुरुआत सपा नेता प्रदीप यादव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य सीताराम यादव ने पहलवानों का हाथ मिला कर किया। गोरखपुर के विकास यादव और सरहरी के मनोज यादव के बीच कुश्ती बराबरी पर रहा, दोनों पहलवान निर्धारित समय में एक दूसरे को हरा नहीं सके। देवरिया के धर्मपाल यादव को गोरखपुर के सूरज पासवान ने चरखी दांव में उलझा कर आसमान दिखा मुकाबला जीत लिया। पकड़पुरा के सत्यवीर सिंह और सरहरी के अमन यादव के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। रुद्रपुर के मनोज यादव ने बड़हलगंज के संजय यादव को हराया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने सीसीटीवी से चिन्हित कर अंतर्जनपदीय आरोपी को दबोचा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



> सीओ रानीगंज ने बताया कि एक महिला के अनुसार वह एटीएम में पिन बनाने गई थी तभी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके एटीएम कार्ड को बदल लिया गया। जब उसके खाते से 34800 रुपये निकाल लिये गये तब उसे जानकारी हुई। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज के जरिये पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर उसे गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मोबाइल, लैपटॉप, मोटरसाइकिल, चौबीस हजार नकद व तमाम एटीएम कार्ड बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

जिले की देल्हूपुर थाने की पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ाने वाले एक अंतर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में एटीएम कार्ड, नकदी और चोरी के अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पकड़ा गया आरोपी भोले-भाले लोगों को मदद के बहाने निशाना बनाता था। बता दें कि बीते 11 मार्च को मान्धाता थाना क्षेत्र के पनियारी गांव की एक महिला विश्वनाथगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में पिन सेट करने गई थी। वहां मौजूद एक शातिर ने मदद के बहाने महिला का एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसके खाते से 34,880 रुपये पार कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर के निर्देशन में थाना प्रभारी राधेश्याम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के एनएसजी होटल के पास से आरोपी सुरेन्द्र सरोज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 46 एटीएम कार्ड, 24 हजार नकद, एक लैपटॉप, एक मोबाइल व दो मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुरेन्द्र ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह लालगंज थाना इलाके के रहने वाले अपने साथी आर्यन के साथ मिलकर एटीएम में पिन सेट करने या पैसा निकालने में मदद के बहाने लोगों के कार्ड बदल देता था। आरोपी ने विश्वनाथगंज में महिला के साथ हुई ठगी की बात भी कबूली है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी के फरार साथी की तलाश कर रही है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



> सीओ रानीगंज ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में दोनों पक्षों से दस नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। घटना में घायल दो आरोपियों का अस्पताल में ईलाज चल रहा है। स्वस्थ होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा। साथ ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर दी गई हैं।

जिले की रानीगंज थाने की पुलिस ने थाना इलाके के गम्भीरपुर गांव में बीते शनिवार को दो गुटों के बीच हुए विवाद व फायरिंग के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि बीते शनिवार को थाना इलाके के गम्भीरपुर गांव में रात साढ़े आठ बजे मस्जिद के पास दो पक्षों के बीच आपसी कहासुनी को लेकर फायरिंग हुई। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद एक-दूसरे पर असलहों से फायरिंग की गई। घटना के दौरान अजमत अली उर्फ शोएब अली व रंजीत उर्फ मेजर पुत्र रामबहादुर सिंह निवासी रतनमई गोली लगने से घायल हो गये जिन्हें उनके साथियों द्वारा उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से दस नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मौके पर उच्च अधिकरियों द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक भूकर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न पुलिस टीमों का गठन किया गया। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर के कुशल पर्वेक्षण में रानीगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों अमरेश त्रिपाठी उर्फ टिंकू व राज सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि प्रशान्त सिंह व आदित्य शर्मा बुलेट से थे व राज व रंजीत उर्फ मेजर अपाचे पर थे, हनीफ चौराहा (मेढौली) गए तो वहां अजमत अली उर्फ शोएब अली , सरफराज उर्फ रावा, फैजल और उसके साथ कुछ लड़के वहां थे। वहां कुछ पुरानी बात को लेकर कहा सुनी हुई इसके बाद हम लोग गंभीरपुर की तरफ से रानीगंज जाने लगे तो ये लोग पीछे से आकर गंभीरपुर तिराहे पास मोड़ पर ही रोक लिए और हम लोगो से गहमागहमी करन लगे। तो रंजीत उर्फ मेजर ने गुस्से में आकर जान से मारने की नियत से विपक्षियो पर फायर कर दिया तभी सरफराज उर्फ रावा और अजमत अली भी असलहे से हम लोगों के ऊपर फायर किए जिससे रंजीत उर्फ मेजर को बाये हाथ में गोली लग गई और अजमत को भी गोली लगी। जिसके बाद सभी वहाँ से भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया।

### देवरहा बाबा, राघवदास का नाम लेकर खुद को देवरिया से जोड़ा

**देवरिया।** केंद्रीय उद्यमिता व कौशल विकास राज्यमंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अपने भाषण की शुरुआत देवरहा बाबा और बाबा राघवदास का नाम लेकर किया। इस बहाने उन्होंने देवरिया की जनता से खुद को जोड़ते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देवरिया क्रांति की धरती है। यह बाबा राघवदास की धरती है। यह देवरहा बाबा की धरती है। यह चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्री होने के नाते जब भी मौका मिलेगा हम सहयोग करेंगे। उन्होंने रामाशीष राय को सज्जन नेता बताते हुए कहा कि वैसे तो सभी नेता सज्जन होने चाहिए, पर अभी कुछ तो सज्जन हैं। मंत्री की इस बात पर ठहाके लगे। उन्होंने रामाशीष राय के लिए समर्थन की अपील लोगों से किया। केंद्रीय मंत्री ने अपने दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि जमींदारी का खात्मा चौधरी चरण सिंह ने किया।

# अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में एसआई अमित सिंह चौकी प्रभारी भगवा व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना इलाके के भगवा चुंगी रेलवे क्रासिंग के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध देशी पिस्टल व चार जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मो. महरोज उर्फ मोजे जेठवारा थाना इलाके के उदापुर गांव एवं रुद सिंह नगर कोतवाली थाना इलाके के दहिलामऊ का रहने वाला है। पुलिस ने इनके कब्जे से बरामद मोटर साइकिल को एमवी एक्ट में सीज कर दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया।

# दूसरे दिन 1072 परीक्षार्थियों ने छोड़ी एसआई भर्ती परीक्षा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा में रविवार को दूसरे दिन जिले के सात केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुई। परीक्षा में कुल 4320 अभ्यर्थी नामांकित थे, जिसमें से 1072 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा में 3248 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को परिसर में प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई।

यूपी पुलिए एसआई भर्ती परीक्षा के लिए जिले में सात केंद्र बनाए गए थे। इसमें हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद, एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज खलीलाबाद, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद, संतकबीर आचार्य रामविलास इंटर कॉलेज मगहर और पीबी गर्ल्स इंटर कॉलेज खलीलाबाद शामिल रहा। पहले दिन शनिवार को 4320 अभ्यर्थी नामांकित थे, जिसमें से 1125 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी थी। परीक्षा में 3195 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

दूसरे दिन रविवार को 4320 अभ्यर्थी नामांकित थे। इसमें से 3248 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 1072 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तैनात रहा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई। पहली पाली में कुल 2160 अभ्यर्थी नामांकित थे। उसमें से 557 ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली की परीक्षा दिन में दो बजे शुरू हुई। इसमें कुल 2160 नामांकित थे। उसमें से 515 ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा शुरू होने से पहले आठ बजे से अभ्यर्थियों को परिसर में तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। प्रवेश पत्र व आधार कार्ड से एक-एक अभ्यर्थियों का मिलान हुआ। परीक्षा केंद्रों के बाहर किसी को रुकने नहीं दिया गया। इसके साथ ही पुलिस कर्मी परीक्षा केंद्र के आसपास किसी को भी ठहरने नहीं दिया। यहां तक की वाहनों को नहीं खड़े होने दिया। मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों के बेल्ट तक निकलवा दी गई। परीक्षा समाप्ति तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार भ्रमण करती रहीं।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा में कुल 4320 अभ्यर्थी नामांकित थे। उसमें से 1072 ने परीक्षा छोड़ दी है। जबकि 3248 अभ्यर्थी शामिल हुए है। किसी भी केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है। सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आया किशोर, झुलसा

**कुशीनगर।** विकासखंड क्षेत्र के जमुरिया कलां गांव में रविवार को एक किशोर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे मेंहदावल सीएचसी ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों का कहना है कि दो बार विद्युत वितरण खंड से शिकायत दर्ज करने के बाद भी तार नहीं हटाया गया। इसकी वजह से हादसा हुआ। यदि लाइट न कटी होती तो जान चली जाती। रविवार को दोपहर में 15 वर्षीय किशोर शशांक साहनी पुत्र विक्रम साहनी निवासी जमुरिया कलां अपने घर की छत पर किसी काम से गया। परिजनों का कहना है कि दो घरों के बीच से हाईटेंशन बिजली के तार गए हैं, जिसकी चपेट में वह आ गया। विद्युत तार की चपेट में आते ही विद्युत आपूर्ति बंद हो गई, जिससे वह नीचे गिर गया। वह झुलस गया है। परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल ले गए।

# भगवान की भक्ति से ही मनुष्य का जीवन सफल होता है: आचार्य शिवेश शास्त्री

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के विकासखंड मंगरौरा क्षेत्र के शिवपुर गांव में भागवताचार्य पं. भास्कर द्विवेदी के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण के बीच भावपूर्ण समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास शिवेश शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्तों के प्रति उनके प्रेम और धर्म की स्थापना के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और पूरा पंडाल ÷राधे-राधे÷ व ÷जय श्रीकृष्ण÷ के जयकारों से गूंज उठा।कथा व्यास शिवेश शास्त्री महाराज ने अंतिम दिवस पर श्रीमद् भागवत के मुख्य संदेश भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से ही मनुष्य का जीवन सफल होता है और सभी दुखों से मुक्ति मिलती है। अंतिम दिन सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण उपदेश और मोक्ष का महत्व जैसे प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा व्यास महराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भाव का प्रतीक है। सुदामा के प्रति भगवान का स्नेह यह दर्शाता है कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम से बंधे रहते हैं।

कथा के समापन पर मुख्य यजमान भास्कर द्विवेदी ने प्रभु भागवत भगवान की आरती उतारी। भक्तों ने एक साथ स्वर में आरती गाई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक ने भक्तों से महाप्रसाद में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।


अप्रमाणित रिपोर्ट देने वाले ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर पर सीएमओ की चुप्पी क्यों! कार्रवाई कब?

# ओझा डायग्नोस्टिक 5 साल से दे रहा है बिना सिग्नेचर रिपोर्ट!

## सीएमओ साहब अब भी क्यों खामोश?

## 2022 से 2026 तक बिना सिग्नेचर रिपोर्ट क्यों जारी होती रहीं, जिम्मेदारी किसकी ?

### जन एक्सप्रेस के जनहित मे सवाल


- 2021 से 2026 तक बिना सिग्नेचर रिपोर्ट क्यों जारी होती रहीं?
- अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट बिना रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर कैसे दी गई?
- क्या बिना सिग्नेचर रिपोर्ट को वैध माना जा सकता है?
- बिना हस्ताक्षर रिपोर्ट की जिम्मेदारी किसकी होगी?
- क्या स्वास्थ्य विभाग ने कभी सेंटर की जांच कराई?
- इतने वर्षों तक यह मामला सामने क्यों नहीं आया?
- क्या नियमों की अनदेखी कर रिपोर्ट जारी की गई?
- क्या इस मामले में विभाग कार्रवाई करेगा?


जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिले के कैली रोड, जिला अस्पताल के पास स्थित ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सवालों के घेरे में है। जन एक्सप्रेस की पड़ताल में यह सामने आया है कि वर्ष 2022 से 2026 तक कई अल्ट्रासाउंड और जांच रिपोर्टें बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के हस्ताक्षर के जारी की गई हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुसार किसी भी डायग्नोस्टिक जांच रिपोर्ट पर संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर के हस्ताक्षर होना आवश्यक माना जाता है, ताकि रिपोर्ट की प्रमाणिकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके।

जन एक्सप्रेस के पास उपलब्ध कई रिपोर्टों में यह साफ दिखाई दे रहा है कि उन पर रेडियोलॉजिस्ट या संबंधित डॉक्टर के हस्ताक्षर नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना हस्ताक्षर के रिपोर्ट आखिर किस आधार पर मरीजों को दी जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच में डॉक्टर के हस्ताक्षर बेहद जरूरी होते हैं, क्योंकि उसी के आधार पर मरीज का इलाज और आगे की चिकित्सकीय प्रक्रिया तय की जाती है। हालांकि इस पूरे मामले पर ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से यह तर्क दिया जा रहा है कि कभी-कभी मरीजों की जल्दबाजी के कारण रिपोर्ट पर सिग्नेचर नहीं हो पाते। लेकिन अब यह सवाल उठने लगा है कि यदि यह केवल जल्दबाजी का मामला है, तो फिर पिछले पांच वर्षों से लगातार बिना सिग्नेचर वाली रिपोर्टें कैसे जारी होती रहीं। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर लोगों की निगाहें स्वास्थ्य विभाग और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) पर टिकी हुई हैं कि क्या इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित केंद्र के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी।


बस्ती जिले का ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर दे रहा है अप्रमाणित रिपोर्ट?


OJHA Diagnostic Centre


OJHA Diagnostic Centre

### सीएम के आदेश की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं बस्ती के सीएमओ! नहीं उठाते सीयूजी फोन?

बस्ती में स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) का रवैया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मुख्यमंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अधिकारी अपने सीयूजी फोन पर आने वाली कॉल को प्राथमिकता से उठाएं, और यदि किसी कारणवश कॉल रिसीव न हो पाए तो बाद में संबंधित व्यक्ति को कॉल बैक करना सुनिश्चित करें। इसके बावजूद बस्ती के सीएमओ पर इन निर्देशों की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं।

ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर से जुड़े गंभीर मामले पर जन एक्सप्रेस ने सीएमओ से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया। मंगलवार से अब तक उनके सीयूंजी नंबर पर कई बार कॉल किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इतना ही नहीं, लगातार प्रयास के बावजूद उनकी ओर से कोई कॉल बैक भी नहीं आया।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब एक गंभीर जनहित के मामले में जिम्मेदार अधिकारी मीडिया और जनता की कॉल तक रिसीव नहीं कर रहे हैं, तो स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी। अब देखना होगा कि इस पूरे मामले पर विभाग क्या रुख अपनाता है।

### 5 साल से बिना सिग्नेचर

### रिपोर्ट पर विभाग चुप

बस्ती मे ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामने आई कई रिपोर्टों में डॉक्टर या रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर नहीं मिले हैं। बताया जा रहा है कि वर्ष 2022 से 2026 तक ऐसी कई रिपोर्टें जारी की गईं। अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच में विशेषज्ञ के हस्ताक्षर अनिवार्य माने जाते हैं। इसके बावजूद बिना सिग्नेचर रिपोर्ट दिए जाने से जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है।

### जल्दबाजी का बहाना या लापरवाही? वर्षों से बिना हस्ताक्षर रिपोर्ट

ओझा डायग्नोस्टिक सेंटर, बस्ती की जांच रिपोर्टों को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कई रिपोर्टें ऐसी सामने आई हैं जिन पर विशेषज्ञ डॉक्टर या रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर नहीं हैं। सेंटर की ओर से इसे मरीजों की जल्दबाजी बताया जा रहा है, लेकिन यदि यही कारण है तो वर्षों से बिना हस्ताक्षर रिपोर्ट जारी होना कई सवाल खड़े करता है। स्वास्थ्य मानकों के अनुसार किसी भी जांच रिपोर्ट पर डॉक्टर के हस्ताक्षर आवश्यक माने जाते हैं। ऐसे में इस पूरे मामले की जांच की मांग उठने लगी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस पिकेट के 100 मीटर के आसपास तीन दुकानों का ताला टुटा एक दुकान में चोरी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। करीब डेढ़ माह बाद थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने पुनः दस्तक दी है। अज्ञात चोर पुलिस पिकेट के 100 मीटर के आसपास तीन दुकानों का ताला टुटा एक दुकान में चोरी। और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। आरोप है कि चोर एक दुकान से 35 हजार की नगदी व 40 हजार के कपड़ा निकाल ले गये। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इमलिया सुल्तानपुर थाना व गाँव स्थिति सीतापुर गोला सड़क मार्ग पर बैंक व कई दुकान प्रतिष्ठान स्थापित हैं। सोमवार की बीती रात्रि करीब डेढ़ बजे रोड किनारे स्थित एक अंग्रेजी शराब दुकान पर अज्ञात चोर पहुंचे। जहाँ लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोरों की चहल कदमी कैद हो गई। हालांकि दुकान का ताला तोड़ने के बाद चोर चोरी करने में असफल रहे। वहीं कुछ दुरी पर स्थित लक्ष्मी कान्त पुत्र नत्थाराम की मोबाइल दुकान का भी ताला तोड़ दिया। चोर यहाँ भी असफल रहे। बताते हैं कि चोरों ने इन्ही दुकानो पास एक ज्वैलर्स की दुकान को भी निशाना बनाया। जिसे लोग संदिग्ध मान रहे हैं। वहीं गाँव के उत्तर भाग में एक कपड़े की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। परवेज आलम पुत्र सकूर अली का आरोप है कि चोर करीब 35 हजार नगद व 40 हजार के कपड़े चोरी कर ले गये। थाना पुलिस घटनाओं की सत्यता सीसीटीवी फुटेज के सहारे जांच रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया जा रहा है। इमलिया सुल्तानपुर गाँव की बाजार व सड़क मार्ग पर पीआरवी 112 की डियुटी रहती है। वहीं बैंक, ब्लाक,अस्पताल, बीआरसी आदि की सुरक्षा को लेकर पुलिस पिकेट है। जहाँ स्थानीय थाने की पुलिस डियुटी निभाती है। थानाध्यक्ष व अन्य गस्ती गाड़ी के गुजरने पर पीआरवी व पिकेट पुलिस अलर्ट होकर सलूट मारती है। फिर रात भर चोर तांडव करते रहे। और मौके पर तैनात पुलिस अनजान बनी रही। ऐसी सुरक्षा को लेकर लोगों में भारी आक्रोश दिख रहा है। हर कोई पिकेट पुलिस पर सवाल उठा रहा है।

### बिजली विभाग ने काटा प्राथमिक विद्यालय का कनेक्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद स्थानीय कस्बे में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय का बिजली कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा काट दिए जाने से सोमवार को विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने के कारण पेयजल की व्यवस्था ठप हो गई और बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती छाया सिंह ने बताया कि विद्यालय में पहले सामान्य बिजली मीटर लगा हुआ था, जिसे बाद में बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिया गया था। पिछले महीने तक स्मार्ट मीटर सही तरीके से कार्य कर रहा था, लेकिन शनिवार को अचानक बिजली विभाग ने विद्यालय का कनेक्शन काट दिया। उन्होंने बताया कि जब विभाग से संपर्क कर जानकारी ली गई तो पता चला कि विद्यालय में प्रीपेड मीटर लगा दिया गया है और करीब 19 हजार रुपये के बकाए के चलते कनेक्शन काटा गया है। प्रधानाध्यापिका का आरोप है कि बिजली विभाग ने विद्यालय को सरकारी संस्था के बजाय निजी संस्थान की श्रेणी में दर्शा दिया है, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सोमवार को विद्यालय में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के बाद बच्चों के सामने पीने के पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि बच्चों के लिए शिक्षकों को अपने निजी खर्च से आरओ का पानी मंगवाना पड़ा। विद्यालय परिसर में एक हैंडपंप भी लगा है, लेकिन वह खराब हालत में है और उससे गंदा पानी निकलता है। प्रधानाध्यापिका के अनुसार इसकी शिकायत नगर पंचायत से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक उसे ठीक नहीं कराया गया है।

## रसोई गैस की किल्लत और मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

### गैस एजेंसियों पर लगी लम्बी कतारें सरकार के नाकामियों और झूठ का है ज्वलंत प्रमाण - डा प्रमोद कुमार सिंह



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

रसोई गैस की सिलेंडर की भारी किल्लत और उसके मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के समझ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सोमवार को जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान धरना-प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि देश मोदी सरकार के झूठे, जुमलों और नाकामियों की सजा झेल रहा है, हर तरफ अफरातफरी, भय और अविश्वास का माहौल खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि रसोई गैस के लिए गैस एजेंसियों पर लम्बी लाइनें और भारी भीड़ जमा हो रही है, एक तरफ सरकार झूठे दावे कर रही है कि गैस सिलेंडर सबको मिल रहा है किन्तु सच्चाई यह है कि गैस सिलेंडर न मिलने के कारण एजेंसियो पर भारी भीड़ लगी हुई है और लोगो के घरों में चूल्हे नहीं जल रही है। कांग्रेस नेता डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आपदा के समय में एलपीजी रसोई गैस और कामर्शियल सिलेंडरों की मूल्य में भारी बढ़ोत्तरी करके मोदी सरकार ने जनता के पाकेट पर डाका डालने का काम किया है। प्रमोद सिंह ने कहा कि गैस बुकिंग टोल-फ्री नम्बर काम करना बंद कर दिया है। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि देश में जब से भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से देशवासियों को लाइन में ही खड़ा होना पड़ रहा है, यह सरकार जनता को सहूलियत और सुविधाएं देने में विफल साबित हो गयी है। आरिफ खान ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि यदि दावे सही है तो गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ और लोगों की लाइनें क्यौ लगी हुई है, जनता अपना काम धाम छोड़कर गैस सिलेंडर के लिए दौड़ रही है। इस मौके पर प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, देवराज पांडेय, शेर बहादुर सिंह, राकेश सिंह डब्बू, लाल प्रकाश पाल, विनय तिवारी, सभासद शाहनवाज मंजूर, इरशाद खान राजू,शशांक शेखर तिवारी, अनिल दूबे आज़ाद, राजकुमार गुप्ता, अजय सोनकर, मोहम्मद सद्दाम, रईस अहमद, शब्बू भाई मोहम्मद ताहिर, रोहित सोनकर, रिजवान अब्बास, अरविन्द यादव, जय प्रकाश मिश्रा, प्रवेश निषाद, शैलेंद्र यादव, विनय मिश्रा, सुरेश चंद दुबे, जब्बार सलमानी, दयाशंकर पटेल, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुकदमे से परेशान युवक की मौत का आरोप

### आक्रोशित ग्रामीणों ने लोहिंदा चौराहे पर लगाया जाम



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

महराजगंज। क्षेत्र के मजीठी गांव में एक युवक की मौत को लेकर रविवार को ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्रयागराज मार्ग स्थित लोहिंदा चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और लोगों को समझाने का प्रयास करता रहा। मृतक की पत्नी वंदना सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति संतोष सिंह के खिलाफ गांव की एक महिला द्वारा कुछ दिन पहले छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उनका कहना है कि यह मुकदमा फर्जी तरीके से दर्ज कराया गया था।

वंदना सिंह के अनुसार गांव के बृजेश जायसवाल से एक व्यक्ति का विवाद चल रहा था, जिसमें उनके पति ने बृजेश जायसवाल के खिलाफ गवाही दी थी। इसी से नाराज होकर बृजेश जायसवाल ने अपनी पत्नी सुमन जायसवाल के माध्यम से उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

परिजनों का आरोप है कि मुकदमे के बाद पुलिसकर्मी लगातार उनके पति को फोन कर और घर पहुंचकर 50 हजार रुपये की मांग करते थे तथा पैसे न देने पर जेल भेजने की धमकी देते थे। इसी मानसिक तनाव के कारण संतोष सिंह की तबीयत खराब हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी अस्पताल ले गए, जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने शव को प्रयागराज मार्ग स्थित लोहिंदा चौराहे पर रखकर जाम लगा दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। खबर लिखे जाने तक चौराहे पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने के आरोप निराधार हैं। पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## पुलिस की घोर लापरवाही से एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गयी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



चंदवक थाना क्षेत्र हत्या के तीन दिन पूर्व मृतक युवक ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी जान का खतरा बताया था। उसका अब एक वीडियो और प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

पुलिस में दी गयी शिकायत के बाद शिकायत कर्ता युवक की आरोपी युवक ने हत्या कर दी ,लेकिन पुलिस केवल हांथ पर हाथ धरे बैठी रही।परिवारीजनों का मानना है कि पुलिस समय रहते कार्यवाही कर देती तो सच्चिदानंद की जान बच सकती थी।

जानकारी के मुताबिक थाना चंदवक क्षेत्र के गोबरा गांव निवासी सच्चिदानंद मिश्र पुत्र रामचरन की रविवार रात लगभग 10 बजे निर्मम हत्या कर दी गई।

मृतक सच्चिदानंद के परिवार वालो ने बताया कि कई दिनों से गांव के विष्णू मिश्रा व उसके साथी कुछ लोग रंजिशन सच्चिदानंद को जान से मारना चाहते थे।

जिसके लिए मृतक सच्चिदानंद ने अपनी जान को खतरा बताते हुए थाना चंदवक पुलिस स्टेशन में एक लिखित शिकायत दिया।

लेकिन परिवार वालो का कहना है तीन दिन तक पुलिस थाने पर बुलाकर मामले में टाल मटोल करती रही।

मृरक के पिता रामचरण ने बताया कि मेरे बेटे को विश्वाश में लेकर उसे फोन करके किसी ने विष्णु के पाही पर बुलाया और कई लोगो ने उसे मारा, जिससे उसकी मौत हो गई।

पिता ने कहा कि पुलिस को भी तीन दिन पहले ही मेरे बेटे ने शिकायत करते हुए अपनी जान का खतरा बताया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की, अंततः मेरे बेटे की हत्या कर दी गयी।

मृतक के मामा तीर्थराय दूबे ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि इस मामले में पुलिस के बड़े अधिकारी की निगरानी में एक एसआईटी का गठन कर जांच कराई जाए, इसके साथ ही उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अगर पुलिस पहले ही सक्रिय हो जाती तो आज मेरे भांजे की जान बच जाती।

तीर्थराय दूबे, मृतक का मामा

वहीं इस मामले में एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने एक वीडियो बयान जारी कर बताया कि थाना चंदवक क्षेत्र के गांव गोबरा में सच्चिदानंद मिश्र नामक युवक की हत्या कर दी गयी है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।तथा दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें जेल भेजने की कार्यवागी की जा रही है।

एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृस्टिय पूछताछ में हत्यारोपी विष्णू ने बताया कि मृतक का उसकी पत्नी के साथ संबंध होने का उसे शक था,

इसलिए उसने उसके सिर पर भारी वस्तू से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

## मस्जिद में समाजसेवी मोहम्मद सलीम अहमद ने किया, रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बक्शा स्थानीय मोहल्ला के शम्भूगंज बाजार मस्जिद में समाजसेवी मोहम्मद सलीम अहमद ने रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया । इस अवसर पर बडी संख्या में लोगों सामिल हुए। एक साथ बैठे और रोजा इफ्तार कर आपसी भाईचारे मोहब्बत और सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मजलिस से हुई संबोधित करते हुए मौलाना नीजामुदीन साहब कहा कि रमजान का महीना सब्र इबादत, इंसानियत और जरूरतमंदो की मदद का पैगाम देता है। इस पवित्र महीने में इंसान को अपने अंदर अच्छाइयों को बढ़ाने और समाज में मोहब्बत व भाईचारा कायम करने का प्रयास करना चाहिए। मजलिस के बाद नमाज़ से अदा की गई,जिसकी इमामत मौलाना नीजामुदीन साहब ने कराई। नमाज़ से पहले उन्होंने रोज़े की फजीलत और उसकी अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रोजा केवल भूख प्यासा रहने का नाम नहीं है। बल्कि यह इंसान को सब्र,तकवा और इंसानियत की राह पर चलने की तालीम देता है। नमाज़ के बाद रोजेदारों और मेहमानों ने सामूहिक रूप से इफ्तार किया। इफ्तार के दौरान खजूर फल शरबत और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद सलीम अहमद ने रोजेदारों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसान को एकता सेवा और सहिष्णुता का संदेश देता है। और इस तरह के सामूहिक इफ्तार कार्यक्रम समाज में सकारात्मक माहौल बनाने काम करते हैं।

इस मौके पर डॉ आजाद, मोहम्मद सलीम, अलाउद्दीन, मोहम्मद मंनतन, मोहम्मद जब्बार, पत्रकार शाहिद खान, मोहम्मद फैंस, मोहम्मद बंडूल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और देश दुनिया में अमन चैन और सुकून दुआएं मांगी गई।

## फर्मों की मनमानी के खिलाफ शिक्षक संघ का विरोध, कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



विद्यालयों में कुछ फर्मों द्वारा जबरन सामान उपलब्ध कराए जाने के आरोप को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध जताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संघ के जनपदीय अध्यक्ष चंद्रिका सिंह एवं मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल बीएसए कार्यालय पहुंचा और पूरे प्रकरण से अवगत कराया।

शिक्षकों ने बताया कि शासन द्वारा विद्यालयों के खातों में आवश्यक सामग्री क्रय के लिए धनराशि भेजी गई है और भुगतान पीएमएमएस के माध्यम से किए जाने का निर्देश है। इसके बावजूद कुछ बाहरी फर्मों के प्रतिनिधि विद्यालयों पर पहुंचकर शिक्षकों पर जबरन सामान खरीदने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर बीएसए कार्यालय का नाम लेकर घटिया व निम्न गुणवत्ता के सामान लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है तथा मना करने पर कार्रवाई कराने की धमकी भी दी जा रही है।

शिक्षक संघ ने मांग की कि विद्यालयों को अपनी आवश्यकता व सुविधा के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सामग्री खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए तथा जबरन सामान उपलब्ध कराने वाली फर्मों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। यदि किसी विद्यालय पर जबरन सामान देने या दबाव बनाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित फर्म के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में हरेंद्र यादव, डॉ. प्रमोद सिंह, दुर्गेश यादव, प्रताप नारायण चौधरी, सुरेश गौड़, राकेश पांडेय, शिव प्रकाश सिंह, मुरलीधर, संजय यादव, मंगला मौर्य, बृजेश मिश्र व सनद पटेल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### मनबढ़ो ने पिता पुत्र को धारदार से हमला कर किया घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के इमलों गांव में दो मनबढ़ो ने चाकू से हमला कर पिता पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पिता को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल से वाराणसी के लिए रेफर कर दिया है जबकि पुत्र का उपचार अभी चल रहा है।

मामला कुछ इस तरह का बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासी हृदय नारायण उम्र लगभग 50 वर्ष आदर्श कुमार उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र हृदय नारायण पिता पुत्र सोमवार लगभग 7 :00 बजे बाजार से बाइक से घर पहुंचे ही थे कि इनकी जनरल स्टोर के बगल में सब्जी बेचने वाले दो मनबढ़ो ने चाकू से ताबड़तोड़ दोनों के सिरों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गये। परिजन ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाए। यहां पर चिकित्सकों ने हृदय नारायण का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर देखकर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## परिवार न्यायालय जौनपुर में परामर्शदाता के 3 पदों पर आवेदन आमंत्रित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर ने अवगत कराया है कि द्यद्यड्डद्धड्डड्डस्र ॥द्बद्द ष्टश्वह्वह्ल के निर्देशों के अनुपालन में परिवार न्यायालय जौनपुर में परामर्शदाता (काउंसलर) के 3 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों को अग्रिम कार्यवाही हेतु त्न्श1द्गह्लठ्ठद्गठ्ठह्ल श्वद्ब ह्लह्लड्डद्ध क्चड्डस्रद्गह्यद्ध को अग्रसारित किया जाएगा। इन पदों के लिए वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जो समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में स्नातक डिग्री धारक हों तथा सामाजिक कार्य का अनुभव रखते हों। सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री तथा पारिवारिक काउंसलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। आवेदक की आयु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक न्यूनतम 35 वर्ष और अधिकतम 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। परामर्शदाता का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। यह नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थी न्यायालय में संविदा के आधार पर कार्य करेंगे। नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार 1000 प्रति कार्य दिवस अथवा अधिकतम 24,000 प्रति माह (जो भी कम हो) मानदेय के रूप में देय होगा। इच्छुक पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र, आवश्यक शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियों सहित 28 मार्च 2026 तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर में किसी भी कार्य दिवस पर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं।

# न्याय न मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**मैलानी थाना के अंतर्गत कुकरा चौकी प्रभारी द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा न दर्ज कर खुद अपने हिसाब से लिखवाकर की एफआईआर**



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता 72 वर्षीय आयशा बेगम पत्नी मुख्तार खां ग्राम कुकरा थाना मैलानी जिला लखीमपुर खीरी ने बताया उसका दामाद सिकन्दर आजम का कुकरा में धर्मकांटा है। उसी धर्मकांटे पर पीड़िता का पुत्र शाबान बैठ सारी देख-रेख करता था जिस पर पास के रहने वाले आदिल पुत्र जाकिर अपने लोड ट्रेक्टर ट्राली का वजन पिछले कई महीनों से करा रहा था जिस पर कुल बकाया 600 रुपए पीड़िता के पुत्र शाबान की जिम्मेदारी पर उधारी चल रही थी। जब पीड़िता के दामाद ने पीड़िता के पुत्र शाबान से कहा आदिल से उधारी छः सौ रूपया दिलाओ तब पीड़िता के पुत्र शाबान ने दिनांक 5 मार्च 2026 को उधारी की मांग करते हुए कहा कि धर्म कांटे का बकाया जमा करो जाकर तब विपक्षी आदिल ने गाली देकर ये कहा क्या हम बेइमानी कर लेंगे और भी बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए चला गया और ये कहा कि आइन्दा तगादा किया तो एक बीघा जमीन बेचकर निपट लेंगें। घटना दिनांक 6 मार्च 2026 समय लगभग शाम 7 बजे पीड़िता अपने घर पर थी तभी अचानक जाकिर पुत्र माजिद, आदिल, आजम, साहिलपुत्रगण जाकिर पीड़िता के घर पर एक राय होकर लोहे की राड, मोटरसाइकिल की चैन लेकर आये और पीड़िता के पुत्र शाबान को आवाज दी शाबान से पहले छोटा पुत्र इमरान घर से बाहर आया तो उसके सिर पर लोहे की राड से जानलेवा हमला किया इमरान के चीखने पर शाबान बाहर आये तो देखा छोटे भाई इमरान के सिर पूरा खून से सना हुआ था शाबान के आ जाने पर आदिल ने लोहे की राड से शाबान के सिर पर वार किया शाबान ने बचाव किया तो राड सिर पर न लगकर दाहिने तरफ की हसली पर लगी हसली टूट गई जो मेडिकल रिपोर्ट एक्स-रे में स्पष्ट रूप से आया इस मामले का मास्टरमाइंड गुड्डू व उसका भाई रईश पुत्रगण रसीद है। जिसके कहने पर विपक्षियों ने इस घटना को अंजाम दिया। गुड्डू व उसका भाई रईश पुरानी दुश्मनी का कारण था इन्ही लोगो ने पीड़िता के पुत्रों को पकड़ लिया और विपक्षीगण पीड़िता के पुत्रों पर जानलेवा प्रहार करते रहे। जाकिर पुत्र माजिद जो आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो कोई न कोई षड्यंत्र रच सकता है। इस शिकायती पत्र को पीड़िता ने दिनांक 7- मार्च-2026 को दिया कुकरा चौकी प्रभारी अब्लिश कुमार ने पीड़िता से 22 हजार रूपए लेने के बावजूद 50 हजार रूपए और मांगे जा रहे पीड़िता की तहरीर बदल कर अंगूठा लगाकर मु0अ.सं.0050/2026 धारा 115(2), 452, 351(2) बी एन एस में एफआईआर दर्ज की जिसकी जानकारी तहरीर पढ़वाने के बाद हुई पीड़िता अनपढ़ अगूठा छाप है मामले की विवेचना अब्लिश कुमार कर रहे हैं और 50 हज़ार रुपए की पुनः डिमांड कर रहे हैं और बीएनएस की धारा 126,135 में चालान की धमकी दे रहे हैं। महोदय 22 हजार रूपए लिए गए 50 हज़ार की पुनः डीमांड की गई तथा तहरीर बदली गई मेडिकल रिपोर्ट में सच्चाई सामने आने के बावजूद पुलिस से न्याय नहीं मिला उल्टे दबाव डाला जा रहा है की कुकरा चौकी और रूपए देने का नाम आया तो वह हाल किया जाएगा की सात पुस्ते याद करेगी। पीड़िता के मेडिकल के आधार पर एफआईआर में धारा बढाई जाए 11 दिनों से न्याय के लिए दर दर भटक रही पीड़िता के दोनों चोटिल पुत्रों का इलाज और विपक्षियों की धमकी पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई से आत्महत्या के लिए मजबूर हैं। सोमवार को पीड़िता जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी से मिली इसके बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती और कोई अप्रिय घटना घटित होती तो उसके जिम्मेदार मैलानी पुलिस व विपक्षी होंगे।

क्योंकि पीड़िता का कहना है आरोपी लगातार जानमाल की धमकी दे रहे हैं अभी तो मारा पीटा अब जान से मार देंगे शव पुलिस तक नहीं ढूंढ पाएगी देखते हैं पुलिस अधीक्षक मामले में क्या संज्ञान लेती है जो भविष्य के गर्भ में है।

## रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

गंगा जमुना तहजीब के तहत रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन हिन्दू मुस्लिम, भाई चारे की दिखी मिसाल समाजसेवी व सपा महामंत्री लक्ष्मण गुप्ता के माध्यम से कराया गया रोजा इफ्तार सैकडों की तादाद मे रोजेदार हुऐ शामिल सांसद आनंद भदौरिया ने रोजा इफ्तार मे हुऐ शामिल मुल्क की तरक्की और भाई चारे की मांगी गयी दुआएं रोजा अफतार मे पूर्व मंत्री आर.ए.उस्मानी, पूर्व अध्यक्ष मोबिन खा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चंद त्रिवेदी, प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, डॉक्टर जुबेर खान, क्रांति कुमार सिंह, कार्तिक तिवारी, जयकरण बाजपेई, दानिश अब्दुला, नगर अध्यक्ष इकरार खान, सगीर आलम सिद्दीकी, अभिषेक पाडे, शमशुद्दीन मसूरी, डाक्टर अब्दुल हमीद, राजन वाल्मीकि रामसागर यादव, अकरम सिददीकी सहित अन्य लोग भी रहे मौजूद।

## गन्ना काट रहे किसान पर बाघ का हमला, दर्दनाक मौत

**वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश**

**घटनास्थल पर दो घंटे के बाद भी नही पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी**

**हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने स्थित को किया काबू**



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

महेशपुर वन रेंज क्षेत्र से सटे आबला बीट के नंदलालपुर गांव में सोमवार शाम 3 बजे एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ एक बाघ के हमले में 36 वर्षीय एक किसान मनोज कुमार (पुत्र गजोधर लाल) की जान चली गई। घटना के बाद से जहाँ पीड़ित परिवार में मातम पसरा है, वहीं ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, क्योंकि सूचना के बावजूद विभाग की टीम मौके पर पहुंचने में दो घंटे से अधिक का समय लगा दिया। जानकारी के अनुसार, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंदलालपुर निवासी मनोज कुमार सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे अपने घर से जानवरों के लिए गन्ने का चारा काटने निकले थे। गांव के दक्षिण में स्थित अपने गन्ने के खेत में वे लगभग 3 बजे गन्ने की 'आग' (ऊपरी हिस्सा) काट रहे थे, तभी अचानक गन्ने के खेत से एक बाघ निकला और मनोज पर जानलेवा हमला कर दिया।बाघ के हमले से मनोज बुरी तरह घायल हो गए। उनकी पीठ और चेहरे पर गंभीर घाव लगे। घटना स्थल पर मौजूद अन्य किसान, जो पास में ही गन्ना छील रहे थे, मनोज की चीख-पुकार सुनकर मौके की ओर दौड़े और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ खेतों के अंदर ही भाग गया।घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने बिना देर किए मौके पर पहुँचे। पुलिसकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल मनोज को तुरंत अपनी गाड़ी में लादकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद मनोज को बचाया नहीं जा सका, और अस्पताल पहुँचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।इस दुखद घटना के बाद से मनोज के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणो ने बताया कि मृतक की लगभग एक महीने बाद शादी होनी थी, वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा और आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग की टीम दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मौके पर नहीं पहुँची, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग समय रहते सक्रिय होता तो शायद ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थीं। इस घटना ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष और वन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वही थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील मलिक ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाले हुये है।

## मंदिर पर चोरों ने बोला धावा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में सुंदरवल चौकी के अंतर्गत ग्राम सिकटिहा कुसुमौरी स्थित श्रीकुबेर धाम मंदिर पर चोरों ने धावा बोलकर वहां लगे बल्ब हॉर्न व तार आदि चुरा ले गए तथा मंदिर में लगा हुआ नल भी तोड़ डाला अभी थोड़े समय पहले अक्टूबर 2025 में इस मंदिर का निर्माण हुआ था तब से इस मंदिर में ग्रामीण लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं। मंदिर में हुए इस वारदात की सूचना ग्रामीणों ने सुंदरवल पुलिस चौकी को दी पुलिस ने मौके का मुआयना कर ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि करीब 6 माह पूर्व इसी ग्राम में देवी मंदिर व गुरुद्वारे में भी चोरी को अंजाम दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई चोर पकड़े नहीं जा सके हैं।

## साजिश रचकर युवक को फंसाने का आरोप

**उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग**


जनसुनवाई
सन्दर्भ संख्या : 40015326011391

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत चिमनी गाँव निवासी आशीष वर्मा ने यूपी सीएम पोर्टल पर पुलिस अधीक्षक खीरी को संबोधित शिकायत दर्ज करायी है जिसमें गाँव के रहने वाले लोगों पर साजिश के साथ फंसाने का आरोप लगाया है।पीड़ित आशीष वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी ग्राम पंचायत चिमनी थाना खीरी ने दी गई शिकायत में कहा है कि घटना दिनांक 13 मार्च 2026 को शाम करीब 7:00 बजे की है जब वह अपना कार्य निपटाकर घर के लिए जा रहा था तभी गांव में मकान के पड़ोस गांव के रिश्ते में चाची हैं जो किसी काम से रास्ते पर जा रही थी और वहीं पीड़ित भी अपने घर जा रहा था तभी गांव के ही रहने वाले विपक्षी शिवनाथ पुत्र विश्राम जो शराब के नशे में था आया और पीड़ित से उपरोक्त चाची को लेकर बेबुनियाद मनगढ़ंत मिथ्या आरोप लगाकर लड़ाई झगड़ा करने लगा और उक्त चाची के साथ छेड़छाड़ जैसा आरोप लगाने लगा वही गांव के रिश्ते में चाची जो मामले में बीच बराव करते हुए अपने साथ कोई घटना न होने को कहती रही लेकिन उपरोक्त विपक्षी शिवनाथ नशे में होने के कारण उपरोक्त चाची से साजिश के साथ मुझ पीड़ित से गाली गलौज करते हुए चाची से अपने साथ छेड़छाड़ जैसा बेबुनियाद आरोप लगवाने का दबाव उपरोक्त चाची से करने लगा किंतु उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया तब विपक्षी शराब के नशे में होने के कारण सभी को जान से मारने की धमकी देने लगा और कहा कि तुम लोगों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा दूंगा।विपक्षी को ऐसा करते समय गांव के कई लोगों ने देखा और सुना तथा विपक्षी को समझाने का प्रयास किया किंतु वह सभी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता रहा। पीड़ित ने किसी तरह उपरोक्त विपक्षी के घर वालों को सूचना दी जिस पर घर वाले विपक्षी को लेकर चले गए किंतु दो दिन बाद पीड़ित के खिलाफ मारपीट जैसा आरोप लगाकर झूठे बेबुनियाद मनगढ़ंत आरोप लगाकर शिकायत कर दी है।

पीड़ित आशीष का कहना है कि विपक्षी नशे का आदी है और नशा करके गिरता रहता है जिस कारण वह मुझको मानसिक शारीरिक रूप से परेशान कर सके इसलिए ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। पीड़ित आशीष ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

## जनप्रतिनिधियों की बिजली विभाग के साथ हुई अहम बैठक

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विकास भवन सभागार में सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने रीवैप योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श हुआ। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बिजली से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के कारण ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और फाल्ट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर विभागीय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर पुराने और कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को बदलने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही जर्जर तारों और खंभों को बदलने का कार्य भी चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान देकर फाल्ट निस्तारण की व्यवस्था को और तेज किया जाए। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी समेत बिजली विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा विभिन्न डिवीजनों के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

बैठक के अंत में सभी ने समन्वय के साथ काम करते हुए गर्मी के मौसम में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## प्रशासन की टीम कोर्ट के आदेश पर मकान गिराने पहुंची किसान परिवार समेत टंकी पर चढ़ा, हंगामा



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

ईसानगर थाना क्षेत्र के हसनपुर कटौली गांव में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब अदालत के आदेश पर प्रशासन की टीम बृजेश सिंह का मकान गिराने पहुंची। कार्रवाई की सूचना मिलते ही बृजेश सिंह अपने परिवार के साथ गांव स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। दो घंटे की मान-मनौव्वल के बाद उन्हें नीचे उतारा गया।सोमवार सुबह एसडीएम शशिकांत मणि, सीओ शमशेर बहादुर सिंह सहित प्रशासन की टीम अदालत के आदेश के अनुपालन में पुलिस बल के साथ गांव पहुंची थी। जैसे ही मकान गिराने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी हुई तो बृजेश सिंह परिवार सहित पानी की टंकी पर चढ़ गए। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।इसी दौरान किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई रोकने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की।

करीब दो घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। काफी मान-मनौव्वल के बाद बृजेश सिंह और उनके परिवार को टंकी से नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रशासन ने घर को खाली कराने के बाद बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रही है। कटान पीड़ितों के अनुसार जिस जमीन पर वे आकर बसे, वह पहले जगदंबा पुत्र राजनारायण के नाम दर्ज थी। वर्ष 2011 में वसीयत के आधार पर यह जमीन राजा अभिनाश सिंह और इरा सिंह के नाम दर्ज हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने राजा अभिनाश सिंह से जमीन खरीदी थी, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बाद में शेष जमीन शिवशंकर सेठ को बेच दी गई और 12 अगस्त 2015 को बैनामा कर दिया गया।आरोप है कि बैनामे में चौहद्दी गलत दर्ज कराई गई। वर्ष 2015 में ही शिवशंकर सेठ ने मुकदमा दायर कर दिया। लंबी सुनवाई के बाद 22 जनवरी 2026 को अदालत ने ब्रजेश सिंह के मकान को गिराने का आदेश दे दिया। बताया जा रहा है कि जमीन को लेकर राजा अभिनाश सिंह और शिवशंकर सेठ के बीच भी न्यायालय में वाद लंबित है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस परिवार का मकान गिराया जाना है, वह बेहद गरीब है। परिवार में पत्नी सहित चार बेटियां और एक बेटा है। ऐसे में कार्रवाई होने पर पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की दोबारा जांच कराने की मांग की है।

## होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन



**विधायक सांगा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। विधनू ब्लॉक के कठेरुआ गांव में विधायक अभिजीत सिंह सांगा द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं फूलों की होली ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात मुंबई से आये पार्श्व गायक जूनियर उदित नारायण ने अपने गीत 'मै निकला गड्डी लेकर' गाया तो युवा वर्ग झूमने को मजबूर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राधा कृष्ण की झाकी में एवं फूलों की होली में सभी सराबोर हो गये।

होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से मानवेंद्र सिंह, राधेश्याम पाण्डेय, चंद्रेश जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान, पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, रामदेव शुक्ला, आरपी कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा हजारों की तादात में पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

## बिल्हौर पुलिस ने गैंग लीडर/ हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार, थाना बिल्हौर उपनिरीक्षक कपिल कुमार, चौकी प्रभारी कस्बा उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार हेड कांस्टेबल संजीव मिश्रा कांस्टेबल विवेक यादव बिल्हौर पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिल्हौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैंग लीडर और हिस्ट्रीशीटर अपराधी भरत कालिया उर्फ प्रवीन कटियार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम के पर्यवेक्षण और सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में थाना बिल्हौर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी भरत कालिया उर्फ प्रवीन कटियार पुत्र स्व. शिवनारायण, निवासी अशोक नगर कस्बा व थाना बिल्हौर (हाल पता ग्राम दलेलपुर, थाना बिल्हौर) को माननीय न्यायालय एसीजेएम-3 द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर पकड़ा गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना बिल्हौर में मु0अ0सं0 72/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ बिल्हौर थाने समेत अन्य थानों में मारपीट, धमकी, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। लंबे समय से वह पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था।

## बचपन की तस्वीर से मिस यूपी तक पहुंची अंशिका, नकली ताज से असली क्राउन तक का सफर




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर की प्रतिभाशाली बेटी अंशिका गुप्ता ने अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर सौंदर्य प्रतियोगिता के मंच पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मैकेनिकल इंजीनियर अंशिका ने हाल ही में आयोजित मिस उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप बनकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे कानपुर का नाम रोशन किया है। अंशिका की सफलता की कहानी भी बेहद दिलचस्प है। बचपन में स्टूडियो में नकली ताज पहनकर खिंचवाई गई एक तस्वीर आज हकीकत बन चुकी है। दरअसल, उस समय उनकी मां ने मजाक-मजाक में बेटी को ताज पहनाकर फोटो खिंचवाई थी। उसी तस्वीर को याद करते हुए अंशिका बताती हैं कि मां की वही अधूरी ख्वाहिश उन्हें मिस यूपी के मंच तक ले आई। कानपुर जर्नलिस्ट क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अंशिका ने बताया कि यह उनका पहला ब्यूटी पेजेंट था और पहली ही कोशिश में रनर-अप बनना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि भले ही पहला स्थान न मिला हो, लेकिन रनर-अप का ताज घर लाना भी उनके लिए बेहद खास है। अंशिका ने भावुक होकर कहा कि आज कहीं न कहीं उन्होंने अपनी मां का सपना पूरा कर दिया है। उनका लक्ष्य अब मिस इंडिया और आगे चलकर मिस यूनिवर्स का ताज जीतना है।

### रैंप वॉक के दौरान मां की तालियों ने बढ़ाया हौसला

मिस यूपी के ग्रैंड फिनाले में जब अंशिका रैंप वॉक कर रही थीं, तब नीचे बैठी उनकी मां लगातार तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ा रही थीं। बेटी की सफलता की खुशी उनकी आंखों में साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी कहा कि उन्होंने किसी मां को अपनी बेटी के लिए इतना उत्साहित पहले कभी नहीं देखा।

### ऑडिशन में चयन की खबर सुनते ही खुशी से झूम उठीं

अंशिका ने बताया कि मिस यूपी प्रतियोगिता के ऑडिशन में करीब 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। पहले इंट्रोडक्शन राउंड हुआ और उसके बाद फोन कॉल के जरिए अगले राउंड के लिए चयन की सूचना दी गई। जब उन्हें कॉल आया तो वह खुशी से झूम उठीं, क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पहली ही कोशिश में उनका चयन हो जाएगा। इसके बाद एक सप्ताह का ग्रूमिंग सेशन हुआ, जिसमें रैंप वॉक, स्टेज प्रेजेंस, कम्युनिकेशन और आत्मविश्वास से बोलने की ट्रेनिंग दी गई। अंशिका गुप्ता की शुरुआती पढ़ाई कानपुर के डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, अवधपुरी से हुई। इसके बाद उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने अपने सपनों को भी हमेशा प्राथमिकता दी और मॉडलिंग के क्षेत्र में कदम रखा। फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंशिका ने पहले मिस कानपुर नगर का खिताब जीता और इसके बाद ग्रैंड फिनाले में मिस उत्तर प्रदेश फर्स्ट रनर-अप बनकर नई उपलब्धि हासिल की।

अंशिका का कहना है कि वह अपने इस मंच के जरिए समाज की बेटियों और युवतियों को प्रेरित करना चाहती हैं।

उनका मानना है कि हर लड़की को बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने का साहस भी रखना चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय फॉरएवर स्टार इंडिया के संस्थापक राजेश अग्रवाल को देते हुए कहा कि यह मंच देश की बेटियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर दे रहा है। अंशिका की इस उपलब्धि से कानपुर में खुशी का माहौल है और लोग इसे शहर के लिए गर्व की बात मान रहे हैं।

## गांवों तक दौड़ेंगी निजी बसें, सीएम ग्राम परिवहन योजना से खुलेंगे नए रूट

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत लोग अपना वाहन ग्रामीण रूट पर लगा सकते हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से करार के बाद इन गाड़ियों को ग्रामीण रूट पर चलाया जा सकता है। इसके लिए लोग सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। एआरएम गीता सिंह ने कहा कि वाहन क्षमता 15-28 सीटर और गाड़ी का आयु अधिकतम आठ वर्ष होनी चाहिए। अनुबंध की अवधि 10 वर्ष, आवेदन शुल्क दो हजार रुपये, सिक्योरिटी पांच हजार रुपये प्रति वाहन और मासिक शुल्क 1500 रुपये निर्धारित है। उन्होंने कहा कि करार के बाद इन गाड़ियों के परमिट शुल्क में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी। पूरी कमाई वाहन मालिक की होगी, जिसमें निर्धारित सीमा तक किराया वसूली का अधिकार होगा। मार्ग, फेरे और समय का निर्धारण भी वाहन मालिक करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। चयन की प्रक्रिया 15 से 24 दिन में पूरी होगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में प्रभावितों को राशि और बीमा देयता वाहन मालिक की होगी। योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच और चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। समिति में सीडीओ, एआरटीओ और एआरएम शामिल होंगे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के दूरदराज गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026' के जरिए अब ग्राम पंचायतों तक सीधी और सस्ती परिवहन सुविधा पहुंचाने की तैयारी है। योजना के तहत निजी बस संचालकों की मदद से ऐसे ग्रामीण मार्गों पर छोटे वाहन चलाए जाएंगे, जहां परिवहन निगम की बसें कम या बिल्कुल नहीं चलतीं। सरकार का लक्ष्य है कि गांवों से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी, सुरक्षित और नियमित परिवहन सेवा उपलब्ध हो। इसके लिए 15 से 28 सीट क्षमता वाली छोटी बसें ग्रामीण सड़कों पर दौड़ेंगी।

# ईरान की सैन्य शक्ति ध्वस्त : डोनाल्ड ट्रंप बोले, होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान को सैन्य रूप से हरा दिया है और उसकी वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का मुकाबला करने के लिए वह अन्य देशों से बातचीत कर रहे हैं ताकि वे होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में सहयोग करें।

### जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर जोर

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा 'हम होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अन्य देशों से बात कर रहे हैं, क्योंकि यह उनके लिए भी महत्वपूर्ण है। चीन, उदाहरण के तौर पर, अपनी 90% तेल आपूर्ति इसी जलडमरूमध्य से करता है। यह अच्छा होगा अगर अन्य देश भी हमारे साथ मिलकर इसकी सुरक्षा करें।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका सैन्य सहायता भी प्रदान करेगा और उनके साथ मिलकर काम करेगा।

### ईरान की सैन्य पर हमला

ट्रंप के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के हवाई अड्डों और वायु रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, 'ईरान के पास अब कोई वायु रक्षा प्रणाली नहीं है। हमने उनके नेतृत्व को भी निशाना बनाया है। सैन्य दृष्टि से यह अद्भुत रहा है। हमने खर्ग द्वीप पर हमला किया है। '

### बातचीत के लिए ईरान की तत्परता पर संदेह

ईरान द्वारा बातचीत की पहल पर ट्रंप ने कहा वे बातचीत करना चाहते थे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे अभी तैयार हैं। मुझे लगता है कि वे कुछ समय बाद तैयार होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की मिसाइलों और ड्रोन निर्माण क्षमता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा ईरान की मिसाइलें अब बहुत कम बची हैं। हम उनके ड्रोन बनाने की क्षमता को भी नष्ट कर रहे हैं। हम उन जगहों को निशाना बना रहे हैं जहां वे ड्रोन बनाते हैं। ट्रंप ने नाटो और यूक्रेन का भी जिक्र किया और कहा कि अमेरिका हमेशा अपने सहयोगियों के साथ खड़ा है। उन्होंने जोर दिया कि जलडमरूमध्य को खुला रखना एक छोटा सा प्रयास है जिसके लिए अन्य देशों का सहयोग आवश्यक है।

### 'यूएस जलडमरूमध्य की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा'

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा एक ऐसा काम है जिसे अमेरिका को करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसकी आवश्यकता उन देशों को है जो इस मार्ग पर निर्भर हैं। ट्रंप ने बताया कि वर्षों से अमेरिका इस जलडमरूमध्य की निगरानी कर रहा है और इसमें शानदार प्रदर्शन किया है। ट्रंप ने आगे कहा कि अब जब युद्ध लगभग समाप्त हो चुका है और ईरान की सैन्य क्षमता काफी हद तक कम हो गई है, तो यह अच्छा होगा कि अन्य देश भी इसमें योगदान दें। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने दो विमान वाहक जहाज होर्मुज की ओर भेजने में हिचकिचाहट दिखाई थी, जबकि अमेरिका पहले ही स्थिति को नियंत्रण में ले चुका था। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि चाहे समर्थन मिले या न मिले, अमेरिका ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह इस जलडमरूमध्य की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा और इसे याद रखा जाएगा। उनके अनुसार, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि युद्ध से पहले ही रणनीतिक तैयारियां पूरी हों, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता बनी रहे।

### ईरान मीडिया में हेरफेर और एआई का दुरुपयोग कर रहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर मीडिया में हेरफेर करने और दुष्प्रचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर जारी एक पोस्ट में कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन झूठी खबरें फैलाने में माहिर है, खासकर फेक न्यूज मीडिया को। ट्रंप के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब ईरान का एक नया हथियार बन गया है, जिसका उपयोग वह अपनी कमजोर सैन्य स्थिति को छुपाने और अपनी शक्ति का झूठा प्रदर्शन करने के लिए कर रहा है।

### अमेरिकी सैन्य विमानों और जहाजों पर झूठी रिपोर्टिंग

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान द्वारा दिखाई गई कामिकाजी बोट्स जो समुद्र में जहाजों पर हमला करती हुई दिखाई जाती हैं, वे वास्तव में मौजूद नहीं हैं। यह सब झूठी जानकारी है जिसका उद्देश्य यह दिखाना है कि उनका सैन्य बल कितना कठोर है, जबकि हकीकत में वे हर दिन हार का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने विशेष रूप से द वॉल स्ट्रीट जर्नल और अन्य मीडिया आउटलेट्स द्वारा की गई रिपोर्टिंग की आलोचना की, जिसमें दावा किया गया था कि पांच अमेरिकी ईंधन भरने वाले विमानों को मार गिराया गया है और बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये सभी विमान सेवा में हैं, सिवाय एक के, जो जल्द ही उड़ान भरने लगेगा। इसी तरह, आग की लपटों में घिरे दिखाए गए भवनों और जहाजों की तस्वीरें भी झूठी हैं।

# गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार की सख्ती, 18 गिरफ्तार और 1208 गैस सिलिंडर जब्त



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच गैस की संभावित कमी और कालाबाजारी को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री बच्चू कडू ने बताया कि गैस सिलिंडर की अवैध बिक्री और जमाखोरी के खिलाफ राज्यभर में कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत कई जगह छापेमारी की गई और बड़ी संख्या में सिलिंडर जब्त किए गए। सरकार का कहना है कि आम लोगों को गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। मंत्री बच्चू कडू ने विधान परिषद में बताया कि राज्य सरकार ने अब तक 23 मामले दर्ज किए हैं और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिलों में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त समितियां बनाई गई हैं, जिन्होंने राज्यभर में 2129 छापे मारे। इन छापों में 1208 एलपीजी सिलिंडर और करीब 33.66 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है। सरकार का कहना है कि यह कार्रवाई गैस की कृत्रिम कमी और जमाखोरी रोकने के लिए की गई है।

### क्या गैस की कमी की आशंका है?

सरकार ने साफ किया है कि राज्य में रसोई गैस, एलपीजी और पाइप्ड गैस की कोई कमी नहीं है। मंत्री ने बताया कि उन्होंने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से बातचीत की है। इन कंपनियों ने जानकारी दी है कि गैस उत्पादन बढ़ाकर 9 मीट्रिक टन से 11 मीट्रिक टन कर दिया गया है। इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### केरोसिन को पेट्रोल पंपों पर बेचने की योजना क्यों?

सरकार ने यह भी कहा है कि जरूरत पड़ने पर केरोसिन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी। राज्य में केरोसिन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सहयोग से पेट्रोल पंपों के माध्यम से केरोसिन उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य यह है कि अगर कहीं एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित होती है तो लोगों को वैकल्पिक ईंधन मिल सके।

### एलपीजी वितरण में किसे मिलेगी प्राथमिकता?

सरकार ने एलपीजी सिलिंडर के वितरण को लेकर प्राथमिकता तय की है। सबसे पहले घरेलू उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, श्मशान घाट, वृद्धाश्रम और अनाथालय जैसी सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। रक्षा क्षेत्र, रेलवे, हवाई यातायात, पुलिस और जेलों को भी गैस आपूर्ति में प्राथमिकता दी जाएगी। दवा, बीज और मत्स्य पालन से जुड़े उद्योगों को भी गैस उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया है।

# सीएपीएफ कैडर अफसरों के समर्थन में आए कांग्रेस अध्यक्ष 'खरगे'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कैडर अफसरों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में खरगे ने पीएम मोदी से आग्रह किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट द्वारा कैडर अफसरों के हितों से संबंधित जो फैसला दिया गया था, उसे लागू कराने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सीएपीएफ के उन कैडर अफसरों को राहत मिली थी, जो अपने हितों, खासतौर से 'पदोन्नति' एवं दूसरे आर्थिक फायदों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मूल भावना के साथ लागू किया जाए। इस तरह के मामले में सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए 'वैधानिक हस्तक्षेप' का सहारा लेना, यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के 'स्तंभ' यानी कैडर अफसरों के उत्साह को तोड़ने वाला होगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पत्र में लिखा है कि सीएपीएफ अधिकारी, सीमा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए एक रीढ़ का काम करते हैं। वे विषम परिस्थितियों में नागरिकों की रक्षा सुनिश्चित करते हैं। इन अधिकारियों को समय पर न तो पदोन्नति मिल रही है और न ही दूसरे वित्तीय फायदे। इसके लिए इन कैडर अफसरों को अदालतों की मदद लेने के लिए मजबूर किया गया है। पिछले साल 23 मई को सीएपीएफ कैडर अफसरों के करियर प्रोग्रेशन के संबंधित एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीएपीएफ में 'एसएजी' (वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड) स्तर तक के पदों पर आईपीएस की प्रतिनियुक्ति को सरकार, अगले दो साल में धीरे-धीरे कम करे। इन बलों में आईपीएस के चलते सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, पदोन्नति में पिछड़ जाते हैं। उन्हें नेतृत्व का अवसर नहीं मिल पाता। सभी कार्यों के लिए 'संगठित समूह ए सेवा' (ओजीएएस) पैटर्न' लागू हो। सेवा और भर्ती नियमों में बदलाव हो। छह महीने में 'कैडर रिव्यू' किया जाए। केंद्र सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 'पुनर्विचार याचिका' दायर की, मगर वह भी खारिज हो गई। अवमानना केस में सरकार को नोटिस जारी हो गया। अब सरकार के पास, सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए वैधानिक संशोधन के अलावा दूसरा विकल्प नहीं बचा। इसके चलते अब केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 लाया गया है। इसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। अब इसे संसद में पेश करने की तैयारी हो रही है।

### 'संगठित सेवा के रूप में मान्यता दी'

कांग्रेस पार्टी के नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के पत्र को टैग करते हुए लिखा, 17 साल का मुकदमा, सुप्रीम कोर्ट के दो स्पष्ट आदेश, एक खारिज पुनर्विचार याचिका, अब इन सबको रद्द करने के लिए एक विधेयक, ताकि परोक्ष रूप से सीएपीएफ पर आईपीएस का नियंत्रण बहाल किया जा सके। यह 'सुधार' नहीं है, बल्कि कानून के शासन और उन हजारों कैडर अधिकारियों पर सीधा हमला है, जिन्होंने अपना जीवन भारतीय सीमाओं और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रक्षा करने, महत्वपूर्ण सार्वजनिक हस्तियों को सुरक्षा प्रदान करने, आपदा प्रबंधन करने और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में व्यतीत किया है। जब न्यायालय ने सीएपीएफ ग्रुप ए को सभी कैडर मामलों के लिए संगठित सेवा के रूप में मान्यता दी है और आईपीएस प्रतिनियुक्ति में चरणबद्ध कमी का आदेश दिया है, तो संसद को एक शक्तिशाली लॉबी के लिए अपीलीय मंच नहीं बनाया जा सकता। यह मामला संस्थाओं के प्रति सम्मान, जमीनी स्तर पर तैनात बलों की गरिमा और सेवा में समानता के मूलभूत सिद्धांत से संबंधित है।

# धोखे से धर्म परिवर्तन पर सख्ती : फडणवीस ने नए बिल का किया बचाव, महिलाओं के शोषण को रोकने का भी किया दावा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार का नया धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन रोकने वाला बिल खास तौर पर महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में महिलाओं को झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी की जाती है और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह कानून जरूरी है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मंत्रालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उनका कहना है कि अगर विपक्षी दल इस बिल को ठीक से पढ़ेंगे तो उन्हें इसमें किसी समुदाय के खिलाफ कुछ भी नजर नहीं आएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य सिर्फ जबरदस्ती, लालच या धोखे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है।

### क्या है महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026?

सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026 पेश किया है। इस बिल में ऐसे धर्म परिवर्तन पर कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है जो जबरदस्ती, धोखे, लालच या शादी के बहाने कराए जाते हैं। इस प्रस्तावित कानून के अनुसार अगर कोई व्यक्ति शादी का बहाना बनाकर धर्म परिवर्तन करवाता है तो उसे 7 साल तक की जेल और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। वहीं अगर यह अपराध महिला, नाबालिग, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किया जाता है तो सजा और भी सख्त होगी। ऐसे मामलों में सात साल तक की जेल और पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### 'महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है बिल'

सीएम फडणवीस ने कहा कि कई मामलों में महिलाएं किसी के साथ भागकर शादी कर लेती हैं, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसे हालात में उनकी जिंदगी मुश्किल हो जाती है, खासकर जब उनके बच्चे भी होते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल ऐसे मामलों का समाधान ढूंढने और महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इस बिल में एक और अहम प्रावधान यह है कि अगर कोई व्यक्ति अपना धर्म बदलना चाहता है तो उसे कम से कम 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट या अधिकृत अधिकारी को सूचना देनी होगी। इसके बाद अधिकारी इस जानकारी को सार्वजनिक करेगा और लोगों को 30 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया जाएगा। धर्म परिवर्तन होने के बाद उस व्यक्ति और समारोह आयोजित करने वाले व्यक्ति या संस्था को 21 दिन के अंदर प्रशासन को लिखित घोषणा देनी होगी। अगर किसी को लगता है कि धर्म परिवर्तन गलत तरीके से कराया गया है तो उस व्यक्ति के माता-पिता, भाई-बहन या रिश्तेदार पुलिस में एफआईआर दर्ज करा सकते हैं, और पुलिस को उस शिकायत पर कार्रवाई करनी होगी।

### 'महाराष्ट्र ऐसा कानून लाने वाला पहला राज्य नहीं'

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र ऐसा कानून लाने वाला पहला राज्य नहीं है। इससे पहले उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तराखंड जैसे कई राज्यों में भी इसी तरह के कानून बनाए जा चुके हैं। उन्होंने दोहराया कि इस कानून का मकसद किसी धर्म या समुदाय को निशाना बनाना नहीं, बल्कि धोखे और दबाव के जरिए होने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है।

# पश्चिम एशिया संकट के चलते 4,335 भारतीय और 1,187 विदेशी उड़ानें रद्द, राज्यसभा में सरकार का जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में बीते 17 दिनों से जारी संघर्ष का बड़ा असर वैश्विक ईंधन आपूर्ति के साथ-साथ उड़ान सेवा पर भी देखने को मिला है। इसी बात के मद्देनजर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारतीय एयरलाइंस ने अब तक 4,335 और विदेशी एयरलाइंस ने 1,187 फ्लाइट रद्द की हैं। नायडू ने कहा कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र बंद हो गया है, जिससे उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ है। इस दौरान नायडू ने यह भी साफ किया कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता यात्रियों और एयरलाइन कर्मियों की सुरक्षा है। नायडू ने बताया कि एयरस्पेस बंद होने के कारण वहां उड़ान भरने का कोई कारण नहीं है। इसके बावजूद, जब भी उड़ान संचालन की अनुमति मिली, भारतीय एयरलाइंस ने यात्राओं को संचालित किया। उन्होंने कहा कि संकट के दौरान लगभग 2,19,780 लोग सुरक्षित यात्रा कर पाए हैं।

### 'सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास जारी'

इसके साथ ही राज्यसभा में जवाब देते हुए मंत्री नायडू ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सिविल एविएशन महानिदेशालय (डीजीसीए)लगातार उन देशों के नियामकों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हम वहां सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन पहले एयरस्पेस खुलना और सुरक्षित होना जरूरी है। तभी नियमित उड़ान संचालन संभव है। नायडू ने यह भी बताया कि कुछ हवाई क्षेत्र अभी भी बंद हैं, और सरकार यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्थिति सामान्य होने तक इंतजार कर रही है।

# बारामती उपचुनाव : सुनेत्रा पवार के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारेगा शरद पवार गुट, सुप्रिया सुले ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने सोमवार को एक बड़ा एलान किया। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी बारामती विधानसभा उपचुनाव में सुनेत्रा पवार के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। चुनाव आयोग ने रविवार को बारामती और राहुरी सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। इन दोनों सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। बारामती सीट पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन की वजह से खाली हुई है। वहीं राहुरी सीट भाजपा विधायक शिवाजी कर्डिले की मौत के बाद खाली हुई है। सुप्रिया सुले ने दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि वे अपनी भाभी सुनेत्रा पवार के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगी। राहुरी सीट को लेकर महाविकास अघाड़ी के दल अगले कुछ दिनों में चर्चा करके फैसला लेंगे।

# 'होर्मुज में युद्धपोत भेजने पर भारत का साफ रुख'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं हुई है। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कई देश इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच इस विषय पर कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारत इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और विभिन्न देशों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। उनका कहना था कि भारत का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना और समुद्री व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### ट्रंप ने किन देशों से युद्धपोत भेजने की अपील की?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कई देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने की अपील की थी। उन्होंने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देशों का नाम लेते हुए कहा कि इन देशों को इस समुद्री मार्ग को सुरक्षित और खुला रखने के लिए आगे आना चाहिए। हालांकि ट्रंप की इस अपील के बाद भी किसी देश ने तुरंत युद्धपोत भेजने की घोषणा नहीं की है।

### भारतीय जहाजों की आवाजाही को लेकर क्या स्थिति है?

हाल ही में दो भारतीय एलपीजी टैंकर 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित होकर गुजर चुके हैं। इन दोनों जहाजों में कुल करीब 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी था, जो भारत के लिए भेजा गया। बताया गया कि यह संभव तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच बातचीत हुई। इसके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बीच भी संपर्क बना रहा।

### भारतीय नौसेना की क्या भूमिका है?

भारत ने अब तक होर्मुज या लाल सागर में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक बलों में शामिल होने का फैसला नहीं किया है। हालांकि भारतीय नौसेना अपने झंडे वाले जहाजों की सुरक्षा के लिए समुद्र में तैनात रहती है। जरूरत पड़ने पर नौसेना भारतीय जहाजों को सुरक्षा देते हुए उनके साथ चलती है और अन्य देशों की नौसेनाओं के साथ समन्वय भी बनाए रखती है।

### भारतीय जहाजों और नाविकों की स्थिति क्या है?

शिपिंग मंत्रालय के अनुसार फारस की खाड़ी में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में फिलहाल 22 भारतीय झंडे वाले जहाज मौजूद हैं। इन जहाजों पर कुल 611 भारतीय नाविक तैनात हैं। इनमें एलपीजी टैंकर, एलएनजी जहाज और कच्चे तेल के टैंकर शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा है कि सभी नाविक सुरक्षित हैं और सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# बाल विवाह पर भारत की बड़ी पहल, संयुक्त राष्ट्र से वैश्विक दिवस घोषित करने की मांग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया भर में बाल विवाह की गंभीर समस्या को लेकर भारत से एक अहम आवाज उठी है। बाल अधिकार कार्यकर्ता और विधिवेत्ता भुवन ऋभु ने संयुक्त राष्ट्र से मांग की है कि बाल विवाह के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाए। उनका कहना है कि इससे दुनिया भर में इस अपराध के खिलाफ जागरूकता बढ़ेगी और सरकारों की जवाबदेही भी तय होगी। यह मांग ऐसे समय सामने आई है जब बाल विवाह आज भी कई देशों में बड़ी सामाजिक चुनौती बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन द स्टैटस ऑफ वूमन के 70वें सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में भुवन ऋभु ने कहा कि दुनिया में आज भी हर तीन सेकेंड में एक बाल विवाह हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल सामाजिक समस्या नहीं है बल्कि बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। उनके अनुसार बाल विवाह बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण और हिंसा का एक रूप है, जिसे कई बार परंपरा या संस्कृति के नाम पर छिपा दिया जाता है। भुवन ऋभु ने कहा कि बाल विवाह को खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर मजबूत जवाबदेही और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत है। उनका कहना है कि अगर संयुक्त राष्ट्र बाल विवाह उन्मूलन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करता है तो यह दुनिया भर के देशों के लिए एक मजबूत संदेश होगा। इससे सरकारों, समाज और संगठनों को मिलकर इस अपराध को खत्म करने के लिए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय का इस प्रस्ताव पर क्या रुख है?

इस कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं ने भी भाग लिया और इस मांग का समर्थन किया। सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो, नेपाल की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ सहित कई नेताओं ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक स्तर पर मजबूत पहल की जरूरत है। उनका मानना है कि एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित होने से इस मुद्दे पर दुनिया का ध्यान और ज्यादा केंद्रित होगा।

### भारत ने बाल विवाह रोकने में क्या प्रगति की है?

कार्यक्रम में भुवन ऋभु ने भारत की प्रगति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि बाल विवाह को रोका जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में देश में बाल विवाह के मामलों में बड़ी कमी आई है। आंकड़ों के अनुसार तीन साल से भी कम समय में भारत में बाल विवाह की दर 23 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार, समाज, समुदाय और धर्मगुरुओं की भागीदारी से यह बदलाव संभव हुआ है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव : वाम मोर्चा ने 192 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, मीनाक्षी मुखर्जी को टिकट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

**■ वाम मोर्चा का युवा चेहरा मानी जाने वाली मीनाक्षी मुखर्जी उत्तरपारा सीट से चुनाव लड़ेंगी**

वाम मोर्चा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 192 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में राज्यसभा के निवर्तमान सांसद विकास रंजन भट्टाचार्य और मीनाक्षी मुखर्जी जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। भट्टाचार्य जादवपुर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, वाम मोर्चा का युवा चेहरा मानी जाने वाली मीनाक्षी मुखर्जी उत्तरपारा सीट से चुनाव लड़ेंगी। मीनाक्षी मुखर्जी ने 2021 के नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में वह शुभेंदु और ममता बनर्जी के बाद तीसरे स्थान पर रही थीं। वाम मोर्चा ने कालीगंज सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की उम्मीदवार के रूप में सबीना यास्मीन को मैदान में उतारा है। वह छह साल की बच्ची तमन्ना की मां हैं, जिसकी पिछले साल जून में उपचुनाव की मतगणना के दिन कथित तौर पर जीत के जुलूस से फेंके गए देसी बम के विस्फोट में मौत हो गई थी। यह उपचुनाव तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जीता था। वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस ने कहा कि बाकी सीटों के उम्मीदवारों के नाम अगले तीन से चार दिनों के भीतर तय करके घोषित कर दिए जाएंगे। राज्य में 294 सीटों वाली विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को चुनाव होंगे। जबकि मतगणना चार मई को की जाएगी।